जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



The War That Legends Are Made Of

When all other methods failed, Major 'R' put his sten-gun on his chest and said, "This is the last chance for you." The lad bowed down, kissed the ground, stood up and said, "I am ready to die, now"

You'll not forget this 'bread'

Slowcooked to extract the maximum flavours, enough to revel in

# अब सिंधियों ने अलग ''सिंधु देश'' की माँग जोरों से उठाई पाकिस्तान में

## सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी अब काफी मुखर व साहसी हो गये हैं, सिंधु देश की माँग को लेकर चल रहे आंदोलन, प्रदर्शन की ''क्लिप'' दिखाने में

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 मई। बलूचिस्तान के बाद अब पाकिस्तान के सिंध प्रांत में भी स्वतंत्रता की मांग उठने लगी है। पाकिस्तान के हैदराबाद को उत्तरी शहरों से जोड़ने वाले राजमार्ग को सिंधी प्रदर्शनकारियों ने बंद कर दिया और ''सिंधु देश'' के नारे लगाते हुए पाकिस्तान की संघीय सरकार के खिलाफ धरना दिया।

सिंध के लोग अब अपनी अलग पहचान और अपनी भूमि को लेकर बेहद समर्पित और मुखर रूप से सामने आए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स भी अब काफी मुखर व साहसी हो गए हैं, सिंधु देश की मांग को लेकर चल रहे, आंदोलन व प्रदर्शनों की क्लिप्स दिखाने में। ये क्लिप्स पूरे देश या प्रांतों में हो रहे प्रदर्शनों और रैलियों को दिखा रही हैं। सिंध प्रांत का हैदराबाद शहर अब सिंधी विरोध और स्वतंत्रता संग्राम का प्रमुख केन्द्र बनता जा रहा है।

इन नारों की गूंज दक्षिणी पाकिस्तान के सिंध प्रांत में सुनाई दे रही है। सिंधी प्रदर्शनकारी, पंजाबियों द्वारा उनके क्षेत्र की ज़मीनों पर किए जा रहे कथित कब्जे के खिलाफ आवाज़ उठा रहे हैं। कराची को सरकार पहले ही संघीय क्षेत्र घोषित कर चुकी है, जिसका सिंधी लोग खुलकर विरोध कर रहे हैं।

- सिंधी लोग मुख्य रूप से, पाकिस्तान के प्रशासन में पंजाबियों का भारी ''आधिपत्य'' सा होने से परेशान हैं। पंजाब व सिंध के बीच इस मसले पर विवाद व कटुता कई सालों से चल रही है।
- अब सिंध के लोग इस ''आधिपत्य'' को समाप्त करने के लिये मानसिक रूप से काफी समय से तैयार हैं तथा अपने अलग स्वतंत्र राज्य की माँग कर रहे हैं।
- बलूचिस्तान के ''स्वतंत्रता'' आंदोलन की सफलता से प्रेरित होकर सिंध की जनता भी अपने अलग ''देश'' की माँग पुरजोर ढंग से उठा रही है और माँग की पूर्ति के लिये, किसी भी हद तक जाने को तैयार है।

सिंधी मूलतः उद्यमशील हैं और व्यापार में सफल रहे हैं और कराची पाकिस्तान का प्रमुख वाणिज्यिक केन्द्र है। लेकिन, पंजाबी वर्चस्व के कारण सिंधियों को सरकारी नौकरियों और नियुक्तियों में भेदभाव का सामना करना पड़ा है। पाकिस्तान सरकार में पंजाबी वर्चस्व बनाए रखने के कारण यह स्थिति बनी है।

सिंधी लोग, पाकिस्तान की राजनीति और प्रशासन में पंजाबियों के प्रभुत्व के विरुद्ध है। वे इस प्रभुत्व को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं और सिंध की आज़ादी की मांग को खुलकर उठा रहे हैं। पंजाब और सिंध के बीच जल बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है, जो अब और भी गहराता जा रहा है।

बलूचिस्तान में जो हो रहा है, उसे देखकर सिंधी भी अब अपनी आवाज़ बुलंद कर रहे हैं। इस सप्ताह बलूचों के एक कट्टरपंथी धड़े ने पाकिस्तान से स्वतंत्रता की घोषणा कर दी और संघीय सरकार व सुरक्षा बलों के खिलाफ हिंसक हमले तेज़ कर दिए हैं।

बलूचों के उदाहरण से सिंधियों को हिम्मत मिली है और वे भी अब खुलकर स्वतंत्रता की मांग करने लगे हैं। हालांकि, यह मांग वर्षों से दबे स्वर में चल रही थी, लेकिन, अब जब संघीय सरकार का नियंत्रण कमजोर होता जा रहा है है तो क्षेत्रीय और पृथकतावादी ताकतें अधिक मुखर हो गई हैं तथा आशावादी महसूस कर रही हैं।

पाकिस्तान की सरकार ने यदा-कदा होने वाले विरोध प्रदर्शनों के खिलाफ कठोर रवैया अपनाया था। कई आंदोलनकारियों को हिरासत में लिया गया और कई राष्ट्रवादी नेता लापता हो गए, जिनका कोई सुराग नहीं मिला है। अब यूट्यूब चैनल्स पर राष्ट्रवादी सिंधियों की रिहाई की मांग और गुमशुदा लोगों की जानकारी साझा की जा रही है। पाकिस्तान राज्य द्वारा अमानवीय यातना देना कोई नई बात नहीं है, लेकिन अब जनता इसके खिलाफ हथियार उठाने को तैयार दिख रही है। अन्य प्रांतों के मुकाबले सिंध अपेक्षाकृत शांतिप्रिय प्रांत रहा है और वहाँ हिंसा की घटनाएं सीमित रही हैं। लेकिन सरकार और पुलिस की हिंसा के कारण प्रदर्शन और भी उग्र होते जा रहे हैं। सरकार की नीतियां अब उल्टा असर डाल रही हैं और उग्र आंदोलन की ज़मीन तैयार कर रही हैं। भारत द्वारा पश्चिमी सिंधु नदियों के प्रवाह को नियंत्रित करने से पाकिस्तान में जल-संतुलन और अधिक बिगड़ सकता है और पंजाबी-सिंधी संघर्ष और कटु हो सकता है। पाकिस्तान के किसी भी प्रांत में अब पंजाबी वर्चस्व को सहन करने की सहनशीलता नहीं बची है और अलग-अलग हिस्से इस दमनकारी शासन को उखाड़ फेंकने के लिए आतुर दिख रहे हैं।

# हाई कोर्ट ने पेपर लीक केस में जमानत याचिकायें खारिज कीं

जयपुर, 17 मई। राजस्थान हाईकोर्ट ने महिला पर्यवेक्षक भर्ती-2018 का पेपर लीक करने वाले तुलछाराम और नकल कर परीक्षा पास करने वाली मंजू भामू की जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया है। जस्टिस आशुतोष कुमार की एकलपीठ ने यह आदेश दोनों आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिया।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि राजकीय सेवा के लिए अभ्यर्थी दिन रात मेहनत और लगन से पढ़ाई करते हैं। पेपर लीक से उनकी मेहनत बेकार चली जाती है। वहीं, इन दिनों नकल के मामले काफी बढ़ रहे हैं। ऐसे में आरोपियों को

- आरोपी तुलछाराम पर, महिला पर्यवेक्षक भर्ती-2018 का पेपर लीक करने का और मंजू भामू पर नकल करके परीक्षा पास करने का आरोप है।

जमानत पर रिहा नहीं किया जा सकता।

मंजू भामू की ओर से दायर जमानत याचिका में कहा गया कि उससे किसी तरह की बरामदगी नहीं हुई है। वहीं, उसे गिरफ्तारी का आधार तक नहीं बताया गया। वह गत 19 फरवरी से जेल में बंद है, जिससे चलते उसकी तीन साल की बच्ची की परवरिश प्रभावित हो रही है। इसलिए उसे जमानत दी जाए। तुलछाराम की ओर से कहा गया कि उसके खिलाफ 14 मामले दर्ज हुए थे, लेकिन अधिकांश में वह दोषमुक्त हो चुका है और कई मामलों में उसे जमानत मिल चुकी है। उसके खिलाफ जांच पूरी कर आरोप पत्र पेश किया जा चुका है

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस पार्टी की ''चॉयस'' से परेशान है आम कार्यकर्ता व नेता

## जैसा कि विदित ही है, एक संसदीय प्रतिनिधिमण्डल विश्व के पाँच महत्वपूर्ण और बड़े देशों की राजधानी जायेगा तथा ऑपरेशन सिंदूर के बारे में उन देशों की सरकारों को विस्तृत जानकारी देगा

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 मई। राहुल गांधी ने अपने चारों ओर ऐसे लोगों को इकट्ठा कर लिया है, जो पार्टी के हित में नहीं सोचते, बल्कि अपनी-अपनी राजनीतिक रोटियाँ सेंकने, निजी हिसाब-किताब चुकता करने और इस प्रक्रिया में पार्टी के सक्षम लोगों को बाहर निकालने की राजनीति में लगे हैं।

इसका एक उदाहरण शशि थरूर हैं। नरेंद्र मोदी सरकार ने उन्हें एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का प्रमुख नियुक्त किया है, जो दुनिया के पाँच प्रमुख देशों की राजधानियों में जाकर पाकिस्तान, आतंकवाद, ऑपरेशन सिंदूर आदि पर जानकारी देगा।

चूंकि वे विदेश मामलों की संसदीय समिति के अध्यक्ष हैं, इसलिए स्वाभाविक रूप से कांग्रेस को उनका नाम सरकार को भेजना चाहिए था।

लेकिन नहीं, पार्टी के नेता पार्टी के भीतर ही एक अलग किस्म का युद्ध लड़ रहे हैं।

कांग्रेस के मीडिया प्रमुख जयराम रमेश ने कहा कि जब सरकार ने चार नाम मांगे थे, तब कांग्रेस ने शशि थरूर का नाम नहीं भेजा।

- मोदी सरकार ने शशि थरुर को इस प्रतिनिधि मण्डल का नेता बनाया है। पर, कांग्रेस ने थरुर का नाम नहीं भेजा है, प्रतिनिधिमण्डल में कांग्रेस के प्रतिनिधि के रूप में शामिल होने के लिये।
- कांग्रेस द्वारा मनोनीत प्रतिनिधियों की लिस्ट में कई नाम और भी चौंकाने वाले हैं, जैसे, राजा बरार का नाम कांग्रेस के प्रतिनिधि के रूप में पार्टी को पच नहीं रहा।
- एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि, माना जातिगत समीकरण महत्वपूर्ण होते हैं, पार्टी द्वारा मनोनीत सदस्यों का नाम फाइनल करने में। पर, राजा बरार, जिसका भारत की विदेश नीति से दूर-दूर का संबंध नहीं रहा, उनका नाम प्रतिनिधिमण्डल में शामिल करने के लिये भेजना बड़ा अजीबोगरीब लग रहा है। जबकि, मनीष तिवारी का नाम क्यों कटा, इसकी वजह भी किसी को समझ नहीं आ रही।

लेकिन सरकार ने उन्हें कांग्रेस की ओर से नामित करते हुए इस महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल का प्रमुख बना दिया।

अब कांग्रेस खुद को बेहद हास्यास्पद स्थिति में पा रही हैऔर इसके पीछे है वेणुगोपाल और जयराम रमेश की आपसी राजनीति। अब जब थरुर का नाम सरकार की तरफ से आ गया है तो वे मुंह दिखाने की स्थिति में नहीं हैं।

अब राहुल गांधी से यह सवाल पूछा जाएगा कि क्या पार्टी में ''योग्यता के लिए कोटा'' भी तय किया जाना चाहिए।

जाति का ध्यान रखना ठीक है, लेकिन राजा बरार? क्या वे अंतर्राष्ट्रीय राजनीति की एबीसीडी भी समझते हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आनन्द शर्मा, गौरव गोगोई, डॉ. सैय्यद नासिर व राजा बरार, कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करेंगे

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 मई। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को बताया कि पाकिस्तान से भारत में की जाने वाली आतंकी घटनाओं के संबंध में भारत का पक्ष रखने के लिए अन्य देशों की यात्रा पर जाने वाले सांसदों के प्रतिनिधि मंडल के लिए कांग्रेस ने चार सांसदों के नाम दे दिए हैं।

सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट में रमेश ने बताया कि शुक्रवार सुबह संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजीजू ने कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष और

- थरुर का नाम जब कांग्रेस की तरफ से नहीं आया तो संसदीय मामलों के मंत्री किरण रिजीजू ने भारत सरकार की ओर से शशि थरुर का नाम जोड़ा, उस सात सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल की लिस्ट में, जो पाँच देशों की यात्रा करेगा, पाकिस्तान व आतंकवादियों के संबंधों को अच्छी तरह से उजागर करने के लिये।

मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से बात की थी। कांग्रेस से कहा गया है कि पाकिस्तान से आने वाले आतंकवाद पर भारत का पक्ष रखने के लिए विदेश यात्रा पर जा रहे प्रतिनिधिमंडल के लिए कांग्रेस चार नाम दे।

शुक्रवार दोपहर लोकसभा में विपक्ष के नेता के चार नाम दिए जो कांग्रेस की तरफ से प्रतिनिधिमंडल में शामिल होंगे, इनमें पूर्व केन्द्रीय मंत्री आनंद शर्मा, लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई, राज्यसभा सांसद सय्यद नासिर हुसैन और लोकसभा सांसद राजा ब्रार शामिल हैं।

आश्चर्य की बात है कि इसमें तिरुवनन्तपुरम के सांसद वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शशि थरुर का नाम नहीं है।

मंत्री किरण रिजीजू ने हालांकि ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विश्व को ब्रीफ करने वाले सात सांसदों की लिस्ट में शशि थरुर को शामिल किया है, जो विश्व को भारत के आतंकवाद के प्रति ज़ीरो टॉलरैंस की नीति का संदेश देंगे।

# यू ट्यूबर ज्योति पाक जासूस निकली

हिसार, 17 मई। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को गिरफ्तार किया गया है। हिसार पुलिस ने शनिवार को ज्योति को न्यायालय में पेश किया, जहां उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, 15 मई को

- हरियाणा पुलिस ने ज्योति को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, कोर्ट ने उसे 5 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा है।

उपाधीक्षक जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने ज्योति को उसके घर से गिरफ्तार किया। खुफिया ब्यूरो की टीम ज्योति से पूछताछ कर रही है। हिसार पुलिस के मुताबिक, ज्योति पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों के संपर्क में थी। वह सोशल मीडिया के माध्यम से भारत की गोपनीय जानकारी भेज रही थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# न्यायाधीश बेला त्रिवेदी की सुप्रीम कोर्ट से विदाई कई वर्षों तक चर्चित रहेगी

## सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने परम्परागत विदाई समारोह व विदाई भोज का बहिष्कार किया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 मई। भारत के सर्वोच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी ने 16 मई 2025 को सेवा निवृत्त हो गईं, लेकिन बेहद अप्रत्याशित अंदाज में, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) की ओर से उन्हें कोई औपचारिक विदाई नहीं दी गई। यह लंबे समय से चली आ रही परंपरा का स्पष्ट उल्लंघन था, जो न्यायपालिका और वकीलों, विशेष रूप से दिल्ली के वरिष्ठ वकीलों, के बीच तनावपूर्ण संबंधों को उजागर करता है।

हालांकि वर्तमान मुख्य न्यायाधीश और उनके कई सहयोगियों ने न्यायमूर्ति त्रिवेदी के योगदान की प्रशंसा की, लेकिन

- एसोसिएशन की शिकायत ये थी कि न्यायाधीश बेला त्रिवेदी का रुख काफी कुछ सरकार में झुकाव रखता था तथा इस मुद्दे पर बार एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्यों-अधिकारियों के साथ उनके मतभेद न्यायालय में भी सार्वजनिक रूप से देखे गये थे।
- न्यायाधीश बेला त्रिवेदी, सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति व नियुक्ति पाने से पहले गुजरात हाई कोर्ट में जज थीं, उसी समय जब नरेन्द्र मोदी गुजरात के मु.मंत्री थे।

बार एसोसिएशन और वरिष्ठ अधिवक्ताओं के एक वर्ग की ओर से ठंडी प्रतिक्रिया ने उनके कार्यकाल के दौरान रहे विवादों को रेखांकित किया। कई अधिवक्ताओं ने, जिन्होंने मानवाधिकारों और जनहित से जुड़ी अहम याचिकाएं जस्टिस त्रिवेदी की पीठ के समक्ष प्रस्तुत की थीं, उन्होंने न्याय दिए जाने को लेकर उनकी कार्यशैली पर गंभीर आपत्तियाँ जताईं।

एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर कहा, ''कोई भी न्यायाधीश, जो अन्याय के विरुद्ध खड़ा नहीं होता या सत्ता के प्रभाव में आता है, उसे न्यायपालिका के इतिहास में अच्छी यादों के साथ नहीं देखा जाएगा।'' उनकी बात से सहमति जताते हुए एक और प्रख्यात वकील ने, न्यायमूर्ति त्रिवेदी को औपचारिक सम्मान न दिए जाने पर खेद प्रकट करते हुए कहा,''उनके ऊपर जो लोग सत्ता की सीढ़ियों पर बैठे हैं, वे भी न्यायिक मानकों के क्षरण के लिए उत्तरदायी हैं।''

गुजरात से ताल्लुक रखने वाली न्यायमूर्ति त्रिवेदी को मौजूदा सत्तारुढ़ पार्टी के निकट माना गया। उनके कार्यकाल के दौरान उनके कई फैसले विवादास्पद रहे और कई बार सुप्रीम कोर्ट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आप के 15 पार्षदों ने पार्टी छोड़ी

नयी दिल्ली, 17 मई। आम आदमी पार्टी (आप) के शीर्ष नेतृत्व से नाराज 15 निगम पार्षदों ने शनिवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

आप के वरिष्ठ पार्षद मुकेश गोयल ने कहा, हमारे 15 पार्षदों ने पार्टी से इस्तीफा दिया है और अलग दल इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी बनाई है। पिछले ढ ाई साल में हम लोगों के काम नहीं कर पाये। हमारा पूरा समय लड़ाई-झगड़े में बीता है। पार्षदों के इस्तीफे में कहा गया है कि हम सभी निगम पार्षद दिल्ली नगर निगम में वर्ष 2022 में आम आदमी पार्टी के

- इन्हें शिकायत है कि पार्टी में इतना लड़ाई झगड़ा है कि वे जनता के काम नहीं कर पाए।

टिकट से चुने गये थे, लेकिन 2022 में दिल्ली नगर निगम में सत्ता में आने के बावजूद, पार्टी का शीर्ष नेतृत्व निगम को सुचारु रूप से चलाने में असमर्थ रहा। शीर्ष नेतृत्व का निगम पार्षदों से आपस में समन्वय न के बराबर रहा, जिसके कारण पार्टी विपक्ष में आ गयी।

पार्टी से इस्तीफा देने वालों में गोयल के अलावा, हेमचंद्र गोयल, हिमानी जैन, ऊषा शर्मा, अशोक पांडेय, राखी यादव, साहिब कुमार, राजेश कुमार, अनिल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ट्रंप ने सातवीं बार फिर दावा किया कि व्यापार बंद करने की धमकी देकर भारत-पाक युद्ध में ''सीज़फायर'' करवाया

## इंग्लैण्ड के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने, ट्रंप के इस दावे की परोक्ष पुष्टि की

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 मई। अमेरिकन राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के युद्धविराम के दावे की पुष्टि के एक और प्रयास के अन्तर्गत, ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड लैमी ने कहा है कि ब्रिटेन, अमेरिका के साथ मिलकर भारत और पाकिस्तान के बीच ''स्थायी संघर्ष विराम,'' ''संवाद'' और ''विश्वास बहाल करने के उपायों'' पर काम कर रहा है।

लैमी ने अपनी पाकिस्तान की दो दिन की यात्रा के अन्त में पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में ''रायटर्स'' को बताया, ''हम अमेरिका के साथ काम करते रहेंगे, ताकि एक स्थायी युद्धविराम को बढ़ावा मिले। हम भारत और पाकिस्तान के साथ भी काम करेंगे, ताकि दोनों पक्षों के बीच विश्वास पैदा करने वाले उपाय किए जा सकें।

जब उनसे भारत द्वारा सिंधु जल समझौते के निलम्बन, जिससे पाकिस्तान की जल-आपूर्ति बहुत कम हो गई है, के बारे में पूछा गया, तो लैमी ने कहा, ''हम सभी पक्षों से आग्रह करेंगे कि वे संधि के अपने कर्तव्यों को पूरा करें।''

नई दिल्ली ने पिछले महीने कहा था कि उसने 1960 के समझौते, जो सिन्धु नदी-तंत्र के उपयोग को नियन्त्रित करता है, की सहभागिता ''निलम्बित'' कर दी है। यह एक ऐसी कार्यवाही है, जिसके बारे में पाकिस्तान का कहना है कि अगर भारत कृषि पर निर्भर देश (पाकिस्तान) की जल-आपूर्ति को अवरुद्ध करेगा, तो वह इसे युद्ध की कार्यवाही मानेगा।

लैमी ने कहा कि ब्रिटेन भी ''आतंकवाद'' को रोकने के बारे में पाकिस्तान से बात करना जारी रखेगा।

- पाकिस्तान तो शुरु से यह ही कह रहा है कि अमेरिका के अलावा कई अन्य देशों, जिनमें इंगलैण्ड भी शामिल है, ने भारी भूमिका निभाई, न्यूक्लियर हथियारों से सुसज्जित देशों, भारत-पाक के बीच ''सीज़फायर'' कराने में।
- दूसरी ओर भारत के विदेश मंत्रालय ने अपना रवैया पुनः स्पष्ट किया कि भारत-पाक के बीच कश्मीर का विवाद एक आपसी मामला है, जिसमें किसी तीसरे देश की कोई भूमिका न पहले थी, न अब है और न कभी होगी।
- प्रवक्ता ने यह भी कहा, दोनों देशों के बीच एक ही मुद्दा है, पाक द्वारा अधिकृत कश्मीर को कैसे खाली करवाया जाये।

उन्होंने कहा कि यह (आतंकवाद) इस देश, इसकी जनता तथा इस क्षेत्र के लिये घोर अभिशाप'' है।

लैमी ने कहा, ''ये दो ऐसे पड़ोसी हैं, जिनका एक लम्बा इतिहास है, लेकिन ये दो ऐसे पड़ोसी भी हैं, जिन्होंने हालिया समय में आपस में शायद ही कभी बात भी की हो, और हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि आगे (इस तनाव में) वृद्धि न हो तथा युद्धविराम की स्थिति बनी रहे।''

लैमी की यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है, जब अमेरिकन राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने सातवीं बार यह दावा किया है कि वे दिल्ली और इस्लामाबाद को अमेरिकन व्यापार की पेशकश करके न्यूक्लियर युद्ध के कगार से पीछे खींचकर लाये हैं।

भारत का कहना है कि इस समय पाकिस्तान के साथ जो स्थिति है, वह द्विपक्षीय ''समझबूझ'' है, युद्धविराम नहीं। दिल्ली ने मध्यस्थता के किसी भी सुझाव /प्रस्ताव को जोरदार तरीके से खारिज कर दिया है।

मंगलवार को विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत की ''लम्बे समय से चली आ रही राष्ट्रीय स्थिति (सोच), कि जम्मू-कश्मीर के मसले भारत और पाकिस्तान के बीच के द्विपक्षीय मामले हैं, में कोई बदलाव नहीं है। विदेश मंत्रालय ने अमेरिकन राष्ट्रपति द्वारा बार-बार किये जा रहे इन दावों को अमान्य सिद्ध करने की कोशिश की कि वॉशिंगटन ने मध्यस्थता की है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से ट्रंप के इस दावे के बारे में पूछा गया कि अमेरकन ने यह धमकी दी थी कि अगर भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे पर गोलीबारी जारी रखी, तो अमेरिका दोनों देशों के साथ व्यापार रोक देगा। इस प्रश्न के उत्तर में जायसवाल ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर शुरु होने के बाद, वॉशिंगटन के साथ हुई किसी भी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# वैटिकन सिटी जाएगा भारतीय प्रतिनिधिमंडल

नई दिल्ली, 17 मई। भारत सरकार का एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल वेटिकन सिटी में 18 मई को होने वाले पोप लियो चौदहवे के अधिष्ठापन समारोह में भाग लेगा। इसमें राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश और नागालैंड

- राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और नागालैंड के डिप्टी सी.एम. यथुंगो पैटन का प्रतिनिधमंडल पोप लियो चौदहवें के अधिष्ठापन समारोह में शामिल होगा।

के उपमुख्यमंत्री यंथुंगो पैटन शामिल हैं।

यहां जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इस महत्वपूर्ण वैश्विक धार्मिक आयोजन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी अंतर-धार्मिक जुड़ाव, समुदायों के बीच परस्पर सम्मान को दर्शाती है।

## विचार बिन्दु

हमारी आनंदपूर्ण बदकारियाँ ही हमारी उत्पीड़क चाबुक बन जाती हैं। –शेक्सपियर

# घास-भूमि पर आक्रामक प्रजातियों से उत्पन्न संकट व समाधान

अरावली पर्वतमाला उत्तर-पश्चिम भारत की प्रमुख पारिस्थितिक इकाई है। यह दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात तक लगभग 670 किलोमीटर में फैली हुई है। यह क्षेत्र मुख्यत: शुष्क से अर्द्ध-शुष्क जलवायु वाला है, जिसमें वार्षिक वर्षा औसतन 500-700 मिमी के बीच होती है। अरावली की घास-भूमियाँ पर्यावरण संरक्षण, मिट्टी एवं जल संरक्षण तथा ग्रामीण समुदायों की आजीविका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ये घास-भूमियाँ थार रेगिस्तान के विस्तार को रोक कर उत्तर भारत, विशेष रूप से दिल्ली-एनसीआर को मरुस्थलीकरण के खतरे से सुरक्षित रखती हैं। घास भूमियाँ पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं का एक समृद्ध स्रोत हैं, जो जैव विविधता संरक्षण, जलसंरक्षण, जलवायु नियमन और मृदा उर्वरता जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य निभाती हैं। ये क्षेत्र अनेक वन्यजीवों, विशेषकर चरने वाले स्तनधारियों और परागणकर्ताओं का आवास हैं, जिससे खाद्य शृंखला और परागण-आधारित कृषि प्रणाली सुदृढ़ होती है। घास भूमियाँ वर्षा जल के संचयन और भूजल पुनर्भरण में सहायक होती हैं तथा भूमि कटाव को रोक कर मृदा की उत्पादकता बनाए रखती हैं। साथ ही, ये कार्बन को जैविक रूप में मृदा में संचित करके जलवायु परिवर्तन के शमन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इन सेवाओं का आर्थिक, सामाजिक और पारिस्थितिक महत्व अत्यंत व्यापक है।

तेजी से बढ़ते शहरीकरण, अनियंत्रित खनन, अत्यधिक चराई, अतिक्रमण और विदेशी आक्रामक पौधों के कारण अरावली की घासभूमियाँ का बहुत ह्रास हुआ है। राजस्थान में पत्थर के खनन से कई पहाड़ियाँ विलुप्त हो गई हैं, वहीं दिल्ली और हरियाणा के क्षेत्रों में शहरी विकास और अतिक्रमण से पहाड़ियों का अस्तित्व खतरे में है। इसके अतिरिक्त, विलायती कीकर या प्रोसोपिसजूलीफ्लोरा, लैंटाना, और पार्थेनियम या गाजरघास जैसी आक्रामक प्रजातियों ने घास के बीड़ों की स्थानीय वनस्पति को गंभीर नुकसान पहुँचाया है।

विदेशी प्रजाति प्रोसोपिसजूलीफ्लोरा के आक्रमण से देश के विभिन्न क्षेत्रों में इन घासभूमियों की स्थिति चिंताजनक हो गई है। यह पौधा मूलत: मध्य और दक्षिण अमेरिका का है, जिसे भारत में ब्रिटिश काल के दौरान मरुस्थलीकरण नियंत्रण और ईंधन की समस्या के समाधान हेतु लगाया गया था। बाद में यह प्रजाति तीव्रता से फैलती गई, और स्थानीय पारिस्थितिक तंत्रों के लिए एक गंभीर चुनौती बन गया है। उदाहरण के लिए तमिलनाडु राज्य के पॉइंट कैलीमर वन्यजीव अभयारण्य, गिंडी राष्ट्रीय उद्यान और सत्यमंगलम बाघ अभयारण्य में हुए अध्ययनों के अनुसार, प्रोसोपिस के विस्तार के कारण यहाँ पाए जाने वाले कृष्णमृग जैसे स्थानीय जीवों की आबादी और वितरण गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। घासभूमि की उपलब्धता, घास का उत्पादन और खुले पर्यावास क्षेत्र में कमी आने से कृष्णमृग का घनत्व घट गया है। प्रोसोपिस के बढ़ते आवरण के कारण घास के मैदानों में होने वाली जैविक गतिविधियाँ कम हुई हैं।

गुजरात राज्य के बन्नीघास भूमिक भी एशिया के सबसे विशाल प्राकृतिक चरागाह थे, परन्तु अब प्रोसोपिसजूलीफ्लोरा के प्रसार ने स्थानीय पारिस्थितिकी को बुरी तरह प्रभावित किया है। यहाँ की मूल घास प्रजातियाँ धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही हैं। इस बदलाव का प्रभाव स्थानीय अर्थव्यवस्था और समाज पर भी पड़ा है। ग्रेट रण ऑफ कच्छ क्षेत्र और जंगली गधा वन्यजीव अभयारण्य में भी यही समस्या देखी गई है, जहाँ बीते दशकों में घासभूमि का लगभग 45 प्रतिशत क्षेत्र प्रोसोपिस से ढक गया है। प्रोसोपिस की वार्षिक प्रसार दर यहाँ 2 प्रतिशत से 7 प्रतिशत तक पाई गई है।

राजस्थान के थार मरुस्थल में भी प्रोसोपिसजूलीफ्लोरा ने सामुदायिक चरागाहों पर आक्रमण किया है, जिससे स्थानीय वनस्पतियों की प्रजातियों में भारी गिरावट आई है। इस क्षेत्र में प्रोसोपिस के नियंत्रण के लिए लकड़ी से चारकोल बनाने, फलियों से आटा बनाने जैसे उपायों का उपयोग आर्थिक लाभ के साथ किया जानेके प्रयास हुए है, किन्तु स्थानीय समुदाय केवल ईंधन के लकड़ी के लिए शाखाएं काट कर ले जाते हैं और ठूंठ में पुन: प्रस्फुटन होते रहने के कारण प्रसार को नियंत्रित नहीं किया जा सका। छोटे स्तनधारियों जैसे कृन्तकों पर भी प्रोसोपिसजूलीफ्लोरा के प्रभाव का अध्ययन पश्चिम भारत के घासभूमि पारिस्थितिकी में किया गया है। शोध में स्पष्ट हुआ कि प्रोसोपिस के घने आवरण वाले क्षेत्रों और पूर्णत: खुले घासभूमि क्षेत्रों में कृन्तकों की आबादी अधिक रही, जबकि आंशिक रूप से फैले प्रोसोपिस क्षेत्रों में उनकी संख्या कम थी। इससे यह संकेत मिलता है कि प्रोसोपिस के प्रभाव स्थान विशेष और प्रजाति विशेष पर निर्भर हैं।

यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत स्थल के रूप में घोषित केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (भरतपुर पक्षी अभयारण्य)भी प्रोसोपिस के आक्रमण से अत्यंत प्रभावित हुआ है। शोध में पाया गया है कि पिछले पाँच दशकों (1972-2024) के दौरान में यहाँ प्रोसोपिस का फैलाव लगभग 82 प्रतिशत बढ़ा है, जबकि स्थानीय घासभूमियाँ 51 प्रतिशत घट गई हैं। इस अवधि में प्रोसोपिस का वार्षिक प्रसार दर 3 प्रतिशत से अधिक आँकी गई है। हालाँकि वर्ष 2021 के बाद से प्रबंधन प्रयासों से इसके फैलाव में थोड़ी कमी आई है, लेकिन समस्या अभी भी बनी हुई है और निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है।

भारत के उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में घासभूमियाँ एवं वन पारिस्थितिक तंत्र लैंटाना है के कारण भी संकटग्रस्त हैं। लैंटाना मूल रूप से दक्षिण अमेरिका से आया एक सजावटी पौधा है, जो अब भारत के लगभग सभी उष्ण एवं उपोष्ण क्षेत्रों में तेजी से फैल चुका है। लैंटाना की झाड़ी न केवल स्थानीय जैवविविधता को नष्ट करती है, बल्कि वन्य जीवों के लिए प्राकृतिक आवासों को भी हानि पहुँचाती है, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष भी बढ़ रहा है। आंध्र प्रदेश की नल्लमल्लाय पर्वत श्रृंखला भी आक्रामक प्रजातियों से प्रभावित क्षेत्रों में से एक है। यहाँ शोधार्थियों ने सात अत्यंत हानिकारक प्रजातियाँ चिन्हित की हैं जिनमें लैंटाना, गाजर घास या पार्थिनियम हिस्टेरोफोरस, चटक चाँदनी (हिप्तिससुआवेओलेंस, लाजवंती, क्लीओमविस्कोसा और विलायती बबूल शामिल हैं। ये स्थानीय वनस्पतियों के लिए अस्तित्व का खतरा बन चुकी हैं।

> **बीज एवं रोपण सामग्री की सुनिश्चितता हेतु राज्य वनविभाग की नर्सरियाँ, भारतीय घासभूमि एवं चारा अनुसंधान संस्थान (झाँसी), केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (जोधपुर), कृषि विश्वविद्यालयो एवं समुदाय आधारित बीज भंडारों की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। स्थानीय समुदायों को प्रशिक्षित कर बीज संग्रहण, बीज प्रसंस्करण एवं नर्सरी संचालन की क्षमता विकसित की जा सकती है, जिससे दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता संभव हो सके।**

लैंटाना नियंत्रण के लिए एक प्रभावी रणनीति विकसित की गई है, जो कॉर्बेट बाघ अभयारण्य, कलेसर राष्ट्रीय उद्यान, हरियाणा,सतपुड़ा बाघ अभयारण्य, मध्य प्रदेश, और राजस्थान के रणथम्भोर और सरिस्का बाघ अभयारण्यों में सफलतापूर्वक लागू की गई है। इस पद्धति में पहले लैंटाना को जड़ सहित उखाड़कर हटाया जाता है। जड़ों वाला हिस्सा ऊपर की ओर रखते हुए ढेर लगाया जाता है जो बाद में सड़कर मिट्टी में कार्बन की मात्रा बढ़ाता है। बाद में अंकुरित होने वाली लैंटाना के नए पौधों को नियमित रूप से हटाया जाता है। खाली हुई भूमि का पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन स्थानीय घास प्रजातियों और फोर्ब्स के माध्यम से किया जाता है।

हाल ही में भारत सरकार ने "अरावली ग्रीन वॉल" परियोजना प्रारंभ की है, जिसका उद्देश्य गुजरात से दिल्ली तक लगभग 1400 किलोमीटर लंबी और 5 किलोमीटर चौड़ी हरित पट्टी विकसित करना है। इस परियोजना में स्थानीय प्रजातियों का रोपण, जल संरक्षण, सामुदायिक भागीदारी और जैव विविधता संरक्षण मुख्य घटक हैं।पुनर्स्थापन के लिए स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप स्वदेशी प्रजातियों का चयन आवश्यक है। चयनित प्रजातियाँ सूखा-सहनशील, तेजी से बढ़ने वाली, और स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल होनी चाहिए। प्रमुख घास प्रजातियों में अंजन घास, पवना घास, धोलू घास, धामन घास शामिल हैं। ये प्रजातियाँ सूखा-सहिष्णु हैं, अच्छी चारा गुणवत्ता प्रदान करती हैं, और मिट्टी को स्थिर रखने में सहायक होती हैं।घासों के साथ-साथ स्थानीय शाकीय प्रजातियाँ जैसे इन्डिगोफेरा, सरफोंका, शंखपुष्पी आदि भी पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण हैं। ये शाकीय पौधे भूमि का आवरण बनाते हैं, मिट्टी में नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ाते हैं, और परागणकर्ताओं के लिए आवास प्रदान करते हैं।

इन घासभूमियों का पुनर्स्थापन न केवल पर्यावरणीय संतुलन के लिए आवश्यक है, अपितु यह ग्रामीण आजीविका और स्थानीय अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण में भी सहायक सिद्ध हो सकता है।

इस पुनर्स्थापन प्रक्रिया का प्रथम चरण आक्रामक बाह्यवन स्पतिप्रजातियों का प्रभावी नियंत्रण है। विलायती कीकर जैसी प्रजातियाँ भूमिगत जल, पोषक तत्त्वों एवं सूर्यप्रकाश का अत्यधिक दोहन कर देशज वनस्पतियों के विकास को अवरुद्ध करती हैं। इनका समूल उन्मूलन आवश्यक होता है। इसी प्रकार, लैंटाना तथा गाजर घास जैसी झाड़ियों का नियंत्रण निराई, छँटाई और दीर्घकालिक सतत निगरानी के माध्यम से किया जा सकता है। द्वितीय चरण में स्थल का समग्र मूल्यांकन किया जाता है, जिसमें मृदा की बनावट, जलस्रोतों की उपलब्धता, स्थल की ढाल, तथा शेष बची देशज वनस्पतियों की स्थिति का सूक्ष्म अध्ययन किया जाता है। इसके पश्चात, जल-संरक्षण एवं मृदा-उन्नयन हेतु समोच्च रेखीय खाइयों, अवरोध बाँधों, पत्थर बाँधों तथा गोबर या हरी खाद जैसे जैविक उर्वरकों का उपयोग किया जाता है। तृतीय चरण में वर्षाऋतु के प्रारम्भ में स्थानीय देशज घासों -जैसे सेनक्रस, डाईकैन्थियम, हेटेरोपोगोन आदि तथा शाकीय वनस्पतियों जैसे स्टाइलोसेन्थेस, अलिसीकार्पस, नील आदि के बीजों का छिड़काव किया जाता है। पथरीले एवं दुर्गम क्षेत्रों में बीज-पिंड (सीड बॉल) जैसी नवाचार-आधारित विधियों का भी उपयोग किया जा सकता है।

बीजों के प्रसारण के उपरान्त प्रथम दो वर्षों तक इस नवस्थापित घास भूमि को चराई से पूर्णत: सुरक्षित रखना अनिवार्य होता है। इसके लिए अस्थायी बाड़, समुदाय-नियंत्रित चराई व्यवस्था, तथा पशुपालकों की सहभागिता से निगरानी की व्यवस्था की जाती है। पुनर्स्थापन की प्रगति की निरंतर निगरानी हेतु वार्षिक वनस्पति मूल्यांकन, चित्रविश्लेषण, तथा ग्राम आधारित विवरण प्रणाली को संस्थागत रूप देना चाहिए। जब घास एवं शाकीय वनस्पति स्थिर हो जाए, तब चरणबद्ध चराई एवं घास की कटाई की अनुमति दी जा सकती है, जिससे पारिस्थितिक संतुलन बना रहे और समुदाय को सतत लाभ प्राप्त हो।

बीज एवं रोपण सामग्री की सुनिश्चितता हेतु राज्य वनविभाग की नर्सरियाँ, भारतीय घासभूमि एवं चारा अनुसंधान संस्थान (झाँसी), केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (जोधपुर), कृषि विश्वविद्यालयों एवं समुदाय आधारित बीज भंडारों की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। स्थानीय समुदायों को प्रशिक्षित कर बीज संग्रहण, बीज प्रसंस्करण एवं नर्सरी संचालन की क्षमता विकसित की जा सकती है, जिससे दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता संभव हो सके।

नीतिगत दृष्टि से घासभूमि पुनर्स्थापन हेतु अंतराज्यीय समन्वय, स्पष्ट भू-अधिकार, स्थानीय समुदायों की सक्रिय सहभागिता, एवं ग्रामीण आजीविका के सृजन हेतु योजनाबद्ध प्रयत्न अपेक्षित हैं। विशेष रूप से जलवायु संरक्षण से जुड़ी सेवाओं का आर्थिक मूल्य निर्धारण कर उसका प्रत्यक्ष लाभ समुदायों को प्रदान करना इस प्रक्रिया को स्थायित्व प्रदान करेगा। जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को घासभूमि के पर्यावरणीय एवं आर्थिक महत्व से परिचित कराना भी अत्यन्त आवश्यक है।

अन्तत:, अरावली सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों में घासभूमि पुनर्स्थापन एक दीर्घकालिक, बहु-स्तरीय एवं सामूहिक उत्तरदायित्व की प्रक्रिया है, जिसमें वैज्ञानिक अनुसंधान, प्रशासनिक संकल्प और जन-सहभागिता का समन्वित प्रयास आवश्यक है। यह प्रक्रिया न केवल पर्यावरणीय संतुलन और जलवायु अनुकूलन का माध्यम बनेगी, अपितु यह ग्राम्यजीवन, जल-स्रोतों, और जैवविविधता के लिए एक नवजीवन प्रदान करेगी- जिससे भावीपीढ़ियों के लिए एक संतुलित, हरित एवं टिकाऊ भारत की कल्पना साकार हो सकेगी।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त तथा वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंग प्रोफेसर)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं)**

# यह ग्लेशियर की मौत की शोकसभा नहीं अपितु भावी संकट का है संकेत



डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

अभी दो चार दिन पहले ही भारत, भूटान, नेपाल और चीन के चुनिंदा ग्लेशियलोजिस्टों ने समुद्र तल से करीब 5100 मीटर उंचे याला ग्लेशियर के मौत की अनोखी शोकसभा का आयोजन कर दुनिया के देषो को ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव के प्रति सावचेत करने का प्रयास किया है। हांलाकि किसी ग्लेशियर की मौत की विधिवत घोषणा और मातम सभा के आयोजन का यह कोई पहला मौका नहीं है। पिछले सात सालों में यह तीसरा मौका है जब ग्लेशियर की मौत की शोक सभा का आयोजन और उस स्थल पर पट्टिका लगाने का काम हुआ है। इससे पहले 2019 में आइसलैण्ड के ओक और 2021 में मैक्सिको के ओयोलोको ग्लेषियर के मौत की शोकसभा का आयोजन किया जा चुका है। ग्लोबल वार्मिंग दुनिया को किस दिशा में ले जा रही है और किस तरह के प्रभाव हमें पिछले सालों से लगातार देखने को मिल रहे हैं उनमें से ग्लेशियरों के नष्ट होना तो केवल और केवल एक पक्ष मात्र है। जबकि ग्लोबल वार्मिंग के चलते ग्लेशियरों के पिघलने के बारे में विशेषज्ञ वैज्ञानिक लगातार सावचेत करते रहे हैं।

जब कोई ग्लेशियर इस हालात में आ जाता है कि उसका मूवमेंट ही लगभग समाप्त हो जाता है तो वह ग्लेशियर मृत श्रेणी में आ जाता है। दुनियाभर में ग्लेशियरों के पिघलने की गति तेज बढ़ती जा रहे हैं। ग्लेशियरों के पिघलने के कारण समुद्र का जल स्तर बढ़ता जा रहा है। समुद्र के जल स्तर के बढ़ने के कारण समुद्र किनारे के कई शहरों के सामने डूबने का संकट दिखाई दे रहा है। यह तो केवल एक पहलू है। ग्लोबल वार्मिंग और ग्लेशियरों के पिघलने के कारण सूखा, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, तापमान में अत्यधिकता जैसे साल दर साल गर्मी में तेजी और असमय तेज गर्मी, तेज वर्षात और तेज सर्दी प्रभावित कर रही है। जंगलों में आग के कारण जिस तरह से जंगल और जंगल की जीव विविधता प्रभावित हो रही है और जंगल रेगिस्तान में तब्दील हो रहे हैं यह अपने आपमें गंभीर है। इसी तरह से मौसम में अनावश्यक बदलावों के कारण नई नई बीमारियों के साथ ही विलुप्त बीमारियां जैसे मलेरिया और वायरस जनित बीमारियों का बढ़ता प्रकोप, दवाओं की असरता कम होना और ना जाने इस तरह के क्या क्या परिणाम भुगतने पड़ रहे हैं यह आज सारी दुनिया के सामने हैं। ग्लोबल वार्मिंग के चलते सूखा और रेगिस्तान का विस्तार लगातार होता जा रहा है। पिछले सालों में दुनिया के देशों में चक्रवातों का चक्र तेजी से बदला है और तूफानों की तीव्रता और फ्रिक्वेंसी में तेजी आई है। इसके साथ ही भूकंपों की सक्रियता बढ़ रही है। अब तूफान और भूकंपों की फ्रिक्वेंसी तो इस कदर बढ़ गई है कि कब भूकंप आ जाये और कब समुद्र तट की और बढ़ते तूफान की घोषणा हो जाए यह आये दिन देखने को मिल रहा हे। दुनियाभर के देश ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभावों से प्रभावित है। जिस तरह के बडे-बड़े सम्मेलनों में दुनिया के नेता ग्लोबल वार्मिंग को लेकर चिंतन मनन को जुट तो जाते हैं पर परिणाम अभी तक जो सामने दिखाई दे रहे हैं पह गंभीर संकट की और साफ इशारा समझने की आवश्यकता है।

दरअसल जिस तरह का ग्लोबल वार्मिंग का असर देखा जा रहा है उससे यह माना जा रहा है कि लाख प्रयासों के बावजूद 9 लाख ट्रिलियन टन बर्फ के पिघलने की संभावना वैज्ञानिकों द्वारा बार बार की जा रही है। मौसम में हर दूसरे तीसरे दिन बदलाव और चरम मौसम के हालात गंभीर है। रेगिस्तान का विस्तार हो रहा है तो सूखे की संभावनाएं अधिक हो गई है। बीमारियों के नित नए वेरियंट सामने आ रहे हैं तो कीटाणुओं की सक्रियता और उनका असर साफ देखा जा सकता है। ऐसे में एक और दुनिया के देशों को ढुलमिल नीति त्यागकर ठोस प्रयास करने होंगे। गैरसरकारी संगठनों को भी आगे आना होगा। इसके साथ ही वैज्ञानिकों को भी एक बात ध्यान रखनी चाहिए कि केवल आय बढ़ाने के लिए इस तरह के प्रयास नहीं करने चाहिए। गैरसरकारी संगठनों की ऐसें हालातों में और अधिक्र सक्रियता के साथ अभियान चलाने होंगे। ग्लेशियरों के पिघलने का संकट आने वाले समय में और अधिक गंभीर होगा क्योंकि जिस तरह से कांक्रिट के जंगल, अत्यधिक भू जल का दोहन पंखे कूलर के स्थान पर एयर कण्डीशरों का बढता प्रयोग, और इलेक्ट्रोनिक उत्पादों के कारण हालत दिन प्रतिदिन खराब होते जा रहे हैं। हालात यही रहे तो ग्लेशियरों की बर्फ पिघलेगी ही पिघलेगी साथ ही अनेक समस्याएं और अधिक नकारात्मक प्रभाव डालेगी।

**–डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,**
**(वरिष्ठ लेखक)**

## नानी बाई के मायरे की शुरूआत

**बूंदी।** श्रृंग महिला मंडल द्वारा आयोजित पांच दिवसीय श्री नानी बाई के मायरे की शुरूआत शनिवार सुबह भव्य कलश यात्रा से हो गई। कलश यात्रा तिलक चैक स्थित चारभूजा मंदिर से शुरू होकर सदर बाजार स्थित श्रृंग भवन पुहंची। कलश यात्रा में मुख्य जजमान लोकेश सुखवाल सिर पर धार्मिक पुस्तक लिये हुये चल रहे थे। इससे पूर्व मुख्य जजमान लोकेश सुखवाल व सह जजमान सुनील सखवाल ने विधिवत पूजा अर्चना सम्पन्न करवाई। शनिवार को संगीतमय कथा के दौरान कथा व्यास गोपाल कृष्ण जी महाराज ने श्रृदालुओ व श्रोताओ को बताया कि नरसी जी पूर्व जन्म से गूंगे और बहरे थे। संत महात्माओ की कृपा से नरसी जी महाराज को वाणी और कान दोनों ही प्राप्त हुए हैं और शंकर भगवान की बड़ी स्तुति करने से भोलेनाथ की कृपा प्राप्त हुई और भोलेनाथ ने नरसी जी को गौ लोक में दिव्या रस के दर्शन करवाए। कथा में गाय गंगा गीत का वर्णन करते हुये कथा व्यास गोपाल कृष्ण महाराज ने कहा कि नरसी जी महाराज के जीवन में भक्ति दृढ़ थी और भगवान श्री द्वारकाधीश् ने नरसी जी महाराज के खजाने में करोड़ रूपये रखवा दिए फिर भी नरसी जी महाराज सुख वैभव छोड पुन: संत बन गए। सह जजमान सुनील सखवाल, महिला मंडल अध्यक्ष मंजू श्रृंगी, शशिकला श्रृंगी, पंचायत अध्यक्ष रमाकांत श्रृंगी, श्रृंगेश्वर समिति अध्यक्ष रामकरण, श्रृंग जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश श्रृंगी, महिला जिलाध्यक्ष साधना श्रृंगी, कीर्ति सुखवाल संयोगिता, मीनाक्षी, प्रीती, कृष्णा सहित सैकड़ों महिलांए व समाजबंधु मौजूद रहे।

# 'कौशल सम्बंधी कार्यों में सहभागिता से छात्रों में होती है कार्यदक्षता में वृद्धि'

**बून्दी।** राजकीय महाविद्यालय, बूंदी में छह दिवसीय कौशल उन्नयन समर कैंप का समापन समारोह प्राचार्य डॉ अनीता यादव की अध्यक्षता में आयेजित किया गया। इस मौके पर अपने संबोधन में डॉ अनीता यादव ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर आयोजित किए गए इस प्रकार के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आव्हान करते हुए कहा कि कौशल उन्नयन गतिविधियों में सहभागिता करने से विद्यार्थियों की कार्य दक्षता में वृद्धि होती है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ ओ पी शर्मा, डॉ पी सी उपाध्याय, नेचर क्लब प्रभारी डॉ रोहिणी महेश्वरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।




बुन्दी में कौशल उन्नयन समर कैंप का समापन हुआ।

समारोह का संचालन करते हुए कौशल विकास एवं नवाचार प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ दिलीप राठौड़ ने बताया किइस छह दिवसीय कौशल उन्नयन समर कैंप में विद्यार्थियों हेतु योग एवं फिटनेस, सॉफ्ट स्किल्स, कम्युनिकेशन स्किल, बायोडाटा राइटिंग, इंटरव्यू स्किल्स तथा विविध आईसीटी स्किल्स जिनमें बेसिक कंप्यूटर, डिजिटल कम्युनिकेशन, एआइ तथा उसके प्रयोग जैसे विषयों पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को छह दिवस तक गहन प्रशिक्षण दिया गया। अंतिम दिवस महाराष्ट्र की यशस्वी भावे संस्था से डॉ कमलेश कुरनकर द्वारा एआई तथा उसके उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषय को विद्यार्थियों को समझाया गया।

डॉ दिलीप राठौड़ ने बताया कि राइजिंग राजस्थान कार्यक्रम के तहत बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान, बूंदी के साथ महाविद्यालय द्वारा किए गए एमओयू के अंतर्गत 17 मई 2025 से कंप्यूटर अकाउंटिंग एंड टैली का प्रशिक्षण भी प्रारंभ किया गया है जिसमें महाविद्यालय के 30 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इस छह दिवसीय समर कैंप में महाविद्यालय के नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ के सदस्यों डॉ भारतेंदु गौतम, डॉ संजय भल्ला डॉ मेघा गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा। कंप्यूटर ऑपरेटर अब्दुल वहाब ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। समापन समारोह में अतिथियों द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसी अवसर पर नेचर क्लब एवं नवाचार प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पूर्व में आयोजित ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता की विजेताओं को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# भीषण गर्मी जारी, आमजन बरतें एहतियात

**श्रीगंगानगर।** जिले में अत्यधिक गर्मी के चलते चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से फिर से विशेष एहतियात बरतने की अपील की है। इन दिनों अत्यधिक गर्मी व लू-तापघात होने से आमजन चपेट में आ सकते हैं, खासकर हाईरिस्क वाले लोगों को ख्याल रखने की जरूरत है। वहीं गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष सावधानी बरतने की विभाग ने निर्देश दिए हैं।

सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने सभी अस्पतालों में रोगियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, संस्थान में रोगी के उपचार के लिए आपातकालीन किट में ओआरएस, ड्रिपसेट सहित अन्य आवश्यक दवाइयां रखने के निर्देश पूर्व में दिए हैं, उन्हें एकबार फिर से अलर्ट रहने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि शरीर में लवण व पानी अपर्याप्त होने पर विषम गर्म वातावरण में लू व तापघात से सिर का भारीपन व अत्यधिक सिरदर्द होने लगता है।

इसके अलावा अधिक प्यास लगना, शरीर में भारीपन के साथ थकावट, जी मिचलाना, सिर चकराना व शरीर का तापमान बढना, पसीना आना बंद होना, मुंह का लाल हो जाना, त्वचा का सूखा होना, अत्यधिक प्यास का लगना व बेहोशी जैसी स्थिति का होना आदि लक्षण आने लगते हैं।

चिकित्सकीय दृष्टि से लू-तापघात के लक्षण, लवण व पानी की आवश्यकता व अनुपात विकृति के कारण होती है। मस्तिष्क का एक केन्द्र जो मानव के तापमान को सामान्य बनाए रखता है, काम करना छोड़ देता है। ऐसे में रोगी को तुरंत छायादार जगह पर कपड़े ढीले कर लेटा दिया जावे। रोगी को होश मे आने की दशा मे उसे ठण्डा पेय पदार्थ, जीवन रक्षक घोल, कच्चा आम का पन्ना दें।

सीएमएचओ डॉ. सिंगला ने बताया कि यदि उक्त सावधानी के बाद भी मरीज ठीक नहीं होता है, तो उसे तत्काल निकट की चिकित्सा संस्थान ले जाया जाए। स्वास्थ्य संबंधी जरूरत होने पर तत्काल 108 को कॉल करें या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर जाएं। नरेगा अथवा अन्य श्रमिकों के कार्यस्थल पर छाया एवं पानी का पूर्ण प्रबन्ध रखा जावे ताकि श्रमिक थोड़ी-थोड़ी देर में छायादार स्थानों पर विश्राम कर सकें।

सीओआईईसी विनोद बिश्नोई ने बताया कि जहां तक सम्भव हो धूप में न निकलें, धूप में शरीर पूर्ण तरह से ढका हो। धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले व सूती कपड़ों का उपयोग करें।

बहुत अधिक भीड़ व गर्म घुटन भरे कमरों से बचें। बिना भोजन किए बाहर न निकलें। गर्दन के पिछले भाग कान एवं सिर को गमछे या तौलिये से ढक कर ही जरूरी होने पर बाहर निकलें।

रंगीन चश्में एवं छतरी का प्रयोग करें। गर्मी मे हमेशा पानी अधिक मात्रा मे पिएं एवं पेय पदार्थो जैसे निंबू पानी, नारियल पानी, ज्यूस आदि का प्रयोग करें। लू तापघात से प्राय हाईरिस्क श्रेणी वाले लोग जैसे कि कुपोषित बच्चे, वृद्धजन, गर्भवती महिलाएं व शुगर, बीपी आदि के मरीज शीघ्र प्रभावित होते हैं।

## बिरला 18 से बूंदी जिले के प्रवास पर

**बूंदी।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 18 मई को बूंदी व लाखेरी में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार श्री बिरला 18 मई को प्रात: 11 बजे बूंदी के सांवरिया मैरिज गार्डन में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद अपरान्ह 3 बजे लाखेरी में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।। बिरला 19 मई को शाम 7 बजे हिंडोली तहसील के त्रिशूल्या गांव में भीमपुरिया बालाजी महाराज मंदिर में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। लोकसभा अध्यक्ष 20 मई को दोपहर एक बजे बूंदी के हरियाली रिसोर्ट में आयोजित आशा कार्यकर्ताओं के सेमिनार में शामिल होंगे।

## राशिफल रविवार 18 मई, 2025



पंडित अनिल शर्मा

ज्येष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, पंचमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2082, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र सायं 6:53 तक, शुभ योग प्रात: 6:42 तक, तैतिल करण प्रात: 5:58 तक, चन्द्रमा आज मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-मकर, मंगल-कर्क, बुध-मेष, गुरू-मिथुन, शुक्र-मीन, शनि-मीन, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से सायं 6:53 तक है। रवियोग सायं 6:53 से आरम्भ होगा। आज पंचमी तिथि में वृद्धि हुई है। आज राहु कुम्भ राशि में, केतु सिंह राशि में सायं 7:34 पर प्रवेश करेगा। बुध आज पूर्व में रात्रि 12:35 पर होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 7:22 से 9:02 तक, लाभ अमृत 9:02 से 12:23 तक, शुभ 2:03 से 3:44 तक।


**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 5:42, सूर्यास्त 7:04

### मेष




अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज आवश्यक कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

### वृष




आज नवीन कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आज मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

### मिथुन



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।

### कर्क




परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आज आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### सिंह




स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। पारिवारिक यात्रा संभव है।

### कन्या




आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### तुला



घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

### वृश्चिक




परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

### धनु




आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आज महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है।

### मकर




मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। आज महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।

### कुंभ



घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य संबंधित लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

### मीन



आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।

## प्रतिमाओं को करया अधिवास, आज होगी प्राण प्रतिष्ठा

**जयपुर।** जल महल स्थित परशुरामपुरी कॉलोनी के नवनिर्मित मंदिर में मनाए जा रहे तीन दिवसीय प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को श्रीराम दरबार, मंगलेश्वर महादेव और मां दुर्गा की मूर्तियों को अधिवास कराया गया। सभी प्रतिमाओं का जल, फल, अन्न से अधिवास कराकर शैय्याधिवास कराया गया। शनिवार को दोपहर आरती के साथ अखंड रामायण पाठ का समापन हुआ 11 वैदिक विद्वानों ने प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान प्रारंभ किया।

बड़ी संख्या में कॉलोनी के श्रद्धालुओं ने अनुष्ठान में भागीदारी की। परशुरामपुरी कॉलोनी विकास समिति के अध्यक्ष नरेश शर्मा (श्याम) ने बताया कि 18 मई रविवार को दोपहर 12:15 अभिजीत मुहूर्त में संत-महात्माओं के सान्निध्य में सभी प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

जयपुर सांसद मंजू शर्मा , हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, जयपुर नगर निगम हेरिटेज की महापौर कुसुम यादव, स्थानीय पार्षद सहित सभी कॉलोनीवासियों की गरिमामय उपस्थिति में संगीतमय महाआरती की जाएगी। उसके बाद हजारों भंडारा प्रसादी होगी।

# राज्य में पर्यटन नीति, फिल्म नीति शीघ्रता से हो जारी : उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में पर्यटन सचिव रवि जैन की उपस्थिति में गुरुवार को जयपुर स्थित सचिवालय में पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक में आयोजित की गई। उपमुख्यमंत्री ने बैठक राज्य में पर्यटन नीति, फिल्म नीति शीघ्रता से जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य में एडवेंचर योजना पर कार्य किये जाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके साथ ही विभिन्न पर्यटन साइट्स पर पर्याप्त संख्या में सीसी टीवी कैमरे लगाये जाने के निर्देश दिए।



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में पर्यटन सचिव रवि जैन की उपस्थिति में जयपुर स्थित सचिवालय में पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने राज्य में पर्यटन नीति, फिल्म नीति अंतिम रूप से तैयार कर, शीघ्र ही जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही राज्य में एडवेंचर योजना पर कार्य करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पुष्कर सरोवर की में सरोवर के कार्यों सहित घाट के सौंदर्यकरण का कार्य एवं अन्य वाँछित उपयोगी कार्यों को प्राथमिकता से लेने के निर्देश भी प्रदान किये। उपमुख्यमंत्री ने श्री खाटूश्याम जी का सुनियोजित विकास कार्य किया जाने तथा वहां दर्शनार्थियों की सुविधा पर फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर में प्रवेश और निकासी की बेहतर सुविधा विकसित किये जाने के निर्देश दिए।

दिया कुमारी ने मालासेरी डूंगरी के विकास कार्यों की विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री ने जयपुर के चारदीवारी क्षेत्र में विकास कार्य करवाये जाने के निर्देश दिए इसके साथ ही उन्होंने जयपुर सहित पर्यटन साइट्स पर स्वच्छता एवं साफ सफाई के कार्यों की चर्चा की और निर्देश दिए कि पर्यटन साइट्स पर मुख्य रूप से पेयजल की सुविधा के साथ शौचालयों की बेहतर सुविधाएं विकसित की जाए। उन्होंने पर्यटन साइट्स पर पर्याप्त संख्या में सीसी टीवी कैमरे लगाएं जाने के निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर के आमेर क्षेत्र में कॉन्सेर्ट वेंन्यु विकसित किये जाने की सम्भावनाओं को तलाशने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने चौड़ा रास्ता स्थित टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर के बेहतर उपयोग का प्लान बनाने के निर्देश प्रदान किये।

> ■ उपमुख्यमंत्री ने राज्य में एडवेंचर योजना पर कार्य किये जाने के अधिकारियों को दिए निर्देश

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा राज्य के चार स्थान आमेर, रणथंबोर, चित्तौड़ एवं बांसवाड़ा में स्थापित किए जाने वाले रोप वे की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही अजमेर के चामुंडा माता मंदिर पर रोप वे स्थापना हेतु कार्यवाही प्रारमभ करने के निर्देश प्रदान किए।

दिया कुमारी ने शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण कार्य हेतु चर्चा की।समीक्षा बैठक में पर्यटन विभाग के विभिन्न बिंदुओं जैसे अल्बर्ट हॉल के जीर्णोद्धार, लाइट एंड साउंड शो, बावड़ियों का जीर्णोद्धार, डेजर्ट टूरिज्म झुंझुनू में वार म्यूजियम के लिए चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।

## सीएम को धमकी देने वाले को सिम मुहैया कराने वाले आरोपी को जमानत

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को धमकी देने के मामले में दौसा जेल में बंद आरोपी को सिम मुहैया कराने वाले आरोपी राकेश जोशी को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस अनिल कुमार उपमन की एकलपीठ ने यह आदेश आरोपी राकेश जोशी की द्वितीय जमानत याचिका को स्वीकार करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि आरोपी की ओर से जेल में बिताई अवधि और मुकदमे की सुनवाई पूरी होने में लगने वाले समय को देखते हुए आरोपी को जमानत पर रिहा करना उचित होगा।

जमानत याचिका में अधिवक्ता सतीश कुमार खांडल ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता की ओर से पेश जमानत याचिका को वापस लेने के आधार पर गत 2 अप्रैल को अदालत ने याचिका को खारिज कर दिया था। अब मामले में पुलिस ने आरोप पत्र पेश कर दिया है। वहीं वह लंबे समय से जेल में बंद है और ना ही उसने मुख्यमंत्री के नाम धमकी भरा फोन किया है। उसे

> ■ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को धमकी देने के मामले में दौसा जेल में बंद आरोपी को सिम मुहैया कराने वाले आरोपी राकेश को जमानत दी

मामले में फंसाया गया है। ऐसे में उसे जमानत पर रिहा किया जाए। जिसका विरोध करते हुए सरकारी वकील ने कहा कि आरोपी दौसा जेल में कंपाउंडर के पद पर तैनात था। उसने पन्द्रह सौ रुपए के लालच में सह आरोपी शहजाद के जरिए मोबाइल सिम रिंकू तक पहुंचाई। वहीं रिंकू ने पुलिस नियंत्रण कक्ष में फोन कर मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी दी। ऐसे में आरोपी को जमानत नहीं दी जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने आरोपी को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं।

# 'राष्ट्र के मामले में विपक्ष को दिखानी चाहिए एकजुटता'

**जयपुर ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने गहलोत के बयानबाजी पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेसी नेताओं का चरित्र भी राजनीति से प्रेरित है। राष्ट्र के मामले में सभी दलों को एकजुटता दिखानी चाहिए थी, लेकिन कांग्रेसी नेता देश के नेतृत्व पर ही सवाल उठा रहे है, हमारे शीर्ष नेतृत्व को नीचा दिखाने की चेष्ठा कर रहे है, यह सही नहीं है। राठौड़ ने कहा कि गहलोत ने भी गोपनीयता की शपथ ली थी, वो ही शपथ हमारे शीर्ष नेतृत्व ने भी ली है। ऐसे में देश के कूटनीति के विषयों को कैसे उजागर कर दिया जाए! आतंकियों द्वारा पहलगाम में की गई कायराना हरकतों पर जहां हमारे शीर्ष नेतृत्व ने पाक से किए गए समझौते रद्द करने का ऐतिहासिक कार्य किया, वहीं दूसरी ओर भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर देश का मान रखा। आतंकियों के साथ उनके केंद्रों तक को भारतीय सेना ने नेस्तनाबूद कर दिया। ऐसे में हमारे शीर्ष नेतृत्व के साथ भारतीय सेना का सम्मान हम सब के लिए गौरव का विषय है।

> ■ देश की एकजुटता के लिए सभी की हो भागीदारी : मदन राठौड़

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के सम्मान और गौरव के लिए देशभर में तिरंगा यात्रा और सिंदूर यात्रा निकाली जा रही है। इस समय पक्ष और विपक्ष को एकजुट रहकर एकता का संदेश देना चाहिए। सभी राजनीतिक दलों को सेना के सम्मान के लिए तिरंगा यात्रा में शामिल होना चाहिए लेकिन इस समय भी कांग्रेसी नेता राजनीति कर रहे है, यह सही नहीं है। मुख्यमंत्री के काफिले के सामने आना, उनके काफिले के दौरान काले झंडे दिखाना यह निदंनीय है। राठौड़ ने बताया कि तिरंगा यात्रा भी पार्टी विशेष का कार्य नहीं है, इसमें भाजपा सहयोगी की भूमिका में है। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों को विधानसभा, जिला स्तर, मंडल स्तर, वार्ड स्तर और चौपाल स्तर पर निकलने वाली तिरंगा यात्रा में शामिल होकर एकता का संदेश देना चाहिए। तिरंगा यात्रा में भारतीय ध्वज के साथ नारे भी भारत माता की जय, जय हिंद और वंदे मातरम के लगाए जा रहे है। तिरंगा यात्रा या सिंदूर यात्रा का मुख्य उद्देश्य संपूर्ण राष्ट्र में देशभक्ति के वातावरण को और अधिक मजबूत करना है। यह यात्रा राजनीति निरपेक्ष कार्यक्रम है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सवाल के जवाब में कहा कि शायद गहलोत को यह नहीं पता कि पहलगाम में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सर्च पहले चलाया उसके बाद में पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकियों के साथ उनके प्रशिक्षण केंद्रों को नष्ट किया। ऑपरेशन सिंदूर चलाने पर विश्व के कई राष्ट्रों के पास गिडगिडाने लग गया, भारतीय सेना अधिकारियों से वार्ता के लिए अनुरोध करने की स्थिति में आ गया। भारतीय सेना ने पहलगाम हमले का चुन चुनकर बदला लिया और आतंकियों को सबक सिखाने का ऐतिहासिक कार्य किया है।

## विधायक सराफ ने सीसीटीवी कैमरों का किया शिलान्यास

**जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 131 मालवीय नगर बी ब्लॉक में विधायक कोष के द्वारा प्रदत्त राशि 31 लाख रुपये की लागत से लगने वाले 34 सीसीटीवी कैमरो का शिलान्यास किया। पार्षद गोविंद छीपा ने बताया की कॉलोनी में आए दिन असामाजिक तत्वों के द्वारा गाड़ियों में तोड़फोड़ की जाती थी, और चोरियां होती थी, कैमरे लग जाने से कॉलोनी में सुरक्षा रहेगी। विकास समिति के पदाधिकारियों एवं स्थानीय लोगों ने सराफ का माला पहनाकर जोरदार स्वागत कर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, के जी गोयल, अध्यक्ष सिद्धेश्वर महादेव विकास सेवा समिति, आर, एस चौहान,राजन माहेश्वरी, रमेश विजय, रणवीर सैनी, संजय शर्मा, राजेंद्र शर्मा, राजेंद्र गोयल,नरेंद्र सिंह, तरुण, ओम प्रकाश शर्मा, राकेश बंसल, पुखराज पारीक, राकेश बागड़ा, रितु भार्गव, अरविंद कुमार एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मुनाफे का झांसा देकर युवक से ठगे 10 लाख

**जयपुर।** करणी विहार थाना इलाके में सोशल मीडिया से सम्पर्क कर एक कंपनी में निवेश करने पर मोटा मुनाफे का झांसा देकर युवक से करीब 10 लाख रुपए ठग लिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार लालरपुरा निवासी नवदीप सिंह ने मामला दर्ज करवाया कि उसके पास सोशल मीडिया माध्यम से एक कॉल आया। युवती ने कंपनी के बिजनेस को लेकर जानकारी दी। इसके बाद आरोपी ने उसे एक लिंक भेजा। निवेश करने पर मोटा मुनाफे की बात कहीं। इस पर पीड़ित ने निवेश करना शुरू कर दिया। शुरू में उसे मुनाफा व जमा राशि भी लौटाई गई। उसका विश्वास जीत कर आरोपी ने उससे कई बार में करीब 991290 रुपए का निवेश करवा लिया। इसके बाद आरोपी ने न तो उसे मूल राशि और ना ही उसका मुनाफा लौटाया।

# कनिष्ठ अभियंता और दो ठेकेदार छह हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की पाली प्रथम ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए डिस्कॉम जवाली अतिरिक्त चार्ज डिस्कॉम रानी जिला पाली कनिष्ठ अभियंता धन्नाराम व ठेकेदार रामकुंवार गुर्जर एवं ठेकेदार सहायक महिपाल डुडी को छह हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी पाली प्रथम टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसकी कृषि विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन कर बिजली विभाग की मांग पत्र अनुसार सम्पूर्ण राशि 29 हजार 350 रूपये भर दिये जाने के उपरान्त उसके बेरे पर बिजली के पोल लगाने व तार खिचने की एवंज में कनिष्ठ अभियंता व ठेकेदार रामकुंवार उर्फ रामस्वरूप द्वारा ठेकेदार के सहायक



कनिष्ठ अभियंता धन्नाराम व ठेकेदार रामकुंवार गुर्जर एवंमहिपाल डुडी को छह हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया ।

के माध्यम से रिश्वत राशि 15 हजार की मांग कर रहा है।

जिस पर एसीबी पाली प्रथम टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र डूकिया के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए डिस्काम जवाली अतिरिक्त चार्ज डिस्काम रानी जिला पाली कनिष्ठ अभियन्ता धन्नाराम व ठेकेदार रामकुंवार गुर्जर एवं ठेकेदार सहायक महिपाल रिश्वत के 6 हजार रूपये लेते हुए रंगे हाथो गिरफ़्तार किया गया है।

## 50 हजार की रिश्वत लेते डीएसपी का दलाल ट्रैप

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की दौसा टीम ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए 50 हजार की रिश्वत लेते महुवा जिला दौसा के डीएसपी के दलाल को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार आरोपी ने पॉक्सो से जुड़े एक मामले को लेकर 2 लाख रुपए की डिमांड की थी। आरोपी रिश्वत के रूप में डेढ़ लाख रुपए पहले ले चुका। जबकि शनिवार को 50 हजार रुपए लेते समय एसीबी ने दलाल विष्णु मीणा को गिरफ्तार कर लिया।

एसीबी के डिप्टी एसपी नवल किशोर मीणा के नेतृत्व में महुवा में कार्रवाई के बाद आरोपी विष्णु को पकड़कर मेहंदीपुर बालाजी पुलिस थाने लाया गया है। जहां पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने डिप्टी एसपी रमेशचंद तिवाड़ी और रीडर रामदेव के नाम से रिश्वत ली थी। ऐसे में डिप्टी एसपी और उनके रीडर की भूमिका की जांच की जा रही है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी चौकी दौसा को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके बेटे के विरूद्ध दर्ज प्रकरण में मदद करने व गिरफ्तारी में समय देने के नाम पर वृत्ताधिकारी महुआ रमेश तिवारी अपने दलाल विष्णु कुमार मीणा के मार्फत ढाई लाख रुपए की रिश्वत मांग रहा है जिनमें शिकायत का सत्यापन करवाए जाने से पूर्व ही दलाल विष्णु कुमार ने डेढ़ लाख रुपए परिवादी से प्राप्त कर एक लाख रुपए की रिश्वत राशि की और मांग कर अपनी मांग अनुसार शेष रिश्वत राशि में से 50 हजार रुपए प्राप्त करने के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। दलाल विष्णु कुमार द्वारा वृताधिकारी वृत महुवा रमेश तिवारी एवं उसके रीडर रामदेव से परिवादी के बेटे के विरुद्ध दर्ज प्रकरण में मदद के लिए लगातार वार्तालाप की जा रही थी।

# जयपुर की मालवीय नगर विधानसभा में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर संवाद कार्यक्रम संपन्न

**जयपुर ।** जयपुर की मालवीय नगर विधानसभा में आज एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर आधारित परिचर्चा एवं संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देशभर में इस विचारधारा के प्रति जनजागृति फैलाना और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम बढ़ाना था।

इस आयोजन की संयोजक सरिता मित्तल जी ने जानकारी देते हुए कहा कि, देश को विकसित बनाने और लोकतंत्र को और मजबूत करने के लिए 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की मुहिम चलाई जा रही है। इस अभियान के माध्यम से जन-जन को जागरूक किया जा रहा है कि देश में एक साथ चुनाव होना समय और संसाधनों की दृष्टि से कितना आवश्यक है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता, 'एक राष्ट्र, एक चुनाव'




परिचर्चा एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया।

मुहिम के प्रदेश संयोजक सुनील भार्गव जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, यह जनजागरण इसलिए आवश्यक है ताकि जब सरकार इस विषय पर कोई संवैधानिक संशोधन लाए तो जनता का समर्थन पूरी तरह से उसके साथ हो। यह

> ■ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया

कदम देश के लिए कई लाभ लेकर आएगा। अनुमान के अनुसार, एक साथ चुनाव होने से देश के करीब 47 लाख करोड़ रुपए की बचत हो सकती है - जो लगभग एक साल के केंद्रीय बजट के बराबर है। विशिष्ट अतिथि एवं इस अभियान के जिला प्रभारी रवि नय्यर ने अपने वक्तव्य में कहा कि, विकास की गति को तेज़ करने और प्रशासनिक कार्यों में निरंतरता लाने के लिए यह एक अत्यंत आवश्यक निर्णय है।

बार-बार चुनाव की प्रक्रिया देश की ऊर्जा और संसाधनों को खंडित करती है। कार्यक्रम की संयोजक सरिता मित्तल जी ने आगे कहा, जिस तरह से देश में धारा 370 हटाना और राम मंदिर निर्माण जैसे बड़े कार्य संभव हुए, उसी तरह से यह मिशन भी जनसहयोग से सफल होकर रहेगा। इसके लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग आवश्यक है। इस अवसर पर भाजपा सोशल मीडिया विभाग के अजय विजयवर्गीय जी और सैल्यूट तिरंगा मुहिम से जुड़े मदन पालीवाल जी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए अभियान का समर्थन किया और जनमानस को जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, और 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की दिशा में इस मुहिम को और आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**जयपुर।** एसएमएस मेडिकल कॉलेज के पीछे गंगवाल पार्क में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में महारास और रुक्मिणी विवाह की कथा हुई। ललित सम्प्रदायाचार्य संजय गोस्वामी ने कहा कि महारास जीव और ब्रह्म का मिलन है। यह काम लीला नहीं है बल्कि काम पर विजय की लीला है। रूक्मणि विवाह प्रसंग के दौरान उन्होंने कहा कि जो यह प्रसंग सुनता है उनका दाम्पत्य जीवन सुखद बनता है।

**श्याम मंदिर में नानी बाई को मायरो शुरूः** सीकर रोड विजयबाड़ी पथ नंबर सात स्थित श्याम मंदिर में नानी बाई को मायरो कथा का शुभारंभ हुआ। व्यासपीठ से कैलाश बापू ने कथाश्रवण कराया। उन्होंने कहा कि दृढ़ता पूर्वक भगवान की भक्ति करने वाले को भगवान की कृपा अवश्य प्राप्त होती है। इससे पूर्व सुबह विजयबाड़ी पथ नंबर सात स्थित करणी मंदिर से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं लाल चूनड़ी की साड़ी और ओढ़नी पहनकर सिर पर कलश लेकर शामिल हुईं।

## सार-समाचार

### डकैती डालने वाला नौकर गिरफ्तार



**जयपुर।** वैशाली नगर थाना पुलिस ने कांग्रेस नेता संदीप चौधरी के घर डकैती डालने वाले नौकर उसके एक साथी सहित गिरफ्तार कर लिया है। इनमें घर का नौकर भरत बिष्ट (28) और हरि बहादुर धामी (29) शामिल है। भरत की पत्नी काजल और दो अन्य साथी फरार हैं। लूटा गया पैसा और गहने भी बरामदगी के प्रयास जारी है। अन्य बदमाशों की तलाश में पुलिस अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दे रही है।पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि वैशाली नगर में 14 मई को संदीप चौधरी के घर पर उनके नौकर दंपत्ति (काजल-भरत) और बाहर से आए कुछ बदमाशों ने डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। इस दौरान घर में उनकी मां कृष्णा चौधरी,पत्नी ममता चौधरी, बेटा राजदीप और बेटी राजश्री मौजूद थे। बदमाशों ने कृष्णा और ममता को चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया था। इसके बाद लूट को अंजाम दिया। दोनों आरोपी प्लेसमेंट एजेंसी के जरिए काम पर लगे थे।घटना की गंभीरता के चलते एक पुलिस टीम बनाई गई। तकनीकी शाखा जयपुर पश्चिम के सहयोग से टीमों का गठन किया गया। टीमों को अलग-अलग टास्क दिए गए। एक टीम को संदिग्ध आरोपियों के आने-जाने के रास्ते व रैकी आदि को डवलप करने का कार्य दिया गया। टीमों ने सीसीटीवी फुटेज में हुलिए के आधार पर पहचान कर रूट मैप तैयार किया। टीमों को बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड रवाना किया गया। नेपाल बॉर्डर पर भिजवाया गया। 16 मई को पुलिस टीम ने उत्तराखंड नेपाल बॉर्डर पार करने से पहले दो बदमाशों को डिटेन किया। इनसे पूछताछ की जा रही है। नेपाल का रहने वाला आरोपी भरत बिष्ट 28 अप्रैल से संदीप चौधरी के घर पर काम कर रहा था। उसी ने अपने साथी हरि बहादुर धामी (29) को बुला कर डकैती डलवाई थी। वारदात में शामिल अन्य तीन आरोपी अभी तक पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं।

### पेट्रोल के रुपए मांगने पर कर्मचारी का बाइक की टंकी के ढक्कन से सिर फोड़ा

**जयपुर।** आदर्श नगर थाना इलाके में पेट्रोल के रुपए मांगने पर बाइक सवार युवक ने बाइक की टंकी के ढक्कन से पेट्रोल पम्प कर्मचारी का सिर फोड़ दिया और मौके से भाग निकला। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बैनाड़ रोड करधनी निवासी रघुवीरसिंह ने मामला दर्ज करवाया कि वह राजापार्क स्थित पेट्रोल पम्प पर कार्यरत है। पेट्रोल पम्प पर एक बाइक सवार ने पेट्रोल डलवा लिया और जब कर्मचारी ने उससे रुपए मांगे गए तो आरोपी ने बाइक की टंकी का ढक्कन से उसके सिर पर वार कर दिया। इससे उसके सिर से खून बहने लगा। यह देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। कर्मचारी को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

### कैप्टन अमित भारद्वाज की पुण्यतिथि युवाओं ने किया रक्तदान



**जयपुर।** कारगिल हीरो कैप्टन अमित भारद्वाज की पुण्यतिथि पर मालवीयनगर सेक्टर-9 के शहीद अमित भारद्वाज स्मृति पार्क (दशहरा मैदान) में 26वां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शहीद अमित भारद्वाज मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि मेजर जनरल रोहित मेहरोत्रा, अमित भारद्वाज के पिता ओ पी शर्मा, मां सुशीला देवी शर्मा ने दीप प्रज्जवलन कर किया। इस मौके पर 204 यूनिट रक्तदान हुआ। उपस्थित बड़ी संख्या में लोगों ने कैप्टन अमित भारद्वाज के स्मारक पर पुष्पाजंलि अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी। इस दौरान लोगों ने जब तक सूरज चांद रहेगा अमित भारद्वाज का नाम रहेगा....भारत माता की जय... पाकिस्तान मुर्दाबाद...जैसे जयघोष लगाकर माहौल में जोश भर दिया।

### 1008 किलो ऋतु पुष्पों से किया हनुमान जी का श्रृंगार



**जयपुर।** नाहरी का नाका शास्त्री नगर स्थित श्री चमत्कारेश्वर वीर हनुमान मंदिर प्रांगण में शनिवार को 1008 किलो ऋतु पुष्पों से हनुमान जी महाराज का श्रृंगार किया गया। मंदिर के प्रवक्ता धीरज कुमार पारीक ने बताया की गर्मी बढऩे के साथ ही पवनपुत्र की पोशाक सहित भोग में विशेष परिवर्तन किया गया है। महंत सुरेश पारीक के सान्निध्य में भगवान को गर्मी में शीतलता प्रदान करने के लिए फूल बंगले में विराजमान किया गया। पवनपुत्र को ठंडाई, शर्बत, सत्तू, लस्सी, आमरस, तरबूज सहित विभिन्न शीतल व्यंजनों का भोग लगाया गया।

### युवक से मारपीट कर नगदी लूटी, तोड़ा मोबाइल

**जयपुर।** शिप्रापथ थाना इलाके में एक युवक से मारपीट कर नगदी लूटने का मामला सामने आया है। बदमाश ने पीडित का मोबाइल भी तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार राजपुरवास ताला निवासी हरसहाय ने मामला दर्ज करवाया कि वह अपने कार्यालय से घर जा रहा था इसी दौरान रिद्धि-सिद्धि पुलिया पर एक युवक ने उसे रोका और उससे शराब के लिए रुपए मांगे। रुपए नहीं देने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और उससे 5200 रुपए लूट लिए। आरोपी ने उसका मोबाइल भी तोड़ दिया। इस पर पीडित ने थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 14 मई की रात की बताई जा रही है।

### सजा श्याम प्रभु का दरबार

**जयपुर।** श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति जयपुर के तत्वावधान में वैशालीनगर के गांधी पथ स्थित अर्पित नगर में श्रीश्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति की ओर से श्याम भजनामृत सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजक ललित प्रसाद खंडेलवाल, दुर्गेश खंडेलवाल, योगेश खंडलेवाल ने महाआरती की। रविवार को सीकर रोड स्थित रामेश्वर गार्डन में शाम पांच बजे से श्रीश्याम भजनामृत सत्संग का आयोजन किया जाएगा। श्रीश्याम बाबा का अलौकिक दरबार सजाकर अंखड ज्योत प्रज्जवलित की जाएगी। शंकर झालानी और शंकर लाल नाटाणी ने बताया कि महाआरती के बाद पुष्प और इत्र वर्षा के बीच भजनों की प्रस्तुतियां दीं जाएगी।

# मसूदा के गांव देवमाली में पैंथर व दो शावकों की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत

## मसूदा उपखंड का वन विभाग अलर्ट

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा उपखंड क्षेत्र के ग्राम देवमाली में पिछले कई दिनों से पैंथर व दो शावकों की चहलकदमी किए जाने से ग्रामीणों में भय व्याप्त होने लगा है। वही वनविभाग ने गश्त शुरू की।

ग्राम देवमाली में पिछले काफी समय से पैंथर एवं दो शावको के गांव के पास स्थित पहाडी पर कई बार चहलकदमी करते हुए ग्रामीणों ने देखा। गत दो दिनों से देखा जा रहा है पैंथर एवं दो शावको के गांव के पास पहाडी की तलहटी के पास बने बाडे के आस पास चहलकदमी करते नजर आने से ग्रामीणों में मवेशियों की सुरक्षा को लेकर भय व्याप्त होने लगा है।

ग्राम के शांति लाल गुर्जर सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि गांव के पास पैंथर एवं दो शावको की मौजूदगी होने से मवेशियों के साथ साथ ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर चिंता सताने लगी है। गांव के पास पैंथर एवं शावक नजर आने की जानकारी मिलने पर वन विभाग के वनपाल हजारी लाल चौधरी वनकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे एवं आस पास के क्षेत्र की तलाश की लेकिन पैंथर एवं शावको का कोई सुराग नही मिल सका। जिसको लेकर वनविभाग ने रात्रि गश्त शुरू की।



**मसूदा उपखंड क्षेत्र के गांव देवमाली में पैंथर व दो शावकों के दिखाई देने से ग्रामीणों में भय व्याप्त है।**

**आस पास के क्षेत्र मे भी नजर आए पैंथर :** मसूदा उपखंड क्षेत्र के कई गांवों में पैंथर नजर आने से पैथर की संख्या को लेकर भी ग्रामीणों मे भय व्याप्त होने लगा है। पिछले छह माह में दौलतपुरा द्वितीय, रेबारियों की ढाणी, हीरा रामा का बाडिया, मानपुरा एवं जामोला सहित कई गांवो में पैथर एवं शावक दिखाई दिए थे। जिसको लेकर ग्रामीणों में मवेशियों की सुरक्षा को लेकर भय ही बना हुआ है। वही ग्राम पंचायत नाडी के पास स्थित एक मांइस से वन विभाग द्वारा दो पैंथरो का पिंजरा लगाकर रेस्क्यू भी किया गया था। उसके बाद भी लगातार क्षेत्र में पैंथर की मूवमेंट से क्षेत्र में काफी संख्या में पैंथर होने का कयास लगाया जा रहा है।

■ **पिछले काफी समय से पैंथर एवं दो शावको के गांव के पास स्थित पहाड़ी पर कई बार घूमते हुए ग्रामीणों ने देखा**

**वन व जंगल हुए वीरान :** मसूदा उपखंड क्षेत्र में वन एवं जंगलो के वीरान होने के साथ साथ वन्यजीवो के लिए पेयजल उपलब्ध नही होने से वन्यजीवो के आबादी क्षेत्र के आस पास दिखाई देना आम बात हो गई है।

**मवेशियों की सुरक्षा को लेकर परेशानी :** मसूदा उपखंड क्षेत्र में कई स्थानो पर पैंथर के मूवमेंट होने से ग्रामीणो ने बताया कि अधिकांश गांवो मे मवेशियो के बाडे खुले स्थान मे होने के साथ साथ पहाडी की तलहटी पर होने से मवेशियों की सुरक्षा को लेकर खासी परेशानी हो रही है।

साथ ही मवेशियों को जंगल के पास चराने के ले जाने में खासी परेशानी होने से मवेशियों को मजबूरन बाडे मे रखना पड रहा है। हजारी लाल वनपाल मसूदा का कहना है कि ग्राम देवमाली में पैंथर एवं शावक दिखाई देने को लेकर ग्रामीणों ने जानकारी दी। जिस पर पैंथर एवं शावको की तलाश करने के साथ साथ गश्त भी की जा रही है।

## पेड़ काटने की शिकायत की जांच

**बीकानेर।** पूगल तहसील के करणीसर भाटियान में सोलर कंपनी को लीज पर दी गई जमीन पर 179 खेजड़ी के पेड़ काटने की रिपोर्ट कार्यवाही के लिए तहसीलदार ने पुलिस थाने भेजी थी, लेकिन इसका मुकदमा ही दर्ज नहीं किया गया। पर्यावरण प्रेमियों ने एएसपी से मिलकर गुहार लगाई है।

पूगल तहसील के करणीसर भाटियान में दिल्ली की मैसर्स देशराज सोलर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने जमीन लीज पर ली है। उसी जमीन पर खेज़डी के 200 पेड़ काटने की शिकायत पर पटवारी ने जांच की।

मौके पर नौ काश्तकारों की जमीन पर खेजड़ी वृक्षों के 179 डंठल मिले। पटवारी ने रिपोर्ट पूगल तहसीलदार अशोक पारीक को सौंप दी। तहसीलदार ने पूगल पुलिस थाने को कार्यवाही करने के लिए पत्र लिख दिया, लेकिन इसे लेकर थाने में कोई मुकदमा दर्ज नहीं हो पाया है।

पुलिस का कहना है कि इस मामले में एसीसी स्तर पर ही कार्यवाही हो रही है, जबकि तहसीलदार को इस जानकारी से अनभिज्ञता जाहिर की है।

# जेल में बीड़ी-गुटखा मंगवाने वाले तीन कैदी गिरफ्तार

■ **कोतवाली पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर किए अरेस्ट; पीछे की दीवार के ऊपर से फेंका था बंडल**

**पाली, (नि.सं.)।** पाली जेल में बंद तीन कैदियों को कोतवाली पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। कैदियों ने जेल बीड़ी-गुटखा मंगवाए थे, जेल में पीछे की दीवार के ऊपर से फेंकने पर इनके साथी को पहले गिरफ्तार कर लिया था।

पूछताछ में उसने बताया कि जेल में बंद तीन कैदियों ने उससे बीड़ी-गुटखा मंगवाए थे, पूछताछ के दौरान उसने तीनों कैदियों ने के नाम पुलिस के बताए, जिस पर यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार किए गए कैदियों का शनिवार को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में मेडिकल करवाया गया है।

कोतवाली थाने के चेनराज ने बताया कि पाली जिला कारागृह की पीछे की दीवार की तरफ से जेल में बीड़ी बंडल फेंकने के मामले में गत दिनों रितिक नाम के युवक को गिरफ्तार किया था। जिसने पूछताछ में बताया कि जेल में बंद पाली जिले के बूसी गांव निवासी नरेश (32) पुत्र लालाराम, पाली के मंडिया रोड कालूजी की बगेची क्षेत्र में रहने वाला महिपाल (35) पुत्र मदनलाल और पाली के सूरजपोल जटियों का बास निवासी हरीश पुत्र अशोक ने उसे कॉल कर जेल की पिछली दीवार से जेल के अंदर बीड़ी का बंडल और गुटखा फेंकने के लिए बोला था।

इस पर पुलिस ने तीनों आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर जेल से गिरफ्तार किया है, जिनका शनिवार को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में मेडिकल कराया गया है।

# कैफे में रिसेप्शन पर बैठे युवक को कांस्टेबल ने थप्पड़ जड़ा, विभाग ने निलंबित किया

■ **घटना का वीडियो आया सामने**

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के रातानाडा स्थित एक कैफे में रिशेप्सन पर कार्यरत युवक के साथ डीएसटी पूर्व के एक कांस्टेबल ने बिल की बात को लेकर गाली गलौच करते हुए थप्पड़ जड़ दिया। उस समय एक महिला ठाहक भी वहां मौजूद थी।घटना के बाद घबराई महिला वहां से रवाना हो गई। घटना शुक्रवार की है। जिसका वीडियो आज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामले में पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए उसे तत्काल निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए। जानकारी के अनुसार रातानाडा में एक रेस्टारेंट कैफे आया हुआ है। शुक्रवार को पुलिस का एक कांस्टेबल वहां पहुंचा था और बिल चुकाने की बात को लेकर रिशेप्सन पर कार्यरत युवक से उलझने के साथ गाली गलौच करने लगा। इसके बाद वह रिसेप्शन केबिन में घुस आया और फिर रिशेप्शनिस्ट को थप्पड़ जड़ दिया। केबिन में लगे सीसीटीवी कैमरे को कांस्टेबल ने नहीं देखा। परिणाम यह हुआ कि घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस घटना का वीडियो शनिवार सुबह वायरल हुआ तो लोगों में पुलिस की गुण्डागर्दी चर्चा का विषय बन गई। बाद में पता चला कि डीएसटी पूर्व में कार्यरत कांस्टेबल किशन सिंह है। पुलिस विभाग की किरकिरी हुई तो डीसीपी पूर्व आलोक श्रीवास्तव ने स्वत: संज्ञान लिया तथा दोषी कांस्टेबल को निलंबित करने के आदेश जारी किए। हालांकि रातानाडा थाने में कैफे संचालक या रिशेप्सनिस्ट की तरफ से केस दर्ज नहीं करवाया गया है।

## रोडवेज डिपो में चल रहा है अनूठा खेल

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं के रोडवेज डिपो में अनूठा खेल चल रहा है। इसका राजफाश तब हुआ। जब एक शिकायत एसीबी को की गई। इसके बाद एसीबी के निर्देशन पर रोडवेज मुख्यालय ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई थी। इसमें कार्यकारी प्रबंधक शिकायत और कार्यकारी प्रबंधक विजिलेंस शामिल थे। जिन्होंने अपनी रिपोर्ट सौंपी है। इसमें पाया गया है कि करीब 14 कर्मचारी ऐसे है। जो सालों से ड्यूटी पर नहीं देखे गए।

# रोड पर टहलती दो महिलाओं को थार ने टक्कर मारी

## एक की हालत गंभीर, हादसे के बाद ड्राइवर फरार

**हनुमानगढ़।** रात को खाना खाकर रोड पर टहल रहीं दो महिलाएं थार की चपेट में आ गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों महिलाएं उछलकर दूर जा गिरी। दोनों के सिर में गम्भीर चोटें लगी। इनमें से एक को जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। टक्कर मारने के बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। इस संबंध में जंक्शन पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज हुआ है। घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई।

पुलिस के अनुसार छिन्द्रपाल (60) पुत्र रामजीलाल ब्राह्मण निवासी वार्ड 12, चक जहाना हाल मकान नम्बर 5/112, हाउसिग बोर्ड कॉलोनी, जंक्शन ने रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज करवाया कि उसकी पुत्रवधू नीरू पत्नी जसविन्द्र पाल खाना खाने के बाद बच्चों व अपनी पड़ौसन परमजीत कौर पत्नी जगरूप सिंह के साथ घूमने के लिए अपने घर से नई खुन्जा होते हुए श्रीगंगानगर रोड स्थित गंगा राइस मिल के पास पहुंची। तभी श्रीगंगानगर की तरफ से महेन्द्रा थार गाड़ी का ड्राइवर अपने वाहन को तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाता हुआ आया तथा सड़क किनारे चल रही उसकी पुत्रवधू नीरू व पड़ौसन परमजीत कौर में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि उसकी पुत्रवधू नीरू व परमजीत उछलकर सड़क के किनारे बनी पक्की चौकी पर जा गिरी। इससे उसकी पुत्रवधू नीरू व पड़ौसी परमजीत कौर के सिर में गम्भीर चोटें लगी। उक्त वाहन चालक अपनी गाड़ी लेकर मौके से भाग गया।

दुर्घटना के समय जसवंत सिंह मौके पर था। उसने घटना को अपनी आंखों से देखा तथा जगरूप सिंह को इसकी सूचना दी। जगरूप सिंह ने घटना की सूचना उसे दी। तब वह, जगरूप सिंह घटनास्थल पर पहुंचे तब तक राहगीरों के जरिए उसकी पुत्रवधू नीरू व पड़ोसी परमजीत कौर को टाउन के राजकीय जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती करवा दिया गया था। जहां से रेफर करने पर नीरू को श्रीगंगानगर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां सिर में गम्भीर चोटें लगने से उसका ऑपरेशन किया गया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

उक्त दुर्घटना घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में कैद है। पुलिस ने महेन्द्रा थार गाड़ी ड्राइवर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश हैड कॉन्स्टेबल प्रदुमन यादव के सुपुर्द की है।

## जेल में मिला बगैर सिम का फोन मिला

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर केंद्रीय कारागार में निषिद्ध सामठाी का पता लगाने के लिए जेल प्रशासन की तरफ से सर्च अभियान जारी है। हाल में बीड़ी जर्दा के पाउच मिलने के बाद शुक्रवार को सर्च में शौचालय के पास मिट्टी में दबाया हुआ एक एंड्राइड फोन बरामद हुआ। फोन बगैर सिम कार्ड का था। जिसे जब्त करने के साथ रातानाडा पुलिस थाने में इस बाबत केस दर्ज करवाया गया है। थानाधिकारी दिनेश लखावत ने बताया कि शुक्रवार को जेल प्रशासन की तरफ से सर्च अभियान चलाया गया था। तब बैरक संख्या तीन के शौचालय में मिट्टी में दबाया एक एंड्राइड फोन मिला। जोकि अज्ञात बंदी अथवा कैदी द्वारा छुपाया गया है। मोबाइल में सिम नहीं लगी है। कारापाल हड़वंत सिंह की तरफ से अब रिपोर्ट दी गई। मामले में अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

## हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**उदयपुर,।** शहर के सवीना थाना पुलिस ने किराणा व्यापारी से पांच लाख की फिरौती मांगने वाले हिस्ट्रीशिटर को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार धनराज पटेल पुत्र रता निवासी वली कुराबड़ ने 15 मार्च को प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 14 मार्च को सांय मेरी किराणा दुकान पर आए राजपाल व जवान सिंह देवड़ा ने शैतानसिंह से बात कराई।

# हमारे स्वदेशी हथियारों की मारक क्षमता ने दुनिया को चौंकाया : डॉ. सतीश पूनियां

## तिरंगा यात्रा आम जनमानस की यात्रा : डॉ. पूनिया

**चंडीगढ़, रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां ने रोहतक भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों से दिनभर मुलाकात की।

इसके बाद रोहतक कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सतीश पूनियां ने कहा कि, कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक तिरंगा ही तिरंगा नजर आ रहा है। ''ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य को देश सलाम कर रहा है। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा आम जनमानस की यात्रा है और इस यात्रा में सामाजिक, धार्मिक संगठनों के साथ-साथ भाजपा भी शामिल है।

हरियाणा प्रवास कार्यक्रम के तहत शनिवार को रोहतक स्थित भाजपा कार्यालय मंगल कमल में प्रदेश प्रभारी डा. पूनिया कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे। यहां उन्होंने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का सकारात्मक माहौल है, भारत की सेना आधुनिकतम हथियारों के साथ पूरी तरह सशक्त है और भाजपा की संगठनात्मक ताकत व तैयारियों को लेकर भी उन्होंने खुलकर चर्चा की।

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां ने कहा कि भारत की यह खूबी है कि चुनौती के समय जाति, पंथ, मजहम और राजनीतिक सियासत से ऊपर उठकर देश एकजुट हो जाता है और इसका संदेश पूरी दुनिया में जाता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत की साख दो कारणों से है, एक है भारत का लोकतंत्र और दूसरा भारतीय सेना। हमारी सेना ने ''ऑपरेशन सिंदूर'' के तहत अपने अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय दुनिया को एक बार फिर से दिया है। सतीश पूनिया ने कहा कि आज आतंकवाद दुनिया की सबसे बड़ी चुनौती है। कारगिल युद्ध के बाद ऑपरेशन सिंदूर सबसे बड़ा उदाहरण है कि हमारी सेना ने दुश्मन के घर में घुसकर सटीक प्रहार करते हुए दुर्दांत आतंकियों सहित उनके ठिकानों को ध्वस्त किया है। भारत का यह पराक्रम दुनिया के सामने आया है। उन्होंने कहा कि अब तो वॉलीवुड भी ऑपरेशन सिंदूर को लेकर फिल्में बनाने में उत्सुकता दिखा रहा है।

डा. पूनिया ने कहा कि आतंकवादियों ने पहलगाम में हमारी माताओं, बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, हमारी सेना ने भाई का धर्म निभाते हुए ऑपरेशन सिंदूर पूरा किया। दुनिया को भारत की स्वदेशी लाइट फिल्ड मशीन और ब्रह्मोस मिसाइल की मारक क्षमता को देखकर ताज्जुब हुआ। ऑपरेशन सिंदूर से भारतीय सेना की आत्मनिर्भरता उजागर हुई।

डॉ. पूनिया ने कहा कि जो भारत कभी शत प्रतिशत रक्षा उपकरण आयात करता था वहीं भारत अब निर्यात करने लगा है।

संगठनात्मक विषयों पर बोलते हुए डा. पूनिया ने कहा कि हरियाणा में मंडल अध्यक्षों और कार्यकारिणी का गठन हो चुका है।

आने वाले समय में राजनीतिक गतिविधियां जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा केंद्रीय नेतृत्व का निर्देश मिलते ही जिला इकाईयों, मोर्चों और प्रकोष्ठों का गठन होगा। डा. पूनिया ने कहा कि हरियाणा की राजनीतिक जमीन भाजपा के वैचारिक तौर पर पुख्ता जमीन हरियाणा में बनी है। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि हरियाणा बीजेपी के विचार के रूप में विकसित होगा।

## लूट के आरोपी को 10 साल की सजा

**नसीराबाद, (निसं)।** नसीराबाद में 2021 की लूट की एक सनसनीखेज वारदात में न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। आदतन अपराधी रामा पंडित को चाकू की नोक पर नगदी लूटने के मामले में 10 वर्ष के कठोर कारावास तथा 25,000 के आर्थिक दंड से दंडित किया गया है। यह फैसला नसीराबाद एडीजे न्यायालय के न्यायाधीश नवीन मीणा द्वारा सुनाया गया।

ग्राम भटियाणी निवासी पप्पू प्रजापत ने 22 जुलाई 2021 को नसीराबाद सिटी थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि जब वह अपने गांव जा रहा था, तब नसीराबाद निवासी रामा पंडित ने रास्ते में रोककर चाकू दिखाकर उसकी जेब में रखी नगदी लूट ली और मौके से फरार हो गया। शिकायत मिलते ही नसीराबाद सिटी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रामा को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक महेन्द्र चौधरी ने केस की मजबूती से पैरवी की, जिसमें उन्होंने 8 गवाहों की गवाही और 10 दस्तावेजी साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत किए। न्यायालय ने अभियोजन पक्ष के ठोस तर्कों से सहमति जताते हुए आरोपी को दोषी करार दिया और उसे भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत 10 वर्ष के कारावास व आर्थिक दंड की सजा सुनाई।

# मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार




**देवली मांझी थाना पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार किया है।**

**कोटा, (निसं)।** देवली मांझी थाना पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई छह मोटरसाईकिलों को बरामद किया है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि 12 मई को फरियादी सुरेन्द्र मीणा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि 11 मई को उसकी मोटरसाईकिल चौंमा मालियान से चोरी हो गई। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि आरोपी की तलाश के लिये पुलिस उपअधीक्षक अभय कुमार के निर्देशन में देवली मांझी थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी सुरेश मीणा के नेतृत्व में टीम का गठन किया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि गठित टीम ने तकनिकी आधार व मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए ढ ोटी गांव थाना देवली मांझी निवासी बन्टी को डिटेन कर पूछताछ कर मोटरसाईकिल चोरी के प्रकरण में गिरफ्तार किया और चोरी की मोटरसाईकिल को भी बरामद किया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी से पूछताछ के आधार पर कोटा जिले के विभिन्न स्थानों से चोरी की गई पांच और मोटरसाईकिल बरामद की। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

## पेड़ पर फंसने से बघेरे की मौत

**अलवर।** अलवर के प्रतापगढ़ वन नाका प्रतापगढ़ के अधीन भड़ाज गांव के बांध के पास पडाक छापली की तरफ जंगल में एक पेड़ पर फंसने से बघेरे की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने बघेरे को पेड़ से उतारकर अंतिम संस्कार कर दिया। वनपाल रामवतार मीना ने बताया कि ठाामीणों से सूचना मिली कि एक बघेरा बांध के पास एक पेड़ पर लटका हुआ है, लेकिन उसमें कोई हलचल नहीं है। सूचना मिलते ही टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जब तक पेड़ पर लटक रहे बघेरे की मौत हो चुकी थी। मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत करा मृत ढ ाई वर्षीय बघेरे को लेकर क्षेत्रीय वन अधिकारी कार्यालय थानागाजी पहुंचे। जहां उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में मृत बघेरे का चिकित्सा दल से पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार किया गया।

## सड़क हादसे में पति-पत्नी सहित 4 की मौत

**हनुमानगढ़।** पंजाब के फिरोजपुर में सड़क हादसे में हनुमानगढ़ के नोहर के रहने वाले मां-बेटी सहित 4 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 2 लोग गंभीर घायल हो गए। डेरा ब्यास सत्संग जा रहे क्रेटा कार सवार लोगों को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसा जीरा सदर थाना इलाके के अमृतसर-बठिंडा नेशनल हाईवे 54 पर शाम 4 बजे हुआ।

जीरा सदर थाना के एसएचओ बलजिंदर सिंह ने बताया कि चेतन (43) पुत्र लालचंद और उसकी पत्नी कोमल (42), पार्वती देवी पत्नी किशन लाल, उसका बेटा जितेंद्र (35), बहू डिंपल (32), भाविशा (06) पुत्री चेतन निवासी नोहर जिला हनुमानगढ़ क्रेटा गाड़ी में सवार होकर सत्संग के लिए डेरा ब्यास जा रहे थे। जब जीरा में अमृतसर-बठिंडा राष्ट्रीय राजमार्ग-54 पर गांव मलसियां कलां के पास पहुंचे तो उनकी गाड़ी की सामने से आ रहे ट्रक के साथ आमने-सामने की टक्कर हो गई।

एसएचओ बलजिंदर सिंह ने बताया कि टक्कर इतनी भयानक थी कि इसमें क्रेटा कार के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में कोमल, जितेंद्र, डिंपल और भाविशा की मौत हो गई। हादसे में दो को गंभीर हालत में जीरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर लुधियाना रेफर कर दिया। मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल जीरा में रखा गया है।

# भीनमाल में सात लाख रुपये का अफीम का दूध बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**जालोर, (कासं)।** जालोर जिले की भीनमाल पुलिस ने शनिवार को 01.447 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम का दूध बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। बरामद अफीम के दूध की अनुमानित बाजार किमत सात लाख रूपये आंकी गई है।

जालोर पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत भीनमाल थानाधिकारी रामेश्वर भाटी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर ईतलानुसार खानपुर तिराया के पास बनी प्याउ की औसरी पहुंचकर बैग सहित एक व्यक्ति को दस्तयाब कर बैग की तलाशी ली गई तो दो पैकेटों में कुल 1 किलो 447 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम का दूध भरा हुआ पाया गया। जिस पर उक्त अवैध मादक पदार्थ अफीम का दूध बरामद कर आरोपी सुनिल उर्फ सोहनलाल पुत्र नागजीराम मांजु विश्नोई निवासी सेवडी पुलिस थाना बागोडा को गिरफ्तार किया गया, आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। बरामद अवैध अफीम के दूध की अनुमानित बाजार किमत सात लाख रूपये आंकी गई है। मुलजिम के माल खदीद-फरोख्त के सम्बंध में अनुसंधान जारी है।



**जालोर जिले की भीनमाल पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ अफीम का दूध बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया।**

पुलिस ने बताया कि सुनिल उर्फ सोहनलाल पुत्र नागजीराम मांजु विश्नोई निवासी सेवडी पुलिस थाना बागोडा को गिरपतार किया।

वही सांचौर पुलिस ने आरोपी सुजानाराम को गिरफतार कर उसके कब्जे से 362 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम के दूध को बरामद किया।

सांचौर थानाधिकारी देवेन्द्रसिंह मय जाब्ता द्वारा मुखबीर से प्राप्त सुचना अनुसार सरहद बलाना से आरोपी सुजानाराम पुत्र ठाकराराम जाति विशनोई (मंण्डा) उम्र 50 साल निवासी बलाना पुलिस थाना सांचौर को दस्तयाब कर उनके कब्जे से 362 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम का दूध जब्त किया जाकर मुलजिम सुजानाराम को गिरफतार कर उसके विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

# कोटा में अनुकंपा नियुक्ति के नाम पर छोखाधड़ी का मामला आया सामने

**कोटा, (निसं)।** रेलवे में डमी कैंडिडेट के जरिए नौकरी पाने का मामला पहले से ही सुर्खियों में बना हुआ है। अब एक अन्य मामला सामने आया है जिसमें कैंडिडेट को नौकरी दिलाने के नाम पर झांसा दिया और लाखों रुपए उससे हड़प लिए हैं।

इस मामले में परिवादी महिला ने शिकायत की है कि उसे डीआरएम ऑफिस में ले जाकर ट्रेनिंग करवाई और झांसा दिया। आरोपियों ने अपने आप को रेलवे कर्मचारी बताया। साथ ही रेल्वे की तरफ से जॉइनिंग और अपॉइंटमेंट दिखाते हुए फर्जी लेटर भी दिए गए हैं। इस पूरे मामले पर जीआरपी थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पूरे प्रकरण पर जीआरपी के पुलिस उपअधीक्षक कोटा शंकर मीणा का कहना है कि मामले में मध्यप्रदेश निवासी पीड़िता के साथ धोखाधड़ी की बात आई है। इस मामले में जांच जीआरपी कोटा थाना अधिकारी अशोक कुमार सैनी कर रहे हैं। साथ ही पुलिस सबूत को जुटाने में लगी हुई है। इस मामले में परिवादी मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा निवासी आरती मोखेड़े हैं। सीनियर डीसीएम कोटा सौरभ जैन ने बताया कि इस संबंध में अभी जानकारी मिली है। मामले की पूरी पड़ताल की जा रही है।

यह कर्मचारी हमारे हैं या नहीं यह भी जांच कर रहे हैं। इसके बाद ही हम कुछ कह पाएंगे। आरती ने बताया कि उसके पिता गणेश प्रसाद भी रेलवे विभाग में बैतूल में डीजल इंजन चालक थे जिनकी नौकरी के दौरान मौत हो गई। इस मामले में आरती को उनके स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति मिलनी थी। उसने अपने दस्तावेज भी नागपुर डीआरएम ऑफिस में जमा करवा दिए थे। काफी समय से नौकरी का प्रोसेस लंबित है। आरती का कहना है कि 6 फरवरी 2025 को अनुपम चौधरी नाम बताते हुए एक व्यक्ति का फोन उनके पास आया और उसने बताया कि पिता की जगह अनुकंपा नियुक्ति कर रहे हैं इसलिए अपने पिता से संबंधित दस्तावेज लेकर वह कोटा आ जाए।

10 फरवरी को वह अपनी दोस्त को लेकर कोटा आ गई थी जहां पर अनुपम चौधरी से जब बात की तो उन्होंने आरती को रेलवे स्टेशन पर रुकने को कहा। साथ ही कहा कि वो एक व्यक्ति के जरिए फॉर्म भेज रहे हैं जिसे डीआरएम ऑफिस में जमा कराना है। इस संबंध में उस व्यक्ति को 40 हजार रुपए देने को भी कहा उसके कहे अनुसार एक व्यक्ति आया और उसने पैसा लिया और एक फॉर्म दे गया। पीड़िता का कहना है कि इनमें से कई घटनाक्रम के वीडियो और फोटो उसके पास भी हैं।

# 'पुलिस ही आरोपियों के साथ लिप्त है और उनके इशारों पर एफ.आई.आर. दर्ज कर रही है'

## राजस्थान हाईकोर्ट में यह आदेश सत्यनारायण गुप्ता की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए बोली

- **सत्यनारायण गुप्ता द्वारा इस मामले में उनके खिलाफ दायर एफ.आई.आर. को रद्द करने की गुहार की गई थी**
- **न्यायाधीश प्रवीण भटनागर द्वारा 16 मई को दिये गये आदेश में अदालत ने पाया कि सत्यनारायण गुप्ता के खिलाफ दायर एफ.आई.आर. को पुनः खुलवाने के बाद दूसरे जांच अधिकारी ने मामले में कोई नया सबूत या तथ्य नहीं खोजा केवल आरोपी और शिकायतकर्ता के बयान लिये। अदालत ने कहा कि इस मामले में प्रतीत होता है कि राजस्थान पुलिस द्वारा नियुक्त किये गये दूसरे जांच अधिकारी आरोपियों के साथ ही मिले हुए है।**

जयपुर, 17 मई, (कासं)। कानून के अंतर्गत पुलिस को मुजरिमों को पकड़ने के लिये ही जांच के अधिकार दिये जाते है और यही कानून पुलिस को शक्तियां देता है कि वह आरोपी के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करें और अदालत के समक्ष "चार्जशीट" दायर कर जांच में पाये गये तथ्य पेश करे। पर हैरानी की बात है कि राजस्थान हाईकोर्ट के समक्ष ऐसा मामला आया जिसमें पुलिस ने आरोपी के साथ मिलकर एफ.आई.आर. दर्ज करने वाले शिकायतकर्ता को डराने-धमकाने के लिये उसके विरूद्ध एक दूसरी एफ.आई.आर. दर्ज करें।

इस मामले में हाईकोर्ट का दरवाजा प्रदेश के एक उद्योगपति व बिल्ड़र सत्यनारायण गुप्ता ने खटखटाया था। और इनकी ओर से पैरवी करने के लिये अधिवक्ता स्वदीप सिंह होरा और अधिवक्ता नरेश कुमार सेजवानी पैरवी के लिए पेश हुए। मामले के तथ्यों के अनुसार सत्यनारायण गुप्ता ने वर्ष 2023 में राजकुमार व अन्य के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज कराई थी, जिसके अनुसार आरोपियों ने जयपुर में कलवाड़ स्थित पार्थसिटी में 3 प्लॉट पर कब्जा किया था। उल्लेखनीय है कि राजकुमार गुप्ता, सत्यनारायण गुप्ता और महिपाल यादव ने मिलकर क्षितिज कॉलोनाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड नामक एक कम्पनी वर्ष 2008 में गठित करी।

सत्यनारायण गुप्ता की ओर से अदालत में कहा गया कि 2023 की इस एफ.आई.आर. के चलते राजकुमार गुप्ता व अन्य कुछ लोगों ने पुलिस की मदद से उनके खिलाफ 2024 में एफ.आई.आर. दर्ज करी थी। जिसे अदालत को पूर्णतया खारिज कर देना चाहिए।

अदालत के समक्ष सुनवाई के दौरान सत्यनारायण गुप्ता की ओर से बताया गया कि 2024 की एफ.आई.आर. में शिकतायकर्ता का कहना है कि उन्होंने सत्यनारायण गुप्ता के झूठे वादों पर 6 करोड़ का लोन लिया था। इस लोन से उत्पन्न हुए विवाद को निपटाने के लिये सत्यनारायण गुप्ता ने उन्हें पार्थसिटी में तीन प्लॉट दिये। आरोपियों का यह भी कहना है कि उन्होंने इन प्लॉट्स को लेने के एवज में सत्यनारायण गुप्ता को 50 लाख रुपये नकद भी दिये।

हालांकि सत्यनारायण गुप्ता की ओर से दायर 2023 की एफ.आई.आर. में स्पष्ट लिखा है कि वर्ष 2016 में ही राजकुमार गुप्ता व अन्य ने पार्थसिटी में 3 प्लॉट को हथियाने की साजिश शुरू कर दी थी।

सत्यनारायण गुप्ता की ओर से अदालत में कहा गया है कि 2024 में राजकुमार व अन्य दर्ज करी गई एफ.आई.आर. में इस तथ्य को छुपाया कि उनके खिलाफ भी उसी पुलिस स्टेशन में एफ.आई.आर. दर्ज है, जिसमें आरोपी सत्यनारायण गुप्ता ही है।

आरोपीगण राजकुमार गुप्ता व अन्य द्वारा दायर एफ.आई.आर. की जांच में इंवेस्टिगेशन एजेंसी (जांच एजेंसी) ने पाया कि मामला "सिविल नैचर" का है, जिसके बावजूद इस विवाद को अपराधिक मोड़ दिया जा रहा है और पुलिस के जरिये दबाव दिया जा रहा है। हैरानी की बात है कि "तथ्यात्मक रिपोर्ट" जारी किये जाने के बाद भी इस मामले को 2025 में पुनः खोला गया और राजस्थान पुलिस ने एक नया जांच अधिकारी नियुक्त किया, जिसने केवल सत्यनारायण गुप्ता और आरोपियों का पुनः बयान दर्ज किया और यह पाया कि मामले में 420 और अपराधिक रूप से विश्वास भंग करने का मामला दर्ज किया जा सकता है।

सत्यनारायण गुप्त की ओर से अदालत में पैरवी के दौरान कहा गया कि राजकुमार व अन्य द्वारा दायर मामले में एफ.आई.आर. को रद्द नहीं किया जाए तो वह कानून की नजरों में गलत उदाहरण पेश करेगा और पुलिस दण्डात्मक कार्यवाही को जारी रखेगा। जिसकी आड़ में आरोपी सत्यनारायण गुप्ता से भारी रकम ऐंठना चाहते है।

अदालत में मामले की सुनवाई करते हुए पाया कि राजकुमार व अन्य द्वारा 2024 में, कथित विवाद के 8 साल बाद एफ.आई.आर. दर्ज करवाना, बड़ा ही विचित्र गणनाक्रम है। अदालत को इस बात पर भी विश्वास नहीं हो रहा है कि बिना "एग्रीमेंट" (अनुबंधन) के कोई 3 प्लॉट किसी को क्यों बेचेगा, और बाद में प्लॉट के एवज में दिये गये चैक को भी इनकैश नहीं कराएगा। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि इस मामले में यह भी हैरानी की बात है कि आरोपियों का कहना है कि उनकी ओर से 50 लाख रूपये बिना किसी रसीद के सत्यनारायण गुप्ता को दिये गये है, और प्लॉट के पट्टे भी उनके पास नहीं है। अदालत ने अपने आदेश में पाया कि दूसरे जांच अधिकारी ने मामले को पुनः खोलने के लिये कोई नया सबूत या तथ्य नहीं खोजा केवल आरोपी और शिकायतकर्ता के बयान लिये। अदालत ने कहा कि इस मामले में प्रतीत होता है कि राजस्थान पुलिस द्वारा नियुक्त किये गये दूसरे जांच अधिकारी आरोपियों के साथ ही मिले हुए है।


हैरानी की बात है कि सत्यनारायण गुप्ता द्वारा 2023 में दायर करी गई एफ.आई.आर. पर अभी तक जांच लम्बित है, और कोई निष्कर्ष सामने नहीं आया।

# समदर सिंह और विक्रम सिंह को मिला रंगरीत कला अवार्ड

- **गोविन्द रामदेव को 'रंगरीत कला कौस्तुभ' सम्मान तथा युवा चित्रकार उदयपुर के मनदीप शर्मा 'रंगरीत चंद्रकला मणी' सम्मान प्रदान किया**

**जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से 2 मई से आयोजित रंगरीत कला महोत्सव के तहत शनिवार को रंगरीत कला अवार्ड समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रदेश के दो वरिष्ठ चित्रकार जयपुर के समदर सिंह खंगारोत 'सागर' और जयपुर के ही गोविन्द रामदेव को इस वर्ष का 'रंगरीत कला कौस्तुभ' सम्मान तथा युवा चित्रकार उदयपुर के मनदीप शर्मा और जयपुर के विक्रम सिंह राठौड़ को 'रंगरीत चंद्रकला मणी' सम्मान प्रदान किया गया। ये सभी कलाकार चित्रकला की विभिन्न पारंपरिक शैलियों में कला साधना कर रहे हैं। चारों कलाकारों को केंद्र की अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) अलका मीणा और वरिष्ठ लेखाधिकारी बिंदु भोभरिया ने शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह और प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वर्कशॉप में हिस्सा लेने वाले कलाकारों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में प्रदर्शित कृतियों का रविवार को भी सुबह 11 से शाम 6 बजे तक अवलोकन किया जा सकता है, रविवार को समारोह का अंतिम दिन है।

सभी ने चित्रकार समदर सिंह खंगारोत, गोविन्द रामदेव,रामू रामदेव, बीकानेर के महावीर भारती, जयपुर के सुधीर वर्मा, उदयपुर के शैल चोयल, अजमेर के राम जायसवाल, दिल्ली की सुमित्रा अहलावत, उदयपुर के मनदीप शर्मा तथा जयपुर के विक्रम सिंह राठौड़ की कृतियों में विशेष रूचि दिखाई तथा उनकी गहनता से जानकारी हासिल की।



भीषण गर्मी में पर्यटक व आम नागरिको को राहत देने के लिये हवा महल के सामने पानी का छिड़काव किया ।

# चिकित्सा संस्थानों व औषधि भण्डार गृहों का निरीक्षण किया

**जयपुर।** राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की ओर से दवा आपूर्ति प्रबंधन को सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से प्रदेशभर में औषधि भण्डार गृहों एवं चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण किया जा रहा है। आरएमएससीएल की प्रबंध निदेशक श्रीमती नेहा गिरि के निर्देशन में किए जा रहे इन निरीक्षणों के तहत मुख्यालय से टीमें विभिन्न जिलों का दौरा कर औषधियों की उपलब्धता, लू तापघात प्रबंधन, ऑक्सीजन की उपलब्धता, उपकरणों का रख रखाव एवं विभागीय कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का सघन परीक्षण कर रही हैं। निरीक्षण की कड़ी में कार्यकारी निदेशक लॉजिस्टिक डॉ. कल्पना व्यास एवं जयपुर प्रथम के श्री संजय शर्मा द्वारा राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल कोटपूतली एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोविंदगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारियों व विभागीय कार्मिकों को निःशुल्क दवा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, लू तापघात प्रबंधन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए तथा चिकित्सा संस्थानों में लू तापघात से बचाव व नियंत्रण के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई। कार्यकारी निदेशक ने क्षेत्र में हीटवेव से बचाव एवं उपचार के लिए बेहतर प्रबंधन बनाए रखने के साथ ही प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं विभागीय कार्मिकों को अलर्ट मोड और प्रो-एक्टिव एप्रोच के साथ काम करने के निर्देश दिए।

# प्रशासनिक आधार के नाम पर 450 किमी दूर किया तबादला आदेश निरस्त

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने केवल प्रशासनिक आधार का हवाला देकर एएनएम का तबादला सीकर से 450 किमी दूर जालौर करने वाला चिकित्सा विभाग के आदेश को आदेश निरस्त कर दिया है। जस्टिस श्रीचन्द्रशेखर और जस्टिस चंद्रशेखर शर्मा की खंडपीठ ने यह आदेश छोटी देवी की विशेष अपील याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अपील में अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को बताया कि अपीलार्थी सीकर में एएनएम के पद पर कार्यरत थी। इसी दौरान चिकित्सा विभाग ने गत 15 जनवरी को उसका तबादला लोकहित व प्रशासनिक आधार बताकर 450 किमी दूर जालौर कर दिया। इसे उसने सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण में चुनौती दी, लेकिन अधिकरण ने उसकी अपील को खाजिर कर दिया। वहीं हाईकोर्ट की एकलपीठ से राहत नहीं मिलने पर उसे खंडपीठ में अपील दायर की। अपील में कहा गया कि अपीलार्थी के तबादला आदेश में सिर्फ प्रशासनिक आधार लिखने से ही वह न्यायोचित नहीं हो जाता। उसके ससुर हार्ट के मरीज है और उनकी देखरेख के लिए उसका तबादला आदेश निरस्त किया जाए। अपील में यह भी कहा गया कि विभाग अधिकरण और एकलपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान यह नहीं बता सका कि अपीलार्थी का तबादला करने के पीछे कौन से प्रशासनिक कारण थे। ऐसे में उसके तबादला आदेश को रद्द किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने अपीलार्थी के तबादला आदेश को रद्द कर दिया है।

# आठ साल से फरार बीस हजार रुपये का इनामी गिरफ्तार

**जयपुर।** श्याम नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर दक्षिण (डीएसटी) ने कार्रवाई करते हुए पॉक्सो एक्ट मामले में आठ साल से फरार बीस हजार रुपये के इनामी आरोपित को पकडा है। पुलिस जानकारी में सामने आया कि आरोपित पुलिस से बचने के लिए आठ साल से अलग-अलग जगहों फरारी काट रहा था। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

श्याम नगर थाना पुलिस और जयपुर दक्षिण डीएसटीने कार्रवाई करते हुए पोक्सो एक्ट मामले में आठ साल से फरार बीस हजार रुपये के इनामी आरोपी राजेश सैनी निवासी सांगानेर जयपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपित आठ साल से तलाश के बादभी गिरफतारी होने पर पुलिस उपायुक्त कार्यालय दक्षिण की ओर से बीस हजार रूपये की इनाम की घोषणा की गई।

# पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ आज

**जयपुर।** आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में रविवार कोमंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में सुबह आठ से दस बजे तक पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

इस मौके पर परिणय अनुयाज कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें में ऐसे कई जोड़े परिवार सहित शामिल होंगे जिनका विवाह पिछले दिनों ही संपन्न हुआ है। नव विवाहित जोड़ों को सुखी गृहस्थ जीवन के सूत्र बताए जाएंगे। परिणय अनुयाज कार्यक्रम गायत्री महायज्ञ के साथ ठीक आठ बजे प्रारंभ हो जाएगा। पूजा-अर्चना के बाद दाम्पत्य जीवन को सुखी बनाने वाले स्वर्ण सूत्र बताए जाएंगे। इसके बाद गायत्री महायज्ञ में आहुतियां प्रदान की जाएंगी। करीब साढ़े नौ बजे सभी जोड़े ठाकुरजी के दर्शन करेंगे। सभी जोड़े देहली पूजन कर ठाकुरजी का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। सभी जोड़ों को कुछ उपहार भी दिए जाएंगे।

# आई.पी.एल. के दौरान स्टेडियम के आस-पास बदली यातायात व्यवस्था

- **यूनिवर्सिटी गेट की तरफ से यूनिवर्सिटी मोड टोंक रोड़ की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को जनता स्टोर से डायवर्ट कर समानान्तर मार्गो से निकाला जायेगा**
- **क्रिकेट मैच समाप्त होने तक जयपुर शहर में भारी वाहनो का प्रवेश निषेध रहेगा। क्रिकेट मैच समाप्त होने तक जयपुर शहर में भारी वाहनो का प्रवेश निषेध रहेगा। वीआईपी के वाहनों की पार्किंग स्टेडियम के अन्दर ही साउथ ब्लाक में की जायेगी।**

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में रविवार को राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स आईपीएल 2025 टी-20 क्रिकेट मैच सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में शाम साढ़े तीन बजे से खेला जाएगा है। मैच देखने के लिये वीआईपी, विशिष्ट अतिथि/अधिकारी एवं काफी संख्या मे दर्शको के आने की संम्भावना है। क्रिकेट मैच के दौरान यातायात के सुगम एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार से रहेगी। यातायात पुलिस के अनुसार यूनिवर्सिटी गेट की तरफ से यूनिवर्सिटी मोड टोंक रोड़ की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को जनता स्टोर से डायवर्ट कर समानान्तर मार्गो से निकाला जायेगा

टोंक रोड पर चलने वाले यातायात को वाहनो का अत्यधिक दबाव होने की स्थिति में मैच में आने वाले दर्शको के वाहनों के अलावा सामान्य यातायात को गांधीनगर मोड़ से गांधी सर्किल की तरफ एवं आरबीआई कट से गणेश मंदिर की तरफ डायवर्ट किया जायेगा। वाहनो का अत्यधिक दबाव होने की स्थिति में जेडीए चौराहा से रामबाग चौराहा की तरफ आने वाले यातायात को मैच में आने वाले दर्शको के वाहनों के अलावा सामान्य यातायात को जेडीए चौराहा से गांधी सर्किल,त्रिमूर्ति सर्किल की तरफ डायवर्ट किया जायेगा।

वाहनो का अत्यधिक दबाव होने की स्थिति में स्टेच्यू सर्किल की तरफ से पोलो सर्किल की तरफ आने वाले यातायात को मैच में आने वाले दर्शको के वाहनों के अलावा सामान्य यातायात को स्टेच्यू सर्किल से डाईवर्ट कर समानान्तर मार्गो से निकाला जायेगा।

पंकज सिघंवी मार्ग से विधानसभा तिराहा के मध्य संचालित होने वाले सामान्य यातायात को आवश्यकतानुसार मैच में आने वाले दर्शको के वाहनों के अलावा सामान्य यातायात को डायवर्ट कर समानान्तर मार्गो से निकाला जायेगा। क्रिकेट मैच के दौरान रोड़वेज बसो का आवागमन नारायण सिंह तिराहे, पृथ्वीराज टी. पोंईट, पृथ्वीराज रोड, स्टेच्यू सर्किल, पार्क प्राईम, चोमू हाउस चौराहा से रहेगा।क्रिकेट मैच के दौरान गांधी नगर मोड़ से नारायण सिंह तिराहा तक टोंक रोड़, रामबाग सर्किल से 22 गोदाम सर्किल तक भवानी सिंह रोड़, स्टेच्यू सर्किल से विधानसभा तिराहा तक जनपथ, विधानसभा तिराहा से फ्रुट मण्डी कट, टोंक रोड तक पंकज सिंघवी मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग निषेध रहेगी।

क्रिकेट मैच समाप्त होने तक जयपुर शहर में भारी वाहनो का प्रवेश निषेध रहेगा। वीआईपी के वाहनों की पार्किंग स्टेडियम के अन्दर ही साउथ ब्लाक में की जायेगी। दक्षिणी गेट से प्रवेश करने वाले पासधारक वाहनों की पार्किंग फुटबॉल/आर्चरी ग्राउंड में की जायेगी। पूर्वी द्वार से प्रवेश करने वाले दर्शकों के वाहनों की पार्किंग सुबोध स्कूल/कॉलेज ग्राउंड रामबाग के पास निर्धारित पार्किंग स्थल पर पार्क की जायेंगी।उत्तरी द्वार से प्रवेश करने वाले दर्शकों के वाहनों की पार्किंग एसएमएस. इन्वेस्टमेन्ट ग्राउण्ड, अम्बेडकर सर्किल के पास निर्धारित पार्किंग स्थल पर पार्क की जायेंगी।

पश्चिमी द्वार से प्रवेश करने वाले दर्शकों के वाहनों की पार्किंग निर्धारित पार्किंग स्थल अमरुदों के बाग में पार्क की जायेंगी। क्रिकेट मैच समाप्ती के बाद पार्क वाहनो का निकास कटपुतली रोड़ की तरफ से रहेगा। एम्बुलेंस एवं आवश्यक सेवाओं के वाहन निर्बाध रूप से आवागमन कर सकेंगे। आमजन से अपील है कि उक्त कार्यक्रम के दौरान समानांतर मार्गों का प्रयोग करें।

# बेकाबू होकर बाइक ई रिक्शा में घुसी ,बाइक सवार की मौत, साथी घायल

**जयपुर।** अशोक नगर थाना इलाके में स्थित भाजपा कार्यालय के सामने एक तेज रफ्तार बाइक बेकाबू होकर आगे चल रहे ई रिक्शा में जा घुसी। इससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। मामले की जांच दुर्घटना थाना पुलिस साउथ कर रही है। हादसे के बाद घटना के दौरान वहां से जा रहा बाइक सवार युवक रुका। उसने कई लोगों से मदद मांगी, लेकिन किसी ने उसकी मदद नहीं की। इस पर युवक ने ई रिक्शा में दोनों घायलों को बैठाकर अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना पर दोनों युवकों के परिजन अस्पताल पहुंच गए थे।


पुलिस के अनुसार मंडावरी दौसा निवासी 20 वर्षीय अमित कुमार मीणा शुक्रवार रात को अपने साथी के साथ बाइक से कहीं जा रहा था इसी दौरान भाजपा कार्यालय के सामने एक ई रिक्शा में उनकी बाइक बेकाबू होकर घुस गई। इससे बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। मददगार बने बाइक सवार युवक ने दोनों को एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें एसएमएस अस्पताल रेफर कर दिया गया। एसएमएस में उपचार के दौरान अमित कुमार की मौत हो गई, जबकि उसके साथी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल हरिनारायण ने बताया कि अमित जयपुर में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। वह अपने दोस्त के साथ बाइक से जा रहा था। उसकी बाइक आगे चल रहे ई रिक्शा में जा घुसी। इससे दोनों घायल हो गए थे, उपचार के दौरान अमित की मौत हो गई। घायलों की एक बाइक सवार युवक ने मदद की थी और उन्हें अस्पताल पहुंचाया था।

# शक्ति हो तो दुनिया प्रेम की भाषा भी सुनती है : सरसंघचालक डॉ. भागवत

- **सरसंघचालक जयपुर के हरमाडा स्थित रविनाथ आश्रम में पुण्यतिथि कार्यक्रम को सम्बोधित किया**

**जयपुर ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि दुनिया तब ही आपको सुनती है, जब आपके पास शक्ति हो। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे प्राचीन देश है। उसकी भूमिका बड़े भाई की है। भारत विश्व में शांति और सौहार्द के लिए कार्य कर रहा है।

सरसंघचालक शनिवार को जयपुर के हरमाडा स्थित रविनाथ आश्रम में आयोजित रविनाथ महाराज की पुण्यतिथि के कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस आश्रम के मंच पर ना ही मैं सम्मान का अधिकारी हूं और ना ही मैं भाषण का अधिकारी हूं। और सम्मान होना ही है तो मैं अकेला तो कुछ नहीं कर रहा हूं। 100 साल से परवर्तित परंपरा चल रही है। उस परंपरा में लाखों कार्यकर्ता है। प्रचारको जैसे ही गृहस्थ कार्यकर्ता भी हैं। इतने सारे कार्यकर्ताओं के परिश्रम का परिणाम अगर कुछ है, अगर वह स्वागत और सम्मान योग्य हैं तो यह उनका सम्मान है। यह सम्मान संतों की आज्ञा से ही में ग्रहण कर रहा हूं।



कार्यक्रम में भावनाथ महाराज ने मोहन भागवत को सम्मानित किया।

डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भारत में त्याग की परंपरा रही हैं। भगवान श्री राम से लेकर भामाशाह को हम पूजते और मानते हैं। भागवत ने कहा की विश्व को धर्म सिखाना भारत का कर्तव्य है लेकिन इसके लिए भी शक्ति की आवश्यकता होती है। पाकिस्तान पर हालिया कार्रवाई की चर्चा करते हुए कहा कि भारत किसी से द्वेष नहीं रखता लेकिन विश्व प्रेम और मंगल की भाषा भी तब ही सुनता है जब आपके पास शक्ति हो। यह दुनिया का स्वभाव है। इस स्वभाव को बदला नहीं जा सकता, इसलिए विश्व कल्याण के लिए हमें शक्ति संपन्न होने की आवश्यकता है। और हमारी ताक़त विश्व ने देखी है।

उन्होंने कहा कि विश्व कल्याण हमारा धर्म है। विशेकर हिंदू धर्म का तो यह पक्का कर्तव्य है। यह हमारी ऋषि परंपरा रही है जिसका निर्वहन संत समाज कर रहा है। मोहन भागवत ने रविनाथ महाराज के साथ बिताए अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि उनकी करुणा से हम लोग जीवन में अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम में भावनाथ महाराज ने मोहन भागवत को सम्मानित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# सिरसी रोड से मुंडियारामसर तक किए जा रहे ड्रेनेज प्रोजेक्ट में गड़बड़ी कर रहा ठेकेदार

- **कल्वर्टर बाक्स को ढकने के लिए लोहे के जाल की बजाय सीमेंट के फेरो कवर लगाए, इससे पानी निकलने की बजाय वापस पानी भरने की समस्या पैदा हो जाएगी,बॉक्स डालने का लाभ जनता को नहीं मिलेगा। इससे ठेकेदार को लाखों रुपए का फायदा होगा**

**जयपुर।** जेडीए के जोन 7 में सिरसी रोड से मुंडियारामसर तक डाले जा रहे कल्वर्टर बाक्स को ढकने के लिए लोहे के जाल की बजाय सीमेंट के फेरो कवर लगाए जा रहे हैं। इससे पानी निकलने की बजाय वापस पानी भरने की समस्या पैदा हो जाएगी। बॉक्स डालने का लाभ जनता को नहीं मिलेगा। इससे ठेकेदार को लाखों रुपए का फायदा होगा और पानी भरने की समस्या यथावत बनी रहेगी।



जेडीए ने जोन 7 में इस काम के लिए 48 करोड़ रुपए में टेंडर किया है जो लालचंद तिवारी के नाम पर खुला है। मौके पर हालात यह है कि न तो ठेकेदार और न ही जेईएन कोई भी मौजूद नहीं है। सिर्फ नौसिखिया लेबर ये फेरो कवर लगा रही है जबकि जी शिड्यूल् में लोहे के जाल बता रखे हैं पर मौके पर ये जाल की बजाय सीमेंट के फेरो कवर लगाए जा रहे हैं जो हल्के और नियमों के विपरीत हैं।

**चैंबर बनाने में भी धांधली:-** पानी की निकासी के लिए बाक्स के बीच में चैंबर बनाया जा रहा है। इसमें भी जमकर धांधली की जा रही हैं। चैंबर बनाने में फर्श पर

रोड़ी बजरी सीमेंट का मिक्सचर नहीं डाला जा रहा है। इसमें प्री कास्ट की बजाय सीमेंट के ब्लॉक इस्तेमाल किए जा रहे हैं जबकि ये चैंबर लोहा के सरिए लगा कर प्री कॉस्ट करके लगाने चाहिए। साथ नीचे सीमेंट का फर्श बना कर बिछाई जाती है। इससे चैंबर के बरसात में बैठने का खतरा नहीं होता। ठेकेदार लालचंद तिवारी ने यह काम एचआर कंस्ट्रक्शन को सबलेट किया हुआ है।

इससे ठेकेदार लाखों रुपए की बचत हो रही है लेकिन काम की क्वालिटी खराब हो रही है। पानी आने के बाद लीकेज होने से बाक्स का लेवल बिगड़ेगा जिससे सड़क में बड़ा गड्डा हो सकता है। सड़क में पानी भर सकता है।

मौके पर बाक्स डालते ओर चैंबर बनते समय समय जेईएन का होना जरूरी है पर मौके पर कोई मौजूद नहीं रहता। इससे गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।

नौसिखिया लेबर ही बाक्स डालने ओर चैंबर बनाने का काम कर रही है। उन्हें न तो लेवल का पता है और न ही सामान का। मौके पर जो मसाला बनाया जा रहा है उसमें एम सैंड की बजाय रेत का इस्तेमाल हो रहा हैं वो मिक्सर मशीन से बना कर नहीं डाला जा रहा है। ऐसे में कितनी सीमेंट, कंक्रीट डाली जाएगी इसका भी कोई पता नहीं है।

ठेकेदार को लाखों रुपए की बचत हो रहा:- ड्रेनेज बाक्स डालते समय बीच बीच में बनाए जा रहे हैं चैंबर के लिए मौके पर सीमेंट के ब्लॉक लगाए जा रहे है। इसकी बजाय प्रीकास्ट चैंबर ही इस्तेमाल किया जाना चाहिए जिससे मजबूती आती। ठेकेदार बचत करने के चक्कर में प्रीकास्ट चैंबर नहीं लगा कर मौके पर सीमेंट ब्लॉक से बना रहा है। इससे भी ठेकेदार को लाखों रुपए की बचत हो रही है।

ड्रेनेज बाक्स डालने से पहले खड्डा खोद कर कंक्रीट बजरी और सीमेंट मिला कर फर्श तैयार किया जाना चाहिए। इसे सूखने और तराई करने के बाद कल्वर्टर बाक्स डालना चाहिए जिससे मिट्टी के ढहने की आंशका कम हो जाती है। साथ ही बाक्स मजबूती से मिट्टी के ऊपर टिके रहते हैं। इसी तरह लेवल का ध्यान रखना भी जरूरी है।



## World Baking Day: Rise, Bake, and Shine!

Celebrated every third Sunday of May, World Baking Day is a sweet reminder to roll up your sleeves and whip up some joy. Whether you're a seasoned baker or just starting out, this day is all about embracing the magic of mixing, kneading, and creating delicious treats. From gooey brownies to crusty bread, baking connects cultures, generations, and hearts. In India, the home-baking trend has soared, turning kitchens into creative labs during the pandemic and beyond. So, preheat that oven, dust off your apron, and celebrate the simple happiness that comes fresh out of the oven!





A brave lady, freedom fighter, armed with a gun and with three children joined us. She carried a pot of cooked rice for us.

# The War That Legends Are Made Of

The Mukti Bahini was formed on the night of 25 March when Pakistan Army launched 'Operation Search Light,' the operational order to conduct genocide. The initial resistance was put up by the five battalions of the East Bengal Regiment, the East Pakistan Rifles, Police, Ansars, students and people from all walks of life. With meager arms and ammunition, they started resisting the Pakistan Army. Due to the genocide being committed by Pakistan Army, large number of people started crossing over the border and going to India to save their lives.



Col Sajjad and Chandrakant at a seminar in Dacca.

## #1971 LIBERATION WAR



Padma Shree Lt Col Sajjad Zahir (Retd)
(Swadhinata Padak, Bir Protik, Project Director, Bangladesh Army History Project)



Rickshaws were the favourite mode of transport for us and the Mukti Bahini.

Col Sajjad was a young artillery officer serving with the Pakistani Parachute Brigade in the Sialkot Sector when the armed struggle for freedom started in Bangladesh. On learning of the atrocities committed by the Pakistan Army on his fellow Bengalis, he defected and crossed over to India, bringing with the Operational Plans of the Pakistan Army, which proved most useful to us when war was declared. He later joined the Mukti Bahini and served under Gen Sagat Singh. For his gallantry and services during the war, he was decorated with a, Swadhinata Padak, Bir Protik, equivalent to our Vir Chakra. After the war, amongst other things including writing over fifty books, he has worked tirelessly to promote good relations between our two countries, for which, he was awarded the Padma Shree by our Government. He is a dear friend and he and Chandrakantji are in almost daily touch with each other.

### Col Sajjad

"1971 was a turning point in the history of the sub-continent. One of the key players in the history of 1971 War was the Mukti Bahini. They were the main strength of the resistance and their inexorable motivation was a key factor for the Mitra Bahini for winning the War of 1971. According to KF Rustamji, the first Director General of Border Security Force (BSF) of India, "Mukti Bahini lacked everything for carrying on the fight except the will and courage to fight." Similarly, in his book 'Witness to Surrender,' Major (later Brigadier) of Pakistan Army, Siddiq Salik wrote about the Mukti Bahini, "Their sabotage inventory included damage to, or destruction of, 231 bridges, 122 railway lines and 90 electric installations. They could not reach this figure without a high degree of motivation." Here is an example of their spirit. A Bengali lad was arrested in Rohanpur area (Rajshahi District) in June 1971, for an attempted act of sabotage. He was brought to the company headquarter for interrogation but refused to divulge any information. When all other methods failed, Major 'R' put his sten-gun on his chest and said, "This is the last chance for you. If you don't co-operate, the bullets will pierce through your body." The lad bowed down, kissed the ground, stood up and said, "I am ready to die, now. My blood will certainly hasten the liberation of my sacred land." Siddiq Salik further writes, "It was not an easy job for the army to stamp out insurgents so sophisticated in technique and so highly motivated."

The Mukti Bahini was formed on the night of 25 March when Pakistan Army launched 'Operation Search Light,' the operational order to conduct genocide. The initial resistance was put up by the five battalions of the East Bengal Regiment, the East Pakistan Rifles, Police, Ansars, students and people from all walks of life. With meager arms and ammunition, they started resisting the Pakistan Army. Due to the genocide being committed by Pakistan Army, large number of people started crossing over the border and going to India to save their lives. The number of refugees rose to 98,98,852 who were distributed in 826 camps. This was resulting in huge financial and administrative pressure on the Indian Government.

Initially, the logistics required by Mukti Bahini were provided by the BSF, Colonel (later General) M.A.G. Osmani, Commander-in-Chief of the Mukti Bahini used to mention that the first friend of Bangladesh was the BSF. From 1 April 1971, Mukti Bahini was gradually being organised and trained by the BSF out of the civilians who had reported to the refugee and youth camps in the border areas. In the meantime, the resistance by the Bengali Army, EPR and population started causing sizeable casualties to the Pakistan Army in different areas of Bangladesh including Chittagong, Chittagong Hill Tracts, Pabna, Comilla, Jessore, Rangpur and other areas. After the initial resistance, Mukti Bahini was forced to withdraw to the Indian side along the border. Mass killings, brutal atrocities and destruction of properties continued to be carried out by the Pakistan Army.

By mid-April of 1971, Pakistani troops fanned out to different parts of the country, and with additional troops, arrived from West Pakistan, and they started taking position along the Indian border. Three infantry divisions were in position, and later, two more infantry divisions were raised which put the Pakistan Army in a secure position for conducting their operations. The BSF had limited capabilities and resources available to them for taking care of the security situation along the border and for the training of the Mukti Bahini. As such, a decision was taken by the Government of India that the Indian Army would step in the border areas and take over the border security of West Bengal area by 30 April and Assam (including Meghalaya) and Tripura by 1 May. The BSF came under the operational control of the Army and the 'Operation Jackpot' was launched. The Mukti Bahini training also became the responsibility of the Army and training camps were established along the border areas.

The Mukti Bahini, after initial training and equipping itself, started conducting numerous operations deep inside Bangladesh, causing heavy casualties on the Pakistan Army. The Bangladesh Army was initially organised with three infantry brigades and two artillery batteries. After rigorous training, a small Air Force and Navy were formed with the help of Indian Air Force and Navy. In addition, Bangladesh was divided into 11 Mukti Bahini sectors, where mainly the newly trained Mukti Bahini members were posted under the leadership of trained army/air force officers and they continued their operations. A force of nearly 500 naval commandos were trained and put under Sector No 10. The naval commandos were successful in destroying the Pakistan forces' river and seagoing vessels, thus disrupting their logistic route. The Indian Army also started conducting operations along the border belt areas with support and cooperation of Mukti Bahini and local people. Guerrilla activities by Mukti Bahini members were conducted in Dhaka and other parts of the country that was posing a challenge to the Pakistan Army. On 3 December 1971, after Pakistan Air Force attacked ten Indian airfields, the war between Indian and Pakistan started. During this war, there were many incidents which crowd the pages of history and many are not yet documented.

Some of the incidents on contribution of common people which come to my mind are as follows:

- On 7 December 1971, the 4/5 GR under 59 Mountain Brigade of 8 Mountain Division, crossed the Surma River and landed in Mirapara, near Sylhet town, in a classic heliborne operation. During a fierce fight with 31 Punjab Regiment of Pakistan Army under their 202 Brigade. Major Ian Cardozo, Second-in-Command of the 4/5 GR, was critically wounded and lost his leg. The villagers of Mirapara came to know that a local collaborator of Pakistan Army, namely Amin Choudhury, having seen the helicopters landing rode off on his motorcycle and informed the matter to Pakistan Army commander, Brigadier M. Salimullah (Commander 202 Brigade). Brig. Salimullah sent two companies of 31 Punjab Regiment under the command of Lt. Col. Sarfaraz, who tried to intercept the Gurkhas near the landing pad resulting in the Gurkhas suffering 13 killed and 35 wounded. The village people were unforgiving on Amin Choudhury for collaborating with Pakistan Army. They beat Amin Choudhury to death that very night, shouting that he was a traitor to have helped the enemy against the Mitra Bahini who were fighting for Bangladesh. This incident reflected the emotion and motivation of the common people of Bangladesh in 1971.
- During the helidrop operation of Akhaura and paradrop operation in Tangail, the Indian Army, Mukti Bahini and common people in the villages stood beside each other and brought success. Captain Peter of 2 Para under 50 Para Brigade was sent for reconnaissance 60 km inside Bangladesh to select a landing site which he successfully conducted with assistance of the local villagers and Mukti Bahini. When the paradrop took place, Mukti Bahini provided maximum support and cooperation to the Para Battalion. The successful Para Battalion operation broke the morale of the Pakistan Army and hastened their surrender.
- Brigadier Sant Singh, Commander FJ Sector, marched to Mymensingh with 6 Bihar Regiment, 93 BSF Battalion and 15,000 members of Mukti Bahini. After the capture of Mymensingh on 14 December 1971, he marched to Dhaka without any vehicles. The common people of the villages provided them rickshaws, vans, trucks, buses and ensured that the troops reach Dhaka by early morning hours of 16 December1971.
- In the early hours of 16 December, the Pakistan Army and Mitra Bahini were facing each other in Dhaka, the balance of forces were heavily tilted towards Pakistan Army in Dhaka. They had a total 26,500 soldiers and Indian Army had barely 2,000 soldiers. Incidentally, on the 11 April evening, the Chief of Staff of Eastern Command, in a meeting of senior officers of Pakistan Army in the command post of Niazi, suggested that they should prepare and launch street to street fight in Dhaka city with their 26,500 soldiers. Major General Mohammad Jamshed Khan, Commander of 36 Infantry Division, who was a senior and experienced commander, said that he was of the opinion that street to street fight in Dhaka city will bring a disaster to the Pakistan Army as every home in Dhaka has more than 2-3 armed Muktis. They will attack the Pakistan Army from three sides and Indian Army will attack them from the front. As such, the plan of street to street fight was abandoned. This was the level of frustration and lack of determination of Pakistan Army.

Indian Army made very heavy sacrifices for the success in the war. They were not an invading Army but a liberator Army. It was a war conducted for freedom of people from genocide and atrocities. It is known that Pakistan Army commanders believe that defence of the east lay in the west. Pakistan Army had mobilised more forces on the western sector as they felt that they would be able to defeat the Indian Army in the western sector which would affect the war in the east. The Pakistan Army had four corps in western front (Frontier Corps, I Corp, IV Corps and I Corps), whereas, Indian Army had three corps (XV Corps, I Corp and XI Corps). Yet, they could not bring success in the battlefronts in western front also. It is important for us to study and document the history of 1971. The sharpest memories of our experience of working together have already started to fade, but yet we have to recollect the memories and document them. It is the people who had witnessed the bloody struggle and can give the best evidence. It is the brave who make history, and it is the brave who can also write real history as it takes courage to write the truth, the whole truth."

rajeshsharma1049@gmail.com



Sitting on my right is Col Sajjad, Princess Diya Kumari in a pink saree and Meera Kumari in a red Saree.



Even young children helped us by carrying ammunition and other stores.



The rickshaw seen in the above picture is decorated and displayed in the Raddison Hotel in Dacca. Self with my wife, Lakshmi.



Author with young Bengali supporters, 1971.



The author with Maj Dhillon Arty during our Mukti Bahini days.



A Bengali women raped and shot by the Pakistani soldiers.

## #PLATED VIETNAM@CHAO

# You'll not forget this 'bread'

Slowcooked to extract the maximum flavours, enough to revel in!









Sadhana Garg
Journalist & Social Entrepreneur

Eaten bread is soon forgotten, so goes a Vietnamese proverb. Not if you have savoured the traditional street-food at the Vietnamese Food Festival currently on at Chao, the Chinese Bistro at Holiday Inn City Centre. Vietnam, of late, has been in the news for all the right reasons, not only has it become a most favoured destination for holidaying but its cuisine has literally captured the gastronomic buds of a whole new generation.

At Chao, the culinary journey begins with Bun Thang, a typical North Vietnamese dish. It is a mixed bag of herbs, chicken base and topping of pork and eggs. A very basic preparation. It uses round rice noodles with fresh Vietnamese coriander, the sheer aroma is what makes it uniquely Vietnamese.

For vegetarians, it uses a generous use of vegetables, herbs and noodles that makes a great beginning for the experience ahead. For those who like their food spicy, there is Hanoi Can'h Chua ca, a fish soup, it was actually rich with balanced flavours, sour, sweet and spicy. A popular Vietnamese dish served with pineapple, basil and fresh lime.

Starters were a perfect blend of flavours and freshness. The Vietnamese fresh vegetable rolls are far healthier than the Chinese spring rolls. These near translucent parcels were first packed with salad greens, carrots, mint, peanuts and glass noodles. For the non-vegetarian, the stuffing is of minced meat or seafood, adding to this the rice paper, making it an enticing snack.

The Goi Cuon, fresh herbs and prawn paper rolls were included. Lean proteins like chicken and tofu boosted both its taste and food value.

The main course is literally akin to having Vietnam on a plate. Bun'h Thit Nuong is a very popular noodle dish from South Vietnam. It was all of salty, sweet, soft and the crushed peanuts and pickled carrots gave it a crunchy kick.

And now about the national dish of Vietnam, Pho, the fresh noodles soup with sticky rice noodles and accompaniments that turned it into a burst of flavour. Slowcooked to extract the maximum flavours, enough to revel in the bowl of tasteful concoction, and Pho get all your worries! The stir fried Tofu, popularly known as soya paneer in India, was not only silken but the fresh red chillies, fresh lime, bamboo shoots, scallions and shiitake mushrooms added to its taste.

Another popular dish from South Vietnam, or specifically the Mekong Delta, is Ga Khao Sa Ot. Made from minced chicken with beans, broccoli bamboo shoots and braised with fresh lemon grass and lime make it simple but delicious with all the ingredients giving it a texture and taste that is very special. For those who swear that seafood is for the soul or those for whom it is a constant reminder of the ocean's bounty, there is Ca Hap Xi Dau, a homely Vietnamese steamed fish with bamboo shoots, scallions fresh chillies, lime and shiitake served with ginger sauce and it is a reminder of how rich the Vietnamese cuisine is without being complex. Sans the use of dairy and oil well, almost the food festival at Chao should be every foodie but fit person's go-to-destination.

Also, for those who think curry is just a yellow sauce, check out the Vietnamese golden curry made from coconut milk, fish sauce, cilantro, chicken and served with Jasmine rice!

For dessert, there was Che Chupi Hap. Simply put, caramalised bananas, sago pearls, simmered in fresh sweetened coconut milk, no dairy, no fat, but comfort and sumptuousness in a bowl. Actually, that literally sums up this very popular and painstakingly curated Vietnamese Food Festival at Chao!









Col Sajjad with Gen VK Singh and Author.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



## संक्षिप्त

### फर्जी पासपोर्ट बनाने का मामला होगा दर्ज

**उदयपुर,**। जिले के इनामी बदमाश दिलीपनाथ के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज से पासपोर्ट बनाने के मामले में बिहार पुलिस में प्रकरण दर्ज होगा। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि बिहार पासपोर्ट कार्यालय से प्रापत रिकॉड से ज्ञात हुआ है कि हार्डकोर अपराधी दिलीपनाथ ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उनका असली के रूप में उपयोग कर पासपोर्ट कार्यालय बिहार में पेश कर बिहार पटना से पासपोर्ट बना लिया है। जो विदेश भागने की तैयारी में था। आरोपी ने अपने पते, जन्म स्थान के दस्तावेजों में कूटरचना की तथा अपराधिक रिकार्ड को छिपा कर पासपोर्ट बनावाया था। इसको लेकर बिहार पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया जाएगा। आरोपी ने कूटरचित दस्तावेजों के जरिये आधार कार्ड में दर्ज मूल पते एवं जन्म स्थान सीसारमा ग्रामीण को बदल कर बिकोपुर कोटी बाजार कोटी, गया बिहार करवा तत्काल पासपोर्ट के लिए आवेदन किया। जिसमें स्वयं के खिलाफ अपराधिक प्रकरण नहीं होने पर उल्लेख किया जबकि उसे खिलाफ राजस्थान के विभिन्न पुलिस थानों में 35 से अधिक अपराधिक प्रकरण दर्ज है। 15 अप्रेल को पटना बिहार पासपोर्ट कार्यालय ने दिलिपनाथ को पासपोर्ट जारी कर दिया था। इससे पूर्व 9 मई को 10 हजार रूपये के इनामी बदमाश दिलीपनाथ को पहचान छिपा कर महिला के वेश में गोवर्धनविलास थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। आरोपी व उसके साथियों ने सुखेर थाना क्षेत्र में पीडित को उठा कर ले जाने व जान से मारने की धमकी देकर 35 लाख 50 हजार रूपये एठ लिए तथा एठीमेंट भी करवा लिया था। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर अनुसंधान अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उपाधीक्षक सूर्यवीरसिंह मय टीम ने पूव में आरोपी दिलिप नाथ के साथी नरेश वैष्णव, नरेश पालीवाल को गिरफ्तार कर लिया था।

### जीएसटी टीम की एक और बड़ी कार्रवाई

**झुंझुनूं,** (निसं)।स्टेट जीएसटी की टीम ने एक और फर्जी फर्म और उसका फर्जीवाडा पकडा है। स्टेट जीएसटी के संयुक्त आयुक्त उमेश जालान के निर्देशन में सहायक आयुक्त सुनिल जानूं और सहायक आयुक्त कुसूम चाहर ने एक फर्जी फर्म पकड़ी है। जो सरकार से 2.31 करोड़ रूपए का फर्जी क्रेडिट इनपुट लेकर चूना लगाने जा रही थी। लेकिन इससे पहले ही विभागीय टीम ने इसका भंडाफोड कर दिया। सहायक आयुक्त सुनिल जानूं ने बताया कि उनके कार्यालय में धनूरी गांव में 10 मार्च 2025 को रजिस्टर्ड हुई मैसर्स खाटूश्याम ट्रेडर्स का एक ही दिन 9 मई को तेलंगाना तथा आंध्र प्रदेश की चार फर्मों को 12.85 करोड रुपए की सीमेंट बेचकर 2.31 करोड रुपए का इनपुट टैक्स क्रेडिट के लिए बिल आया था। कारोबार के लिहाज से धनूरी काफी छोटा गांव है और वहां से 12.85 करोड रुपए की सीमेंट भेजा जाना संदिग्ध लगा। पोर्टल पर जांच की तो सामने आया कि खाटूश्याम की स्पेलिंग गलत लिखी हुई थी। फर्म के दस्तावेजों की जांच की गई तो उसमें धनूरी का पता मिला। मौके पर गए तो फर्म मौजूद नहीं मिली। जो पता बता रखा था, वह इमरान नाम के युवक का घर था, जो मजदूरी के लिए दुबई गया हुआ है। इसलिए कार्रवाई करते हुए पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन निलंबित कर दिया और आंध्रप्रदेश व तेलंगाना के जीएसटी अधिकारियों को पूरे मामले की जानकारी दी गई है।
जिससे उन फर्मों को लेकर जांच हो सके। इसको लेकर अंदेशा होने पर सहायक आयुक्त के नेतृत्व में विशेष टीम बनाकर जांच करवाई गई। जांच में पता चला कि फर्जी दस्तावेजों से फर्जी फर्म बनाकर गलत तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट उठाया जा रहा।

### आरोपी पति को सजा

**भीलवाड़ा,** (नि.सं.)। विशिष्ट न्यायायाधीश (महिला उत्पीडन प्रकरण) ने दहेज की खातिर पत्नी को प्रताड़ित कर ढाई साल की बेटी सहित खुदकुशी के लिए मजबूर करने के आरोपित पति को 5 साल के कठोर कारावास और 40 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। जानकारी के अनुसार, फूलियाकलां थाने में डेलांस निवासी सांवरा पुत्र रामलाल गुर्जर ने महादेव पुत्र नाना गुर्जर निवासी रुपपुरा सहित अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दी। परिवादी ने रिपोर्ट में बताया कि उसके बड़े पिता लादूलाल की बेटी लीला का विवाह आरोपित महादेव के साथ दस वर्ष पहले किया था।

# 'अग्रवाल समाज के नौजवानों का न्यायिक सेवा में चयनित होना अत्यंत गौरव की बात'

## समारोह एवं प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में राजस्थान के समस्त जिलों से प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी सम्मिलित हुए

**उदयपुर** । पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन द्वारा उदयपुर में 17 मई को प्रात: 9:00 बजे टाउन हॉल, नगर निगम परिसर में सम्मान समारोह एवं प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ महाराज भगवान अग्रसेन जी की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्वलन करके किया गया। इस सम्मान समारोह एवं प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में राजस्थान के समस्त जिलो से प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

समारोह के अध्यक्षता पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष के के गुप्ता ने की, मुख्य अतिथि न्यायाधिपति विनीत माथुर रहे और मुख्य वक्ता न्यायाधिपति मनोज गर्ग अति विशिष्ट अतिथि दामोदर अग्रवाल सांसद भीलवाडा व गजपाल सिंह अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी उदयपुर विधायक फूल सिंह मीणा रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज के गौरव जे.पी. अग्रवाल (गीतांजलि कॉलेज), सौरभ खेतान ( उद्योगपति), उदयपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र विधायक फूल सिंह मीणा, प्रशांत अठावाल (नारायण सेवा संस्थान), राहुल अग्रवाल (पेसिफिक कॉलेज), श्री शशिकांत खेतान (खेतान ग्रुप), गोविंद अग्रवाल (डीपीएस स्कूल), नटवर खेतान (अरावली ग्रुप का कॉलेज), उदयपुर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने भी शिरकत की।

प्रथम सत्र में अग्रवाल समाज के होनहार चयनित 19 न्यायिक मजिस्ट्रेटों का सम्मान तथा शहर के प्रतिष्ठित सम्मानित व्यक्तियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सेशन में पूर्व प्रदेश महामंत्री राकेश अग्रवाल एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राम गोपाल अग्रवाल को अग्रवाल




डूंगरपुर नगर परिषद के पूर्व सभापति के के गुप्ता पर लिखित पुस्तक 'प्रयास से परिणाम तक' का विमोचन न्यायाधिपति मनोज गर्ग ने किया।

राजस्थान रत्न से नवाजा गया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि हमारे अग्रवाल समाज को सेवा कार्यों के लिए जाना पहचाना

**■ अग्रवाल समाज ने समाज की सेवा करने और पीड़ित मानवता की सेवा प्रकल्प में इतिहास बनाया**

जाता है और हमारे समाज ने समाज की सेवा करने और पीड़ित मानवता की सेवा प्रकल्प में इतिहास बनाए हैं।

उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज का प्रत्येक व्यक्ति व्यवसाय उद्योग धंधे आदि में लगा हुआ है और हमारे समाज द्वारा की जाने वाली इन व्यापारिक और व्यावसायिक गतिविधियों के बदौलत ही देश की सरकारों को राजस्व प्राप्त होता है और देश की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ती है। उन्होंने कहा कि हमारे अग्रवाल समाज के नौजवान बालक बालिकाएं अब न्यायिक सेवा में अधिकारी पद पर सुशोभित हो रहे हैं यह हमारे लिए अत्यंत गौरव की बात है।

हमारे समाज के नौजवानों को उच्च प्रशासनिक सेवाओं में भी आगे आना चाहिए तभी हमारे समाज का सर्वांगीण विकास हो सकता है। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता न्यायाधिपति मनोज गर्ग ने कहा कि अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष गुप्ता जी द्वारा समाज हित में किए जाने वाले कार्यों की चर्चा पूरे राजस्थान प्रदेश में रहती है। गुप्ता जी में कार्य करने की इतनी अधिक क्षमता और जुनून है कि वह किसी भी कार्य को करने की ठान लेते हैं तो उसे टीम भावना के साथ सबको साथ लेकर चलते हुए भव्य रूप से कार्यक्रम को अंजाम देते हैं। समारोह में मुख्य अतिथि न्यायाधिपति विनीत माथुर ने कहा कि अग्रवाल समाज से 19 नौजवान बालक बालिकाएं राजस्थान न्यायिक सेवा में मजिस्ट्रेट चयनित हुए हैं, इसके लिए समाज को बहुत बधाई है।

**पुस्तक 'प्रयास से परिणाम तक' का हुआ विमोचन :** समारोह के दौरान पश्चिम क्षेत्र अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष तथा पूर्व सभापति नगर परिषद डूंगरपुर के के गुप्ता द्वारा लिखी गई स्वच्छता पर्यावरण एवं जल संचय तथा जल संरक्षण पर लिखी पुस्तक प्रयास से परिणाम तक विमोचन भव्यता से किया गया।

पुस्तक में देश की विभिन्न राजनीतिक ताकतों ने बधाइयां दी है। जिसमें केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह , राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, नितिन गडकरी एवं सिक्किम के गवर्नर ओम माथुर, राजस्थान के मंत्री झाबरमल खर्रा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, न्यायाधिपति विनीत माथुर, न्यायाधिपति मनोज गर्ग, स्वर्गीय न्यायाधिपति आर पी सोनी द्वारा पुस्तक में बधाई संदेश दिए गए हैं।

पुस्तक में डूंगरपुर को स्वच्छ बनाने के प्रयास से लेकर परिणाम तक का वर्णन किया गया है। उसका देश के यशस्वी प्रधानमंत्री का एक राष्ट्रीय है मिशन है को सफल बनाने के लिए देश के हर एक नौजवान पुरुष महिला को भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में सम्मान की कड़ी में शहर में सेवाओ के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रो में सराहनीय कार्य करने वाले को भी सम्मानित किया जायेगा।

### बुजुर्ग को कार से कुचलने का वीडियो वायरल

**बून्दी** । बूंदी के सदर थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग को कार से कुचलने के 4 दिन पुराने मामले का एक वीडियो शनिवार को सामने आया है। कार से कुचलने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में बहुत वायरल हो रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बूंदी के सदर थाना क्षेत्र के हट्टीपुरा में बुजुर्ग को कार से कुचलने का मामला 13 मई का बताया जा रहा है। जिसमें बुजुर्ग छोगालाल जाट व एक अन्य व्यक्ति सड़क किनारे खड़े है। इसी बीच एक सिल्वर रंग की कार पीछे से आती है ओर छोगा लाल को कुचलते हुए निकल जाती है।यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी । बाद में इसका वीडियो वायरल हो रहा है । इस मामले में सदर थाना पुलिस ने बुजुर्ग के बयान के आधार पर मामला दर्ज किया है। बुजुर्ग के बेटे जसवंत ने पुलिस मे दी शिकायत में बताया कि 13 मई की शाम को विजेन्द्र चौधरी निवासी दौलतपुरा ने कार से उसके पिता को कुचल कर मारने का प्रयास किया था । उस समय कार मे हरेन्द्र व महेन्द्र भी साथ थे । जसवंत ने बताया कि पिछले कुछ दिनो से उसके परिवार को इन आरोपियों से जान का खतरा बना हुआ है।पहले भी ये आरोपी जसवंत पर हमला कर चुके है। इस मामले पर ये लोग हाल ही में जमानत पर छूट कर आए थे । सदर थाना पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### अपहृत व्यापारी को मुक्त कराया

**उदयपुर,** । सायरा कस्बे से अपर्हत गुजराती व्यापरी को पुलिस ने पाच सौ किलोमिटर पिछा कर अपर्हताओं से मुक्त करा पांच अपर्हताओं को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त कार बरामद की।

प्रकरण के अनुसार पीडिता दीपा पत्नी मुकेश कुमार जोशी निवासी कमोल सायरा हाल सूरत गुजरात ने सायरा पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि 15 मई सांय मेरी नणद पुष्पाबाई ने मेरे पति को फोन कर तबीयत खराब होने तथा हॉस्पीटल ले जाने की बात कही।

## सार-समाचार

### सीएम शर्मा को सूर्य सम्मान अर्पित



**बीकानेर** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बीकानेर आगमन पर शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज की ओर से नरसिंग दास जीवणी देवी सेवग चैरिटेबल ट्रस्ट के शिष्टमंडल ने सीएम को सूर्य भगवान का स्मृति चिह्न भेंट कर उनका बहुमान किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष शंकर सेवग ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा मंदिर के पुजारीगणों की मानदेय राशि में बढ़ोतरी एवं सूर्य सप्तमी के अवसर पसर सूर्य नमस्कार का विश्व रिकॉर्ड बनाने पर उनको शाकद्वीपीय समाज के कुलदेव भगवान सूर्यदेव की अष्टधातु से निर्मित, सात घोड़ों से सुसजिज्जत रथ पर सवार प्रतिमा भेंट तथा शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ अर्पित कर सम्मान किया। शंकर सेवग ने सीएम भजनलाल शर्मा को संक्षेप में ट्रस्ट की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी वहीं राज्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों विशेषत: युवाओं को रोजगार, महिलाओं के कल्याण, किसानों व मजदूरों के लिए विशिष्ट योजनाओं के माध्यम से लाखों प्रदेशवासियों के जीवन में आए क्रांतिकारी बदलाव के लिए उनका आभार ज्ञापित किया। शिष्टमंडल में राहुल शर्मा, ऋतुराज शर्मा, तरुण भोजक, मनीष भोजक आदि शामिल थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं का सामूहिक इस्तीफा

**बूंदी** । बूंदी जिले के भाजपा नैनवां शहर मंडल में अनिल शर्मा को अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी में बगावत होना शुरू हो गई है। इस फैसले का विरोध करते हुए कई पदाधिकारियों, पार्षदों और कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सक्रिय सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि अनिल शर्मा ने हर चुनाव में भाजपा के खिलाफ काम किया। उन्होंने बाहरी लोगों के साथ मिलकर गुटबाजी फैलाई। इससे पार्टी को नुकसान हुआ। अब फिर से उन्हें अध्यक्ष बनाए जाने से कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। उनका कहना है कि जिलाध्यक्ष ने यह नियुक्ति बिना किसी वरिष्ठ कार्यकर्ता या जनप्रतिनिधि से राय लिए की है। इससे पार्टी में फूट बढ़ रही है। कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि अनिल शर्मा की नियुक्ति तुरंत रद्द की जाए। साथ ही ऐसा व्यक्ति अध्यक्ष बनाया जाए जो संगठन को सर्वोपरि माने और गुटबाजी से दूर रहे। इस्तीफा देने वालों में प्रमोद कुमार जैन, उम्मेद नागर, सीमा शर्मा, रामबाबू वर्मा, रजनीश शर्मा, ओम प्रकाश गुर्जर, केसर लाल नोकिया, राजेंद्र सिंह सोलंकी, आदित्य पाराशर, रामस्वरूप वर्मा, राजेंद्र सिंह नरूका, अरविंद अटल सोनी, महेंद्र सिंह सिसोदिया, अरविंद शर्मा, अशोक नागर, रघु व्यास, रेखा नागर, महावीर नागर, टिंकू चौधरी, मांगीलाल सैनी, दीपक चोपड़ा, मोजी राम गुर्जर, भंवर सिंह सोलंकी सहित दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता शामिल हैं।

### तालाब से डूबने से पशुपालक की मौत

**पाली,** (नि.सं.)। पाली में तालाब में नहाने उतरे एक 35 साल के पशुपालक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। रेस्क्यू कर शनिवार सुबह उसका शव तालाब से निकाला गया। शव को बांगड़ हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में रखवाया गया है। सदर थाने के सहदेव चौधरी ने बताया- थाना क्षेत्र के मंडिया गांव से शुक्रवार रात करीब 9 बजे सूचना मिली कि मंडिया गांव निवासी पशुपालक बाबूलाल (35) पुत्र डायाराम शुक्रवार सुबह पशु चराने के लिए घर से निकाला। देर शाम तक वह घर नहीं पहुंचा। परिजन और ग्रामीणों ने बाबूलाल की तलाश की तो गांव के तालाब के पास उसकी चप्पलें मिली। इस पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और टीम की मदद से उसकी तलाश शुरू की गई। लेकिन अंधेरा होने के कारण तालाब से उसका शव नहीं निकाला जा सका। ऐसे में रेस्क्यू रोकना पड़ा। शनिवार सुबह युवक की बॉडी पानी की सतह पर मिली। बॉडी को बांगड़ हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी लाए। पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई के बाद पुलिस शव परिजनों को सौंपेगी। परिजन का कहना है कि तालाब के पास बाबूलाल नहाने के लिए उतरा होगा, पैर फिसलने से वह गहराई में चला गया।

### दो फैक्ट्रियों में लगी भीषण आग

**जोधपुर** । जोधपुर में कुछ ही अन्तराल के बाद दो हैण्डीक्राफ्ट फैक्ट्रियों में भीषण आग लग गई। दमकलों ने कड़ी मस्सकत के बाद इन पर काबू पाया शहर के पाल स्थित लक्ष्मण विहार में तडक़े तीन बजे एक हैण्डीक्राफ्ट फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। सुबह पांच छह बजे तक इस आग को काबू पाया जा सका। ठीक आठ घंटे बाद ही लहरिया रिसोर्ट के नजदीक आई एक और हैण्डीक्राफ्ट फैक्ट्री लहरिया हैण्डीक्राफ्ट में भी आग लग गई। यहां पर दमकल की नौ गाडिय़ों को रवाना किया गया, मगर काम में सिर्फ दो दमकलें ली गई। थिनर के ड्रम को आग पकडऩे के अंदेशे से ज्यादा गाडिय़ां यहां पर भेजी गई। हालांकि आग पर काबू पा लिया गया। बासनी फायर स्टेशन के प्रभारी प्रशांत सिंह ने बताया कि तडक़े तीन बजे के आस पास सूचना मिली कि पाल लक्ष्मण विहार क्षेत्र में आई बालाजी फर्नीचर एण्ड हैण्डीक्राफ्ट में आग लगी है। इस पर एक गाड़ी पहले बासनी से भेजी गई। बाद में एक और गाड़ी के साथ पाल रिको की एक और चौपासनी हाउसिंग बोर्ड से एक और गाड़ी को वहां भेजा गया। दमकल की चार गाडिय़ों ने मिलकर सुबह तक आग पर काबू पा लिया। आग से लाखों का नुक़सान होने का अंदेशा है। प्रभारी प्रशांत सिंह के अनुसार सुबह 11 बजे के आस पास फिर सूचना मिली कि लहरिया रिसोर्ट के नजदीक लहरिया हैण्डीकाफ्ट में भी आग लगी है। इस पर बासनी से 4, सीएचबी-2, शास्त्रीनगर से एक और रिको की एक गाड़ी वहां भेजी गई। हालांकि दो दमकलें ही आग को काबू करने में सफल हो गई। ऐहतियात के तौर पर ज्यादा दमक लें भेजी गई।

### श्रमिकों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया

**बूंदी** । राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता एवं जनसहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत, शनिवार को रामगंज बालाजी स्थित एसटीपी में नई पेयजल वितरण प्रणाली और सीवरेज परियोजना पर कार्यरत श्रमिकों के लिए एक सुरक्षा और स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आरयूआईडीपी की अधिशाषी अभियंता सोनम शर्मा के निर्देशन और कनिष्ठ अभियंता कृष्ण मुरारी प्रजापति के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों को कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों का पालन करने और स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान, कैप-आरयूआईडीपी के सचिन मुद्गल ने श्रमिकों को सुरक्षा की शपथ दिलाई और कहा कि कार्य करते समय सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा उपकरणों के बिना कार्य करना खतरनाक हो सकता है और एक छोटी सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। उन्होंने सभी श्रमिकों से अपील की कि वे पूरे सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करें और सावधानीपूर्वक कार्य करते हुए खुद को सुरक्षित रखें। मुद्गल ने सुरक्षा नियमों और विभिन्न सुरक्षा उपकरणों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# फार्मासिस्ट को बोनस अंक सहित नियुक्ति देने के आदेश

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान हाइकोर्ट की न्यायाधीश रेखा बोराणा ने फार्मासिस्ट नियमित भर्ती 2023 मामले में दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता को बोनस अंक देकर छह सप्ताह में समस्त परिलाभ सहित नियुक्ति देने के आदेश जारी किए है। नागौर जिले में डेगाना निवासी याचिकाकर्ता लक्ष्मण कुमार की ओर से अधिवक्ता यशपाल ख़िलेरी ने रिट याचिका पेश कर बताया कि याचिकाकर्ता रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट है और उप-जिला चिकित्सालय डेगाना में मरीजों की बढ़ती तादाद को मद्देनजर रखते हुए और मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना के तहत स्वीकृत ड्रग डिस्ट्रिब्यूशन सेन्टर (डीडीसी) का सुलभ संचालन के उद्देश्य से राजस्थान फार्मेसी कॉउन्सिल जयपुर में पंजीकृत अभ्यर्थी को सहायक फार्मासिस्ट पद पर नियुक्त करने का निर्णय किया गया। इसकी पालना में मेडिकेयर रिलीफ सोसाइटी के तत्कालीन पदेन सचिव व प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ने याचिकाकर्ता को सविंदा फार्मासिस्ट पद पर 27 मार्च 2019 को नियुक्ति दे दी और तब से ही याचिकाकर्ता फार्मासिस्ट के रूप में डीडीसी पर दवा वितरण का कर्तव्य सम्पादन कर रहा है। साथ ही अपनी नियमित व संतोषजनक सेवाएं दे रहा है। अब फार्मासिस्ट पदों की नियमित भर्ती2023 में याचिकाकर्ता ने अपना आवेदन अनुसूचित जाति वर्ग में पेश कर दिया। भर्ती प्रक्रिया में उसका अंतरिम चयन सूची में चयन कर लिया गया लेकिन अंतिम चयन सूची से उसका नाम यह कहते हुए हटा दिया कि चूंकि उसने हेल्पर पद, जिसका वेतन फार्मासिस्ट के वेतन से कम है, पर वर्ष 2019 से काम कर रहा है जो फार्मासिस्ट पद पर किया गया कार्य अनुभव नहीं माना जा सकता है। इस पर रिट याचिका दायर कर चुनौती दी गई।

**बोनस अंक नहीं देकर किया बाहर :** याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ख़िलेरी ने बताया कि चिकित्सा विभाग द्वारा पांच मई 2023 को फार्मासिस्ट के नियमित 2766 पदों हेतू विज्ञापन जारी किया गया। उक्त पद हेतु नियम 1965 के अनुसार निर्धारित योग्यता (1) फार्मेसी में डिप्लोमा और (2) राजस्थान फार्मेसी कॉउन्सिल में रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट होना आवश्यक रखा गया। साथ ही फार्मासिस्ट पद पर या समकक्ष पद पर समान कार्य अर्थात दवा वितरण इत्यादि का कार्य कर रहे सविंदा कार्मिकों को 10, 20, और 30 अंक बोनस अंक के रुप में देने का प्रावधान किया गया। याचिकाकर्ता के पास अंतिम निर्धारित तिथि को 1255 दिन अर्थात तीन वर्ष से अधिक का दवा वितरण कार्य अनुभव होने से वह 30 बोनस अंक का हकदार हैं। याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि दस्तावेज सत्यापन काउंसलिंग पश्चात चिकित्सा विभाग की भर्ती एजेंसी शिफ़ू ने पांच जुलाई 2024 को अस्थायी वरीयता सूची जारी की, जिसमें उसका चयन किया गया है। अब चिकित्सा विभाग की भर्ती एजेंसी शिफ़ू ने फार्मासिस्ट भर्ती 2023 के संबंध में 24 मार्च 2025 को स्थायी वरीयता सूची जारी की, जिसमें याचिकाकर्ता को बोनस अंक नहीं देकर उसे भर्ती प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया। जिस पर रिट याचिका पेश की गई। याची के अधिवक्ता ख़िलेरी ने बताया कि राजस्थान फार्मेसी कॉउन्सिल में पंजीयन होने का तात्पर्य भी यही है कि फार्मेसी अधिनियम ,1948 के प्रावधानों के तहत भारतीय फार्मेसी काउन्सिल नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त अनुमोदित संस्थान से संबंधित अभ्यर्थी ने नियमानुसार फार्मेसी में डिग्री या डिप्लोमा कोर्स उत्तीर्ण किया है ।

### घर में घुसकर 18 साल की लड़की से रेप

**पाली,** (नि.सं.)। पाली में एक 18 साल की लड़की को घर में अकेला देख उसके परिचित युवक ने उससे रेप किया। शाम को काम से घर लौटे परिजनों को पीड़िता ने सारी घटना बताई। शनिवार सुबह परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे, जहां उन्होंने रेप की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में लड़की का मेडिकल करवाया।

मारवाड़ जंक्शन भारत सिंह रावत ने बताया कि एक व्यक्ति अपनी 18 साल की बेटी को लेकर थाने पहुंचा। जिसने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ शुक्रवार 16 मई को काम पर गया हुआ था। इस दौरान उनकी 18 साल की बेटी पास में ही अपनी दादी के घर सफाई करने गई थी। जहां उसे अकेला देख उसके परिचित ने बेटी के साथ रेप किया।

भारत सिंह रावत ने बताया- रिपोर्ट में कहा कि शुक्रवार शाम को जब वे काम से लौटे तो उनकी 18 साल की बेटी ने रोते हुए अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया। इस पर शनिवार सुबह पीड़ित को लेकर परिजन मारवाड़ जंक्शन थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने शनिवार 17 मई को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल से पीड़ित का मेडिकल करवाया है और रेप के आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# अवैध बजरी दोहन रोकने गई टीम पर डंपर चढ़ाने का प्रयास

## हिंडोली थाना प्रभारी सहित तीन जने हुए घायल

**बूंदी।** बूंदी जिले के हिंडोली थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह अवैध बजरी परिवहन रोकने गई पुलिस टीम पर डंपर चढ़ाने के प्रयास का मामला सामने आया है। हादसे में एक सीआई समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।जिनमे से एक कॉन्स्टेबल गंभीर घायल है, जिसे बूंदी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही हिंडोली थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना की सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

हिंडोली थाना प्रभारी सहदेव सिंह मीणा ने बताया कि अवैध बजरी परिवहन को लेकर डीएसटी प्रभारी सीआई रामलाल अपनी टीम के साथ जिले की सीमा पर नाकाबंदी कर रहे थे । तभी डंपर चालकों को रूकवाया, लेकिन चालक ने टीम पर डंपर चढ़ाने का प्रयास किया। सीआई की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध कई धाराओं में



अवैध बजरी परिवहन रोकने गई पुलिस टीम पर डंपर चढ़ाने के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है ।

मामला दर्ज कर लिया है। घटना में घायल हेड कॉन्स्टेबल हरिराम ने बताया कि शनिवार सुबह डीएसटी प्रभारी रामलाल की अगुवाई में पांच पुलिसकर्मियों ने हिंडोली क्षेत्र के पगारा के आगे नाकाबंदी कर रखी थी। तभी देवली की और से दो से तीन अवैध बजरी के डंपर आते दिखे। टीम ने उन्हें रूकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने तेज गति से डंपर को चलाया व पुलिसकर्मियों पर चढ़ाने का प्रयास किया। गनीमत रही कि पास में खाई थी, जिसमें कूदकर सभी ने अपनी जान बचाई।

डीएसटी प्रभारी रामलाल ने हिंडोली थाने में डंपर चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दी। डंपर से बचने के प्रयास में गहरी खाई में कूदने से सीआई रामलाल, हेड कॉन्स्टेबल हरिराम और कॉन्स्टेबल गोपाल के चोट आई है। हेड कॉन्स्टेबल हरिराम के हाथ में फैक्चर और रीढ़ की हड्डी में चोट है। सीआई रामलाल ने बताया कि हिंडोली पुलिस को रिपोर्ट दी व उच्च अधिकारियों को मामले से अवगत करा दिया है।

### घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग करने वालों पर शिकंजा

**बीकानेर,**। घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग के विरुद्ध प्रशासन का सख्त रुख जारी है। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि के निर्देश पर रसद विभाग की टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर अवैध रिफिलिंग करते हुए व्यक्तियों को पकड़ा और मौके से सामग्री जब्त की। इन मामलों में न्यायालय में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

जिला रसद अधिकारी वीरेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि नया शहर थाना क्षेत्र के हरिजन चौराहे के पास स्थित बिश्नोई ट्रैवल्स में मुन्नीनाथ पुत्र लालनाथ को घरेलू गैस सिलेंडर का अवैध उपयोग करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने एक घरेलू गैस सिलेंडर, एक रिफिलिंग मशीन और एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा जब्त किया। यह कार्रवाई एलपीजी अधिनियम, 2000 की धारा 3, 4, 5 एवं 7 के उल्लंघन के तहत की गई। एक अन्य कार्रवाई में पूगल रोड स्थित कपिल बिल्डिंग मटेरियल के पास एक दुकान पर ओमप्रकाश सुथार को भी घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग करते हुए पकड़ा गया।

### रेस्टोरेंटकर्मी व पुलिस जवानों पर हमला करने वाले तीन गिरफ्तार

**उदयपुर,** । मधुवर स्थिते रेस्टोरेट कर्मचारियों के साथ मारपीट करने वालों को पकडने पहुचे पुलिस दल पर हमला करने वाले तीन आरोपियों को हाथीपोल थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 14 मई को पीडित महावीर सिंह सिसोदिया पुत्र रतनसिंह आसिया निवासी आर के सर्कल उदयपुर रेस्टोरेंट संचालक सेजवान एक्सप्रेस मधुवन ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। कि 14 मई रात में बाइक तलवार हॉकी स्टीक लेकर आए बदमाशों मेसे एक बदमाश ने रेस्टोरेंट में घुस कर स्वयं को ईगल गैंग संचालक शशी चंडालिया बताते हुए धमकाया तथा बाहर खड़ पियूष व भूपेश को बुलाया जिन्होंने अंदर आकर तोड़फोड़ की तथा काउन्टर पर लडके से 1200 रूपये नकदी छिन ले गए। इसको देख सभी कर्मचारी उनके पिछे पडे तो बदमाश फरार हो गए। इससे पूर्व आरोपियों ने 9 मई को भी कर्मचारियों के साथ अभद्रता की थी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र के सुपरविजन में हाथीपोल थानाधिकारी योगेन्द्र व्यास के नेतृत्व में गठित दल ने मुखबरी सेमिली सूचना के आधार पर आरोपी भूपेश चंडालीया पुत्र शिवकुमार निवासी शक्तिनगर, पियुष खोखर पुत्र श्रीराम हरीजन निवासी खारोल कॉलोनी फतेहपुरा, तथा शशि चंडालीया पुत्र कुन्दन चंडालिया निवासी हरजन बस्ती शक्तिनगर को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया की हमे रेस्टोरेंट कर्मीयों के साथ मारपीट की योजना में लगे थे। इसी दौरान तीन अन्य साथी थे जो सेजवान रेस्टोरेंट में वारदात कर चेतक की तरफ भागे थे। जहां पियुष की स्कूटी खड़ी थी जिसे लेने के दौरान सिवील में मौजूद पुलिस कर्मी ने रोका तो उसके साथ हाथपाई व तलवार से हमला कर फरार हो गए। इस दौरान पुलिस की गाडी पहुंची तब तक हमल फरार हो गए।

## संक्षिप्त

### मूर्ति स्थापना को लेकर निकाली कलश यात्रा

**मानपुरा माचैड़ी** । रुडल स्थित नव निर्मित श्री श्याम मंदिर में श्री गणेश जी व श्याम बाबा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को श्री सीताराम जी मंदिर प्रांगण से 1100 महिलाओं द्वारा बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में प्रथम पूज्य श्री गणेश व श्याम बाबा की मूर्तियां की झांकी सजाकर नगर भ्रमण करवाया। ठाामीणों द्वारा कलश यात्रा का फूल बरसाकर स्वागत किया। पूर्व सरपंच नानूराम बाड़ीगर ने बताया कि श्री सीताराम मंदिर से महिलाए कलश यात्रा निकाली।कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ श्याम मंदिर पहुंची। पंडितों द्वारा मंडलों की पूजा, मूर्ति का अनादिवास, फलादिवास,जलाधिवास, ठाह शांति हवन किया गया। मंदिर के प्रधान पुजारी परमानंद शर्मा व हरिओम शर्मा के निर्देशन में रविवार को सुबह पंडितों द्वारा विधि विधान से श्री गणेश जी व श्री श्याम बाबा की मूर्तियो की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। साथ ही श्री श्याम मित्र मंडल जयपुर के कलाकार भजन संध्या का कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे व भंडारे का आयोजन भी होगा। इस दौरान ठााम रूंडल के सर्व समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सांसद ने की जनसुनवाई

**शाहपुरा। जयपुर** ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने शहर में शाहपुरा क्षेत्र के लोगों की आमजन समस्याओं को लेकर के जनसुनवाई की। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया सह प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि इस दौरान शाहपुरा शहर एवं ग्रामीण इलाकों से आये लोगों ने अपनी पानी, सड़क, साफ-सफाई, बिजली आदि सार्वजनिक एवं निजी कार्यों को लेकर के जयपुर ठाामीण सांसद को अपनी समस्याओं से अवगत कराया जिस पर सांसद ने संबंधित अधिकारियों से तुरंत वार्ता करते हुए शीघ्र समाधान करने का दिशा निर्देश दिया। इस दौरान समाजसेवी सुभाष मित्तल सहित उपस्थित लोगों ने जयपुर ठाामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह को साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति बंशीधर सैनी, उप जिला अस्पताल शाहपुरा प्रभारी डॉक्टर विनोद योगी, भाजपा शाहपुरा शहर मंडल अध्यक्ष मालीराम सैनी,आदि लोग मौजूद रहे।

### नुकसान का जायज़ा लिया

**नारायणपुर, (निसं)।** पूर्व कैबिनेट मंत्री शकुंतला रावत नारायणपुर उपखंड के एक दिवसीय दौरे पर रहीं। इस दौरान उन्होंने अलवर बाईपास पर स्थित एक टैंट गोदाम में हाल ही में लगी भीषण आग से हुए नुकसान का जायज़ा लिया और पीड़ित व्यापारी राजेन्द्र छिपी से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। शकुंतला रावत ने घटनास्थल का मौका मुआयना करते हुए कहा कि इस दुखद घटना में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है, और पीड़ित को हरसंभव मदद दिलाने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन और सरकार की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े किए। पूर्व मंत्री ने कहा सरकार ने तो नगरपालिका का गठन कर दिया, लेकिन आज तक वह बुनियादी सुविधाएं तक मुहैया नहीं करा पाई हैं। अगर यहां फायर ब्रिगेड होती, तो इतना बडा नुकसान टाला जा सकता था। उन्होंने नगरपालिका में आवश्यक संसाधन शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज लोगों के काम तो दूर, प्रशासन ज्ञापन लेने में ही दो-दो घंटे लगा देता है।

### अवैध बजरी से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**निवाई।** निवाई थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि गश्त के दौरान जनता कॉलोनी के पास से अवैध बजरी से भरा हुआ आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली को घुमाकर वापस ले गया और कल्याण कॉलेज के समीप बजरी खाली करने लगा।


नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# वन मंत्री संजय शर्मा ने सीएम कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की

- मंत्री शर्मा ने छाया, पेयजल, बैठक व्यवस्था,पार्किंग, बेरिकेटिंग आदि व्यवस्थाओं की जानकारी ली
- अधिकारियों को कार्यक्रम से पर्व तैयारी पूर्ण करने के लिए दिए निर्देश

**अलवर।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने शनिवार को अपने अलवर निवास पर जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये है। सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक कर 19 मई को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित अलवर कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की और व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

अलवर निवास पर जनसुनवाई में ग्राम पंचायत पुनर्गठन, सडक, विद्युत, पुलिस, स्थानांतरण की परिवेदनाएं प्रमुख रही जिस पर मंत्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को दूरभाष से परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। परिवेदनाओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरते जाने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाने की बात कही। मंत्री शर्मा ने फरियादियों से कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा आमजन के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित की गई है जिनका जागरूक रहकर लाभ उठाने के



अलवर निवास पर वन राज्यमत्री संजय शर्मा जनसुनवाई कर लोगों की समस्या सुनते।

साथ-साथ अन्य लोगों को लाभ उठाने हेतु जागरूक करें। सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 19 मई को अलवर के सरस डेयरी मैदान में किसान पशुपालक सम्मेलन एवं मोती डूंगरी स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा के अनावरण एवं सिलीसेढ झील से अलवर शहर में पेयजल आपूर्ति परियोजना के कार्यारम्भ करने के प्रस्तावित यात्रा कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा व साफ-सफाई को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मंत्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों से कार्यक्रम स्थलों पर ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए छाया, पेयजल,बैठक व्यवस्था,पार्किंग, बेरिकेटिंग आदि कि की जा रही व्यवस्थाओं की बिंदुवार जानकारी ली और निर्देश दिए कि सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की कार्यक्रम से पूर्व ही तैयारी पूर्ण कर लेवे।

साथ ही सुनिश्चित करें कि सभा स्थल की समुचित साफ-सफाई व्यवस्था रहे तथा कार्यक्रम स्थल के पास पर्याप्त पेयजल व्यवस्था,पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था, मेडिकल टीम,चल शौचालयों आदि की माकूल व्यवस्था रहे।मंत्री शर्मा निर्देश दिये कि कार्यक्रम स्थल पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था रहे तथा यातायात प्रभावित ना हो इसको दृष्टिगत रखते हुए उचित स्थान पर पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस दौरान प्रशासनिक, पुलिस व संबंधित विभागों के अधिकारी तथा जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं महासिंह चौधरी मौजूद रहे।

## पानी की किल्लत, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**टोंक**, (निसं)। दत्तवास कस्बे में दस दिन से पानी की किल्लत से परेशान ग्रामीणों ने शनिवार को सवाईमाधोपुर-जयपुर रोड पर मुख्य बाजार में सड़क जाम कर, लोगों ने सरकार के खिलाफ नारे लगाए। ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी में महिलाओं को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।सूचना पर पंहुची दत्तवास थाना पुलिस ने लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण नहीं माने, इसके बाद थानाधिकारी कालूराम मीणा पहुंचे। जहां उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को पानी की समस्या बताई। इस दौरान जलदाय विभाग के एईएन राकेश कुमार बैरवा मौके पर पहुंचे, ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया। थानाधिकारी मीणा ने लोगों को समझाकर शांत किया तथा दो दिन में पानी की सप्लाई शुरू करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर एईएन बैरवा ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग के ठेकेदार ने सड़क निर्माण के दौरान पाइपलाइन तोड़ दी थी, इसी कारण गांव में पानी की सप्लाई बंद हो गई थी। सात दिन से कर्मचारी लाइन सुधारने में लगे हैं, जल्द ही मरम्मत पूरी कर पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

## तिरंगा यात्रा का आयोजन

**नारायणपुर, (निसं)।** भारतीय सेना के हालिया सफल अभियान ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धियों को सम्मानित करते हुए शनिवार को ज्ञानपुरा ग्राम में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व क्षेत्रीय विधायक देवीसिंह शेखावत ने किया, जिसमें सैकड़ों ठाामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिरंगा यात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई बस स्टैंड तक पहुंची, जहां देशभक्ति नारों और जयघोषों के साथ इसका समापन हुआ। यात्रा के दौरान युवाओं और बुजुर्गों ने हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्र के प्रति अपने प्रेम और सेना के प्रति सम्मान प्रकट किया। विधायक देवीसिंह शेखावत ने इस अवसर पर कहा कि तिरंगा यात्रा ना केवल राष्ट्र की एकता और अखंडता का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे सशस्त्र बलों के पराक्रम और बलिदान के प्रति सम्मान भी है।

**तलवार के साथ एक गिरफ्तार :** निवाई। सदर थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट में कार्रवाई करते हुए तलवार लहराते हुए एक जने को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि गांव मूंडिया कट के पास ढाबे की और मुकेश उर्फ जग्गु मीणा निवासी मूंडिया को नंगी तलवार लहराते हुए को गिरफ्तार करके तलवार जब्त की है।


**आम सूचना** मेरे अभिभाष्य विकास गर्ग पुत्र नारायण गर्ग नि. जी-148 सुमेर नगर विस्तार मांग्यावास मानसरोवर जयपुर ने एक सम्पत्ति जाजू भवन जाल की गली सांभर लेक को क्रय करने का करार विक्रेता राजेश जाजू पुत्र एस. एन. जाजू नि. जाल की गली सांभरलेक से किया है यदि उक्त सम्पत्ति के विक्रय बाबत किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात मेरा मुवक्किल उत्तरदायी नहीं होगा।
रविन्द्र कुमार शर्मा, एडवोकेट, मो.-9214092540

**आम-सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवासीय प्लाट नं. 27, स्कीम मुरलीपुरा, चौमूं रोड, जयपुर में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 161.11 वर्गगज है, उक्त सम्पत्ति का पट्टा विलेख जरिये आवंटन / विक्रय पत्र संख्या-1225, 27.10.2007 द्वारा सुशीला देवी चौहान पत्नी मदन सिंह चौहान के हित में जारी किया गया था। यह कि कुछ समय पश्चात् सुशीला देवी चौहान का स्वर्गवास 16.04.2022 हो गया एवं पूर्व में उनके पुत्र राजेन्द्र सिंह चौहान का स्वर्गवास 28.09.2016 को व उनके एक पुत्र भंवर सिंह चौहान का स्वर्गवास 27.09.2021 को हो गया। सुशीला देवी चौहान की मृत्यु के पश्चात उनके विधिक उत्तराधिकारी में मदन सिंह (पति), मंजु देवी (पुत्री), महेन्द्र सिंह (पुत्र) एवं भंवर सिंह चौहान की मृत्यु के पश्चात् उनके 1/5 हिस्से के विधिक उत्तराधिकारी दुर्गा देवी (पत्नी), प्रेरणा (पुत्री), नीतू सिंह (पुत्री) व अरूण सिंह चौहान (पुत्र) तथा राजेन्द्र सिंह चौहान की मृत्यु के पश्चात उनके 1/5 हिस्से के विधिक उत्तराधिकारी में बबिता कंवर (पत्नी), भानु प्रताप सिंह (पुत्र) व हर्ष वर्धन (पुत्र) उक्त सम्पति के संयुक्त रूप से विधिक रूप से मालिक एवं स्वामी, काबिज हुए, अरूण सिंह चौहान, नीतू चौहान, प्रेरणा, हर्ष वर्धन व भानु प्रताप सिंह ने उक्त सम्पति में निहित अपने-अपने अविभाजित हिस्से को रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र 09.04.2025 के द्वारा मदन सिंह, मंजू, महेन्द्र सिंह, दुर्गा देवी पत्नी स्व. भंवर सिंह चौहान व बबिता कँवर पत्नी स्व. राजेन्द्र सिंह चौहान के हक में त्याग कर दिया। इस प्रकार मदन सिंह, मंजू, महेन्द्र सिंह, दुर्गा देवी पत्नी स्व. भंवर सिंह चौहान व बबिता कँवर पत्नी स्व. राजेन्द्र सिंह चौहान उक्त सम्पति के संयुक्त रूप से विधिक रूप से मालिक स्वामी अधिकारी काबिज हुए। अब रेखा बंसल पत्नी मनोज कुमार अठवाल उक्त सम्पति को क्रय कर रहे है जिस बाबत मेरे अभिभाष्य वित्तीय संस्था भ्वथ ठंदा रुजकण से ऋण ले रहे है, सर्वसाधारण को उक्त सम्पति के विधिक वारिसान, मालिकाना हक, स्वामित्व, कब्जे, अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करे अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।
दिनांक-16/5/25 केदार राम, एडवोकेट
मो.-9460943434, 9799170016


## विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर किया जागरूक

**कोटपूतली।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले में शनिवार को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस (वर्ल्ड हाईपरटेंशन डे) के अवसर पर सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर डायबिटिज एवं हाईपरटेन्शन स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन कर बी.पी. एवं शुगर के मरीजों की जाँच की गई। साथ ही आमजन को इस बीमारी के प्रति जागरूक भी किया गया।

सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि विश्व हाईपरटेंशन दिवस का उद्देश्य लोगों को उच्च रक्तचाप यानी हाईपरटेंशन के खतरे, लक्षण, रोकथाम और उपचार के बारे में जागरूक करना होता है। यह एक वैश्विक स्वास्थ्य जागरूकता दिवस है, जिसे विश्व हाईपरटेंशन लीग द्वारा शुरू किया गया था। हाईपरटेंशन वह स्थिति है जिसमें धमनियों में रक्त का दबाव लगातार बहुत अधिक होता है। हाईपरटेंशन के कारण दिल का दौरा और स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याओं का खतरा रहता है। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि अधिकांश लोगों में उच्च रक्तचाप आम तौर पर कोई लक्षण नहीं दिखाता है। हालांकि जिन लोगों का रक्तचाप बहुत अधिक होता है उनमें भयानक सिरदर्द, छाती में दर्द, सांस लेने में समस्या, चक्कर आना, चिंता, भ्रम, बेचैनी, उल्टी, दृष्टि में परिवर्तन, नाक से खून आना और असामान्य दिल की धडकन, थकावट या सांस फूलना आदि लक्षण दिखाई देते है। उच्च रक्तचाप एक गंभीर स्थिति है जो तब होती है जब हमारी रक्त वाहिकाएं अत्यधिक दबाव (140-90 एमएमएचजी या उससे अधिक) में होती हैं। इसका तुरंत ईलाज किया जाना चाहियें, क्योंकि अगर इसे नजर अंदाज किया गया तो यह हृदय रोग, दिल का दौरा या स्ट्रोक जैसी अधिक गंभीर और घातक स्थितियों में बदल सकता है। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के अनुसार उच्च रक्तचाप आमतौर पर धीरे-धीरे दिखाई देता है। इसे खराब जीवन शैली विकल्पों जैसे खराब खानपान की आदतों और शारीरिक गतिविधि की कमी से जोड़ा जा सकता है। मोटापा और मधुमेह दो स्थितियां हैं जो उच्च रक्तचाप के खतरे को बढ़ा सकती हैं। अत्यधिक रक्तचाप या हाईपरटेंशन का पता लगाने और उसे नियंत्रित करने के लिये नियमित रूप से रक्तचाप की निगरानी की जानी चाहिये।

## आयुष हेल्थ सेंटर के बाहर कचरा डिपो

**सांभरझील,।** आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की पीछे के दरवाजे पर 15 साल से खुला कचरा डिपो पालिका प्रशासन की विवेकता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है। कार्य शैली की तो बात ही अलग है पूरा सिस्टम लगता है अपनी मनमर्जी से चल रहा है। जिस जगह कचरा डाला जा रहा है वह रास्ता मुगल सिंधी मोहल्ला से राजपथ की तरफ जाता है, जिसकी नजदीक सार्वजनिक नेहरू बालोद्यान की चारदीवारी व जलदाय विभाग का जलाशय है। इसी स्थान पर निजी वाहनों का पार्किंग स्थल है। बताना जरूरी है कि कई मर्तबा या की चिकित्साधिकारी दो फारुक खान अपने पिछले कार्यकाल के दौरान उपखंड अधिकारी से लेकर नगर पालिका को पत्राचार कर चुके हैं, पूर्व पार्षद सिराजुद्दीन मंसूरी ने भी अनेक दफा मामले को नगर पालिका के संज्ञान तक पहुंचाया लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात निकला। समझ में यह नहीं आ रहा है कि यहां पर कचरा इकट्ठा करने की राय किसने दी, इस रास्ते पर आवाजाही आम लोगों की रहती है, लेकिन कोई भी इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं कर पा रहा हैं

## पांचवें दिन काम पर लोटे सफाई कर्मी

**किशनगढ़बास।** चार दिन से बकाया पीएफ के पैसे को लेकर हडताल पर सफाई कर्मचारी शनिवार को पांचवें दिन अपने काम पर वापस लौट आए हैं। कर्मचारियों के काम पर वापस लौटने से भले ही अधिकारियों व शहर वासियों को गंदगी से राहत मिल गई हो पर आधा अधूरा पैसा मिलने से सफाई कर्मचारी अभी भी खुश नहीं दिखाई दे रहे हैं। चूंकि 2025 - 26 का टेंडर दूसरे ठेकेदार के नाम हो चुका और कभी भी नगर पालिका ठेकेदार को वर्क आर्डर जारी कर सकती है।

जिसको लेकर कर्मचारियों का पीएफ का पैसा एक बार फिर से खटाई में पड़ जाने का डर लगा है। गरीबों को संबल प्रदान करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अलवर में केंद्र सरकार में मंत्री भूपेंद्र यादव और राज्य सरकार के राज्य मंत्री संजय शर्मा व अलवर प्रभारी मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के होते हुए गरीब वाल्मीकि जाति के सफाई कर्मियों को अपने हक के पीएफ के पैसों के लिए बार बार हड़ताल करने के बाद भी वर्षों से आधे अधूरे पैसों पर सन्तोष करना पड़ रहा है।

यह मामला है खैरथल तिजारा जिले की किशनगढ़ बास नगर पालिका में ठेका पद्धित के तहत काम पर लगे सफाई कर्मचारी पीएफ के पैसों के लिए चार दिन से हड़ताल कर घर पर बैठे थे। कर्मचारियों की माने तो मामला एक-दो महीने का नहीं बल्कि 3 साल से सफाई कर्मचारियों को उनका पूरा पैसा नहीं मिलने का है। यहां अधिकारियों की कथनी और करनी में अंतर दिखाई देता है। क्योंकि एक तरफ तो अधिकारी आमजन की समस्याओं के त्वरित निदान को लेकर ब्लॉक उपखंड और जिला स्तर पर महा में एक बार जन सुनवाई करते हैं गांवों में रात्रि चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनने के लिए पहुंचते हैं और मालूम होते हुए भी अधिकारी सफाई कर्मचारियों को उनके हक का ठेकेदार से पूरा पैसा क्यों नहीं दिला पा रहे। शहर में 25 वार्ड की सफाई व्यवस्था में नगर पालिका टेंडर के तहत 100 से अधिक सफाई कर्मचारी ठेकेदार के लगे हैं। जो पीएफ का पैसा नहीं मिलने पर चार दिन से हड़ताल किए हुए थे।


## नाम परिवर्तन

मैं चन्द्रकला पत्नि शिवराम वर्मा में घोषित करती हूँ कि मेरे स्व. पति शिव राम वर्मा जी को PNB Metlife में पॉलिसी है Policy No.-23297953 जिसमें मेरा नाम हरप्यारी वैरी है जो की गलत नाम है मेरे आधार व पेन कार्ड में चन्द्रकला नाम है और मुझे इसी नाम से जाना जाये।

मैंने अपना नाम अक्षिता चौधरी से बदलकर अद्वीता चौधरी पुत्री श्री मुकेश रनवान रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। निवासी 6/376, सेक्टर 6, विद्याधर नगर, जयपुर

मेरे पुत्र वंश गुर्जर के जन्म प्रमाण पत्र में सहवन से माता का नाम प्रियंका देवी अंकित हो गया जो गलत है जबकि सही नाम कुसुम वर्मा है। भविष्य में उसे कुसुम वर्मा पत्नी राजेश गुर्जर के नाम से जाना जावे। निवासी-गोविन्दपुरा, निवारू लिंक रोड, झोटवाडा, जयपुर, राजस्थान-302012

मेरी पुत्री का नाम अन्य दस्तावेज मे छवि (Chavi) पुत्री लखन विशनानी व शैक्षिणिक दस्तावेजो में किंजल विशनानी (KRINJAL VISHNANI) दर्ज है। दोनो नाम मेरी पुत्री के ही है। अतः भविष्य में छवि (Chavi) लखन विशनानी नाम से पहचाना जावे। निवासी, 506 पार्थ एम्पायर, प्रताप नगर, साँगानेर, प्रताप नगर, सैक्टर-11, जयपुर

I Bhavesh Choudhary R/o. Address: S/O: Dalip kumar, Shahjadpur, Mundawar, Jasai, Alwar, Rajasthan - 301427 has changed my Name from Bhavesh to Bhavesh Choudhary for all future purposes.

I Army No. JC-389145W Rank-NB Sub. name Pebeti Tulasi Reddy . Regt. R/o Vill. PO-Thangadancha, Jupadu Bunglow Mandal, Dist.- Kurnool, Andhra Pradesh, have changed my mother's name from P. Venkatalakshmamny to Pebbeti Venkatalakshmamma and DOB from 01-07-1960 to 18-06-1958 in my service records for all future purpose.

I Army No. JC- 389145W Rank- NB Sub. name Pebeti Tulasi Reddy . Regt. R/o Vill. PO- Thangadancha, Jupadu Bunglow Mandal, Dist.- Kurnool, Andhra Pradesh, have changed my minor daughter name from Pebbeti Ruhika Reddy to Pebeti Ruhika Reddy in my service records for all future purpose.

I, Pebeti Suneetha w/o Army no. JC-389145W Rank-NB Sub. Pebeti Tulasi Reddy R/o Vill.- Tangadancha, Japadu Banglow Mandal Nandyal Dist. Kurnool, Andhra Pradesh have changed my Name from P. Suneetha to Pebeti Suneetha for all future purposes.

I Army No. JC-389145W Rank-NB Sub. name Pebeti Tulasi Reddy . Regt. R/o Vill. PO-Thangadancha, Jupadu Bunglow Mandal, Dist.- Kurnool, Andhra Pradesh, have changed my father's name from P Samba Siva Reddy to Pebbeti Sambasiva Reddy and DOB from 01-07-1956 to 01-04-1954 in my service records for all future purpose.


## 'ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत तिरंगा यात्रा की तैयारियों पर की चर्चा

**कोटपूतली।** राजमार्ग की सर्विस लेन स्थित डाक बंगला परिसर में विधायक हंसराज पटेल की अध्यक्षता में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के सभी पाँच मण्डल अध्यक्षों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कोटपूतली विधानसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। विधायक पटेल ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे वीर जवानों के सम्मान में तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर चर्चा करते हुये जिम्मेदारियों का वितरण किया।

बैठक में तिरंगा यात्रा की रूपरेखा, आयोजन की रणनीति और जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिये विस्तृत चर्चा की गई। विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि ष्यह तिरंगा यात्रा ना केवल हमारे जवानों के प्रति सम्मान का प्रतीक है, बल्कि युवाओं में राष्ट्र भक्ति की भावना को भी प्रबल करेगी। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने वीर जवानों के त्याग को



कोटपूतली में कार्यकर्ताओं की बैठक लेते विधायक पटेल।

याद रखे और देश भक्ति के ऐसे अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभायें। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष एड. रमेश रावत, अरुण सैनी, पूर्व चौयरमैन एड. महेन्द्र सैनी, एड. कमल कसाना, एड. दयाराम गुर्जर, पूर्व प्रधान बनवारी लाल यादव, राजेश रावत, विक्रम रावत, रघुवीर गोयल, विकास डोई समेत अन्य मौजूद रहे। विधायक हंसराज पटेल ने डाक बंगला परिसर में जनसुनवाई का आयोजन कर आमजन के अभाव-अभियोग सुने। पटेल ने पेयजल किल्लत व विधुत कटौती को लेकर आ रही समस्या को लेकर सम्बंधित अधिकारियों को शीघ्र समस्या का समाधान करने के निर्देश दिये। ताकि आमजन को गर्मी के मौसम में पेयजल किल्लत व विधुत कटौती जैसी समस्या का सामना ना करना पड़े

## ट्रेन रुकते ही पानी लेकर दौड़ पड़ते हैं जल सेवक

**फुलेरा।** यहां पर जैसे जैसे गर्मियां बढ़ रही है, वैसे वैसे पानी की आवश्यकता भी बढ़ रही है। चारों तरफ पानी को लेकर हाहाकार मचा रहता है। लेकिन रेल नगरी फुलेरा में जब भी कोई ट्रेन आकर रुकती है तो आरओ का ठण्डा पानी पिलाने वालो का तांता लगा रहता है। इसके लिए दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत और दैनिक रेल यात्री महासंघ फुलेरा के द्वारा फुलेरा जंक्शन पर अलग-अलग जगहों पर दोनों संगठनों के बैनर तले और इनके नेतृत्व में लगातार स्काउट्स गाइड, मातृ शक्तियां, रेलवे पेंशनर्स, स्थानीय प्रबुद्धजन और दैनिक रेल यात्रियों का हुजूम ट्रेन के यात्रियों को ठण्डा पानी पिलाने को आतुर रहता है।

इस भीषण गर्मी में अगर ठण्डा पानी मिल जाए लोग अंतर्मन से दुआए देते है। यात्रियों ने भी जब यहां के लोगो के जज्बे को देखा तो वो नतमस्तक होकर प्रणाम करते है। इसी दौरान उनके मुंह से अनायास ही निकल पड़ता है कि वाह धन्य है फुलेरा की धरती जिस पर ऐसे कर्मवीर पैदा हुए है। इसी क्रम में दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत के अध्यक्ष अशोक वासदेव ने बताया कि सेवा ही समर्पण और सेवा ही संकल्प है। इसी भावना से हम हर वर्ष इस शीतल पेयजल व्यवस्था को मूर्त रूप प्रदान करते है। वहीं दूसरी ओर दैनिक रेल यात्री महासंघ अध्यक्ष विष्णु कयाल ने कहा कि इस भीषण गर्मी में जरूरतमंद रेल यात्री को अगर ठण्डा जल मिल जाए तो हलक तर हो जाते है। इसके लिए वह भी इस सेवा के लिए दुआएं देकर जाते है, भीषण गर्मी में यह व्यवस्था लगातार जारी रहेगी। शीतल पेयजल व्यवस्था में स्काउट्स गाइड के साथ मातृ शक्तियां भी पिछड़ी हुई नही है। सुबह शाम घर का कार्य करते हुए दोपहर में यात्रियों को ठण्डा पेयजल पिलाने के लिए हमेशा सेवा भाव से आतुर रहती है। वहीं स्कूल के छात्र छात्राओं ने भी अपने गुरु जनों के नेतृत्व में जल सेवा कार्य में सहयोग किया। इस दौरान वरिष्ठ पेंशनर शक्ति सिंह, भंवर लाल कुमावत, श्याम लाल सैनी, समाज सेविका पूनम कुमावत, पूजा भाटी, प्रेम कुमावत आदि सहित बच्चे, महिलाएं और दैनिक रेल यात्री यथा संभव उक्त निशुल्क पेयजल व्यवस्था में सहयोग कर रहे हैं।


**आम सूचना** हर आम व खास को यह सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण ने उमरदीन पुत्र हाजी जहूर मोहम्मद से प्लाट नम्बर 29, रावलजी की मोरी के पास, गंगापोल रोड़, गंगापोल, जयपुर कुल क्षेत्रफल 125.34 वर्गमीटर मय तीन मंजिला निर्माण सहित को क्रय कर मेरे अभिभाष्यगण काबिज हो गये है, उमरदीन पुत्र हाजी जहूर मोहम्मद से प्लाट नम्बर 29 दोबारा को कोई भी व्यक्ति व व्यक्ति विशेष खरीद फरोख्त नही करे, उक्त प्लाट नं. 29 पर कोई भी बैंक, वित्तीय संस्था, सरकार, जनसाधारण या कोई व्यक्ति को ऋण नहीं देवे यदि ऋण दिया तो उसकी जिम्मेदारी उसकी स्वंय की रहेगी।
आबिद रहमानी, एडवोकेट, मोः 9351619665

## खोया पाया

मेरे म. नं 50 रहिमन कॉलोनी दिल्ली बायपास रोड ईदगाह जयपुर का पट्टा खो गया है।मिलने पर सूचित करे। साजिद हुसैन 8209028644

मयूर विहार एक्सटेंशन-1, दिल्ली 110091 में अपार्टमेंट एस14, मेधा अपार्टमेंट के लिए रजत बत्रा (सदस्यता संख्या 299) को जारी किया गया कब्जा पत्र, शेयर प्रमाण पत्र (50) और आवंटन पत्र नारायण सर्किल जयपुर में खो गया है। यदि मिल जाए तो कृपया उपरोक्त पते या फोन पर सूचित करें 01412568833

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 47/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री प्रवेश दीक्षित पुत्र श्री रविन्द्र कुमार निवासी ग्राम पोस्ट सोहन की ढाणी, बानसूर, जिला कोटपूतली-बहरोड़ ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत बी.डी.एम.एल. शिक्षण संस्थान, ढेलावास (मुण्डावर) पोस्ट गोपीपुरा, तहसील मुण्डावर, जिला खैरथल तिजारा के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 02.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 08.07.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग जयपुर


# 21 कुण्डीय रूद्र महायज्ञ का शुभारंभ, 811 महिलाओं ने निकाली कलश

**नारायणपुर।** कस्बे के राजपुरा मोहल्ले मे स्थित माधवानंद सरस्वती परमहंस आश्रम में शनिवार को 21 कुण्डीय रूद्र महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। इस नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से हुई, जो पुरुषोत्तमदास आश्रम से आरंभ होकर कस्बे के मुख्य बाजार से होती हुई यज्ञ स्थल तक पहुंची। यात्रा में डीजे की धुन पर नृत्य करती हुईं 811 महिलाओं ने भाग लिया, जिनका ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और उन्हें शीतल जल पिलाया। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

महिलाओं के उत्साहपूर्ण नृत्य और धार्मिक वातावरण ने पूरे कस्बे को भक्ति में रंग दिया। हालांकि इस दौरान पुलिस जाप्ता नहीं पहुंचने से ट्रैफिक व्यवस्था



21 कुण्डीय रूद्र महायज्ञ का शुभारंभ, 811 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

पूरी तरह से चरमरा गई, जिससे आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ा। यज्ञ स्थल पर साध्वी विदुषी सरस्वती, पीर संज्यानाथ आसण से पीर विवेकनाथ महाराज, महामंडलेश्वर जनार्दन दास महाराज और तुलसीदास महाराज सहित अनेक साधु-संतों की गरिमामयी उपस्थिति रही। क्षेत्रीय विधायक देवीसिंह शेखावत ने भी कलश यात्रा में भाग लेकर श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के संयोजक अध्यक्ष अर्जुन लाल यादव ने जानकारी दी कि यह रूद्र महायज्ञ नौ दिनों तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन ठाामीणों के लिए भण्डारे की व्यवस्था की गई है। साथ ही प्रत्येक दिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक ब्रजवासी कलाकारों द्वारा रासलीला और रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक रामलीला का मंचन किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। महायज्ञ का समापन 25 मई को पंडित वेदप्रकाश यज्ञाचार्य के निर्देशन में हवन-पूजन के साथ विधिपूर्वक संपन्न होगा।


**कार्यालय ग्राम पंचायत चोगाई पंचायत समिति पीपलू**
क्रमांक-2 दिनांक-16.05.2025
कार्यालय ग्राम पंचायत चोगाई में मेटरियल सप्लाई हेतु फर्म, व्यक्ति अथवा संस्थान से निर्धारित प्रपत्र में के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता विस्तृत दिशा-निर्देश व निविदा प्रपत्र www.sppp.rajasthan.gov.in/eproc.rajasthan.gov.in डाउनलोड व अपलोड कर सकते हैं।
UBN NO. ZTN2526GLOB00326
NIB NO. ZTN252640338

**कार्यालय ग्राम पंचायत बनवाडा पंचायत समिति पीपलू**
क्रमांक-2015-26/41 दिनांक-17.05.2025
कार्यालय ग्राम पंचायत बनवाडा में मेटरियल सप्लाई हेतु फर्म, व्यक्ति अथवा संस्थान से निर्धारित प्रपत्र में के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता विस्तृत दिशा-निर्देश व निविदा प्रपत्र www.sppp.rajasthan.gov.in/eproc.rajasthan.gov.in डाउनलोड व अपलोड कर सकते हैं।
UBN NO. ZTN2526GLOB00338
NIB NO. ZTN252640351

## सार-समाचार

### पांच ट्यूबवेल स्वीकृत

**मनोहरपुर।** शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए पेयजल संकट से राहत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। बजट वर्ष 2025-26 की घोषणा के अनुरूप, क्षेत्रीय विधायक श्री मनीष यादव के सतत प्रयासों और अनुशंसा के फलस्वरूप क्षेत्र में कुल 5 ट्यूबवेल स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से बरवाड़ा, बिलांदरपुर एवं राडावास के ट्यूबवेलों की प्रशासनिक स्वीकृति शासन द्वारा जारी कर दी गई है। वहीं, लेटकाबास व नायाबास में प्रस्तावित शेष दो ट्यूबवेलों की स्वीकृति प्रक्रिया अंतिम चरण में है, जिनके आदेश शीघ्र ही जारी होने की संभावना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वीकृत ट्यूबवेलों का निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। यह पहल उन गांवों और मोहल्लों के लिए जीवनदायिनी सिद्ध होगी, जहां लंबे समय से पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई थी। क्षेत्रवासियों ने विधायक श्री मनीष यादव के प्रयासों की सराहना करते हुए आशा जताई है कि आगामी गर्मी के मौसम में इसका पूर्ण लाभ मिलेगा और पेयजल संकट से राहत मिलेगी।

### गोवर्धन धाम के लिए पदयात्रा रवाना

**सिरस।** गिर्राज पदयात्रा संघ खलीलाबाद मौजा के तत्वावधान में गोवर्धन धाम मथुरा के लिए 14 वी पदयात्रा शनिवार को गाजे बाजे के साथ रवाना हुई। पदयात्रा संघ के संचालक श्योजी राम भामू ने बताया कि सुबह 4 बजे राधा गोविंद मंदिर में पद यात्रियों ने ध्वज पूजन कर पदयात्रा को रवाना किया। पदयात्रा में गिरिराज महाराज के भजनों पर श्रद्धालु नाच्ते गाते देखे गए। पद यात्रियों ने छीला वाले बालाजी मंदिर में दर्शन करने के बाद सिरस गांव में केशवराय भगवान के मंदिर में दर्शन किए। इस मौके पर लोगों ने पद यात्रियों का स्वागत किया। पदयात्रा लालसोट, पपलाज माता, घूमना, सिकराय, मेहंदीपुर बालाजी, महुआ, बहरामदा, सिंनसनी, बदनगढ होते हुए 23 मई को पूछरी का लोटा गोवर्धन धाम पहुंचकर गिरिराज महाराज की परिकमा करेंगे। पद यात्रा में श्योजीराम भामू, द्वारका प्रसाद सोयला, मनीष रजवास, रतिराम बाजिया मौज, हीरालाल मौज, बजरंग बूरी मौज, धारा सिंह खटाना, गिरिराज बराला, दिलकुश मीणा, सत्यनारायण जाट शिवसिंहपुरा, कैलाशपुरी सिरस सहित अन्य पदयात्री शामिल है।

### सेना के सम्मान में तिरंगा रैली 20 को

**निवाई।** डाक बंगले में विधायक रामसहाय वर्मा की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि संपूर्ण प्रदेश भर में भाजपा कार्यकर्ता और सर्व समाज के लोगों द्वारा भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर संपूर्ण प्रदेश भर में बैठक का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निवाई पीपलू विधानसभा क्षेत्र में भी भारतीय सेवा के सम्मान में तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा। विधानसभा समन्वयक व युवा मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री रमाकांत शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की कार्यकर्ता व सर्व समाज द्वारा भारतीय सेना के सम्मान में 20 मई को टोंक और व 20 मई के बाद निवाई पीपलू विधानसभा क्षेत्र में विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर शहर और ग्रामीण क्षेत्र के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं की अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। कार्यकर्ता आमजन के सहयोग से विशाल तिरंगा रैली निकालेंगे। कार्यकर्ता घर-घर जाकर 20 मई को तिरंगा रैली को लेकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेंगे। बैठक में भाजपा नेता रामप्रसाद शर्मा, पार्षद नितिन छाबडा, केदार चौधरी, विजय मनोहरिया, हनुमान चौधरी, हनुमान गुर्जर, चिरंजी लाल, रामबिलास बलाई, शिवराज गुर्जर, राकेश शर्मा, रामगोपाल सेवलिया व जितेंद्र धारवाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### प्रतिभा-सम्मान समारोह आयोजित

**श्रीमाधोपुर।** प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी अभ्यर्थी दर हुए अनुशासन के साथ करें । प्रतियोगियों को असफलताओं से घबराकर अपना मनोबल कम नहीं होने दें, अभ्यर्थी धैर्य के साथ धीरे-धीरे लक्ष्य की ओर आगे बढ़े,इन सबके लिए अच्छे संस्कार एवं अनुशासन की आवश्यकता होती है वर्तमान समय में प्रतियोगी एंड्रॉयड फोन का उपयोग कम करें यह बात जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने विनायक क्लासेज में विनायक वार्षिक प्रतिभा-सम्मान समारोह में बोल रहे थे । विनायक क्लासेस के विनायक वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीकर जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा रहे ।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित के साथ किया गया, निर्देशक ने आए हुए अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया छात्र-छात्राओं ने एक से बढकर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जिला कलेक्टर ने इससे पहले निर्देशक संयोग भावरिया ने जिला कलेक्टर का माल्यार्पण कर साफा पहनाकर स्वागत किया।निर्देशक ने बताया कि विनायक हर साल वार्षिक उत्सव का आयोजन करता है, विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयनित अभ्यार्थियों का सम्मान किया जाता है जिसमें मुख्य रूप से शिक्षक,दिल्ली पुलिस, पटवार, रेलवे, राजस्थान पुलिस, एयर फोर्स में चयनित सैकडो अभ्यर्थियों का इस कार्यक्रम में सम्मान किया गया ! साथ ही निर्देशक ने आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं मुख्य रूप से शिक्षक ठोड सेकंड,रीट,राजस्थान पुलिस, दिल्ली पुलिस,रेलवे आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी अच्छी फैकल्टी व बेस्ट कंटेंट के साथ अच्छे वातावरण में उपलब्ध करवाने की बात कही। जिससे क्षेत्र के अधिक से अधिक अभ्यर्थियों का चयन हो सके। इस कार्यक्रम में किसान महापंचायत के प्रदेश महामंत्री सुंदरलाल भावरिया,सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत, राजस्थान ब्लड डोनर करण सिंह राठौड,जगदीश बिरजानिया आदि मौजूद रहे।

### बीएमडी जांच शिविर आयोजित

**श्रीमाधोपुर।** एम.एस.हॉस्पिटल श्रीमाधोपुर में रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज और जल बचाओ पेड लगाओ समिति के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क बीएमडी (बोन मैरो डेंसिटी) जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 46 रोगियों की निःशुल्क जांच की जाकर आवश्यक परामर्श दिया गया। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. माधव सिंह ने बताया कि यह शिविर प्रतिमाह आयोजित किया जाता है। शिविर में अब्दुल वाहिद खोखर, राजकुमार बिजारणियां, रोहित कुमावत समेत अनेक व्यक्ति उपस्थित थे।

# दौसा में पारुल सैनी हत्याकांड का खुलासा, पति गिरफ्तार

**दौसा।** कोतवाली पुलिस ने शनिवार को बहुचर्चित पारुल सैनी हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा करते हुये हत्या के आरोप में पति को गिरफ्तार किया है। इधर मृतका के पति ने पुलिस को गुहराह करते हुये हत्या को दुर्घटना जैसा दिखाने के लिए पुलिस लाईन के पास गहरे ट्रेंच में गाडी को गिराने की व्यूह रचना रची थी, लेकिन पुलिस जांच में ये व्यूह रचना फेल हो गई तथा हत्या का राज खुल गया।



कोतवाली पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया।

पुलिस उपाधीक्षक रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि 18 फरवरी की सुबह करीब 6 बजे दौसा के सिविल लाइन क्षेत्र में हाईवे के किनारे एक गहरे ट्रेंच में संदिग्ध हालात में एक वाहन के गिरने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस और एफएसएल टीम ने जब स्थिति का जायजा लिया तो शुरुआत में मामला सामान्य सड़क दुर्घटना जैसा प्रतीत हुआ। लेकिन गाड़ी की हालत, शव की स्थिति और घटनास्थल की बनावट ने कुछ संदेह उत्पन्न कर दिए। मामले को गंभीरता से लेते हुए सघन जांच के निर्देश दिए। घटनास्थल पर मिले प्रमाणों, शव की अवस्था, और एफएसएल रिपोर्ट ने प्रारंभिक निष्कर्षों को उलट दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मृत्यु की पुष्टि हुई, जबकि दुर्घटना के लक्षण शरीर पर उतने गहरे नहीं थे, जितने एक ट्रेंच में गिरने से होने चाहिए थे।

मामले की गहराई में जाने पर पुलिस की नजर सीधे मृतका के पति महेश उर्फ जीतू सैनी पर गई। जांच में सामने आया कि महेश ने ही अपनी पत्नी पारूल सैनी को प्रयागराज कुंभ ले जाने का झांसा देकर घर से निकाला। पारूल मूल रूप से अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) की रहने वाली थी और जयपुर के टोंक फाटक क्षेत्र में महेश के साथ रह रही थी। महेश ने बड़ी ही चालाकी से बरकत नगर स्थित अपने घर से पत्नी को गाड़ी में बिठाया और उसे दौसा के सिविल लाइन क्षेत्र में एक पूर्व-चिन्हित सुनसान जगह पर ले गया। यह जगह पहले से उसकी रेकी की हुई थी, जिसे उसने घटना को अंजाम देने के लिए चुना था।

महेश ने पत्नी को चिप्स के पैकेट में मिलाकर सेल्फास (एक अत्यंत जहरीला कीटनाशक) खिला दिया, जिससे पारूल अर्धचेतन अवस्था में पहुंच गई। इसके बाद उसने मुंह और नाक दबाकर उसकी सांस रोक दी, जिससे उसकी मौत हो गई। फिर उसने गाड़ी को सुनसान ट्रेंच में धकेलकर दुर्घटना जैसा दृश्य निर्मित किया और खुद को भी बेहोश दिखाने की कोशिश की।डिजिटल दुनिया से मिली 'प्रेरणा': यूट्यूब और इंस्टाठााम बने अपराध के 'गुरु':- पूछताछ में सामने आया कि महेश ने मारने के तरीके यूट्यूब वीडियो और इंस्टा रील्स से सीखे। वह कई दिनों से यह रिसर्च कर रहा था कि कैसे किसी की हत्या को 'दुर्घटना' दिखाया जा सकता है। उसने सेल्फास के असर, दम घोंटने की तकनीक, और दुर्घटना के दृश्य की नक़ल आदि पर ऑनलाइन रिसर्च की थी। हत्या को और अधिक भ्रमित करने के उद्देश्य से महेश ने पहले से मथुरा से प्रयागराज का ट्रेन टिकट भी बुक कर रखा था, ताकि लगे कि वह अपनी पत्नी को प्रयागराज कुंभ ले जाने वाला था और रास्ते में यह दुर्घटना हो गई। मगर पुलिस की तकनीकी जांच ने इस चाल को भी बेनकाब कर दिया।

मृतका के परिजनों द्वारा पहले दहेज उत्पीड़न को लेकर दर्ज कराई गई शिकायत को भी पुलिस ने दोबारा खंगाला। यह महेश की मानसिकता को समझने में मददगार सिद्ध हुआ। इसमें साफ था कि पति-पत्नी के संबंध पहले से तनावपूर्ण थे और पारुल अक्सर प्रताड़ित की जाती थी। उन्होने बताया कि एफएसएल टीम द्वारा संकलित सबूत, कॉल रिकॉर्ड, वाहन की स्थिति, डिजिटल ट्रेसिंग, सोशल मीडिया अकाउंट्स, और अभियुक्त की गतिविधियों का विश्लेषण कर पूरे घटनाक्रम को क्रमबद्ध किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, ट्रेंच की गहराई, वाहन की क्षित और शरीर की चोटों का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया। इन सभी तथ्यों और गहन पूछताछ के आधार पर यह सिद्ध हुआ कि यह एक पूर्वनियोजित हत्या थी। फलस्वरूप महेश सैनी निवासी आदर्श बस्ती टोंक फाटक थाना बजाज नगर, जयपुर को गिरफ्तार कर लिया गया।

## दो गिरफ्तार

**पावटा।** विराटनगर थाना पुलिस ने देशी शराब का अवैध परिवहन करते दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है। जिससे 47 अवैध देशी शराब के पव्वे और एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल जब्त की गई है। पुलिस ने नाकाबंदी कर कार्रवाई की। जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने जानकारी देते हुए बताया कि अवैध गतिविधियों एवं आपराधिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के निर्देशन एवं वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन व विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा देशी शराब का अवैध परिवहन करते दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है। जिससे 47 अवैध देशी शराब के पव्वे और एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल जब्त की गई है। विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल ने बताया कि सूचना मिली थी कि बिना नंबर वाहन बजाज पल्सर पर अवैध रूप से शराब परिवहन की जा रही है। इस पर नाकाबंदी की गई। पुलिस ने अवैध शराब परिवहन करते बनवारी (24) अर्जुनलाल निवासी गालावास थाना विराटनगर व राजू उर्फ राजेंद्र (35) निवासी गालावास थाना विराटनगर को गिरफ्तार किया है और अवैध देशी शराब बरामद की।

# 'बाल विवाह केवल अपराध नहीं, बल्कि सामाजिक बुराई है'

**टोंक।** मानक संचालन प्रक्रिया-बाल विवाह से मुक्ति की ओर कार्यक्रम के अन्तर्गत राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशों पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक द्वारा आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा सहयोगिनियों, एनजीओ कार्यकर्ताओं एवं अन्य स्वैच्छिकों हेतु बाल विवाह की रोकथाम हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

> ■ मानवेन्द्र सिह जायसवाल ने कहा कि सामुदायिक सहभागिता के बिना बाल विवाह उन्मूलन संभव नहीं





बाल विवाह की रोकथाम हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिनेश कुमार जलुथरिया, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक एवं अपर जिला न्यायाधीश द्वारा जानकारी दी कि बाल विवाह केवल एक कानूनी अपराध नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक बुराई है, जो बच्चों के मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक विकास को बाधित करता है। इसे समाप्त करने के लिए हमें न केवल कानून लागू करना होगा, बल्कि सामाजिक जागरूकता भी बढ़ानी होगी। आशा इकाई और परामर्श निकाय की भूमिका पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बाल विवाह को रोकने हेतु पैनल अधिवक्तागण, पैरालीगल वॉलियेन्टर, बाल विवाह निषेध अधिकारी, आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं, एनजीओ को स्थानीय क्षेत्रों में सक्रिय रूप से जुड़ना होगा। सामुदायिक स्तर पर रिपोर्टिंग तंत्र को मजबूत करना और स्थानीय अधिकारियों के साथ तालमेल बढ़ाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

मानवेन्द्र सिह जायसवाल, तहसीलदार व बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, टोंक ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामुदायिक सहभागिता के बिना बाल विवाह उन्मूलन संभव नहीं है। हमें स्थानीय संगठनों, गैर-सरकारी संस्थाओं और स्वयंसेवकों को सक्रिय रूप से इस मुहिम में शामिल करना होगा। उन्होंने हेल्पलाइन सेवाओं, शिकायत निवारण तंत्र, और निगरानी समितियों की मज़बूती पर बल दिया।

# पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 मई

**कोटपूतली।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ कोटपूतली के तत्वाधान में 17 मई से 28 जून तक ग्रीष्मकालीन कौशल विकास एवं अभिरुचि प्रशिक्षण शिविर का आयोजन यहाँ के राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया जा रहा है।

इस अवसर पर सचिव रामबीर यादव ने बताया कि शिविर में बालकों में स्काउटिंग भावना के साथ 10 विषयों में प्रशिक्षण दिया जायेगा। बालक बालिकाएं अपनी रुचि के अनुसार नृत्य, जूडो कराटे, सिलाई, मेहंदी, ब्यूटीशियन, मेहंदी, योग, इंग्लिश स्पोकन, कंप्यूटर, हारमोनियम, शतरंज आदि विषयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। शिविर में स्काउटिंग, गाइडिंग, रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में कौशल विकास और अभिरुचियों को प्रोत्साहित किया जायेगा। शिविर हेतु पंजीकरण प्रारम्भ हो चुका है। इच्छुक छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक विद्यालय में संपर्क कर पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 मई है। सीटें सीमित हैं, अतः शीघ्र पंजीकरण करवायें।

## बिजली बंद रहेगी

**निवाई।** विद्युत विभाग द्वारा विद्युत फीडर पर मरम्मत कार्य को लेकर रविवार को ग्रामीण क्षेत्र में 4 घण्टे बिजली बंद रहेगी। विभाग के कनिष्ठ अभियंता रणधीर वर्मा ने बताया की रविवार को सुबह 7 से 11 बजे तक विद्युत फीडर पर मरम्मत कार्य के चलते 33 व 11 केवी जीएसएस फीडर सूरिया, डागरथल, जोधपुरिया में आने वाले गांवों की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

## सार-समाचार

### विधिक साक्षरता की जानकारी दी

**श्रीमाधोपुर।** श्री आदर्श महिला बी.एड. कॉलेज श्रीमाधोपुर में चल रहे एसयूपीडब्ल्यू शिविर के पंचम दिवस पर छात्राओं को जहां विधिक साक्षरता की जानकारी दी गई, वहीं मनोरंजन गतिविधियों से भी उनके व्यक्तित्व में निखार लाया गया। शिविर प्रभारी एवं प्राचार्य डॉ. बी.एल. सैनी ने बताया कि प्रथम सत्र में विधिक साक्षरता संबंधी विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कानून विशेषज्ञ डॉ. विनोद कुमार सैनी ने छात्राओं को भारतीय न्याय संहिता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने महिलाओं से संबंधित कानूनी अधिकार, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, यौन उत्पीड़न, साइबर अपराध, आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा भारतीय दंड संहिता ( आईपीसी ) की महिला सुरक्षा से जुड़ी धाराओं को सरल भाषा में समझाया। छात्राओं ने विषय में गहरी रुचि दिखाई और अनेक प्रश्न पूछे, जिनका समाधान विशेषज्ञ ने सहज और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से किया। द्वितीय सत्र में छात्राओं द्वारा 16 पर्ची गेम और म्यूजिकल चेयर जैसी मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे वातावरण में उत्साह, आनंद और सहयोग की भावना का संचार हुआ। इन गतिविधियों ने छात्राध्यापिकाओं में टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता और समन्वय के गुणों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर संस्था का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और कार्यक्रमों की सराहना करते हुए छात्राओं के उत्साहवर्धन में सहभागी बना। शिविर के माध्यम से छात्राओं का बहुआयामी व्यक्तित्व विकास हो रहा है जो उनके भविष्य के शैक्षिक और सामाजिक जीवन में सहायक सिद्ध होगा।

### समाज सेवा शिविर आयोजित

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम पवाना अहीर स्थित मूलचंद प्रभुदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिये 15 दिवसीय समाज सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी प्रवक्ता रामकरण यादव एवं सह प्रभारी व्याख्याता सुमन चौहान द्वारा छात्र छात्राओं को शिक्षा के साथ साथ समाजोन्मुखी कार्यों के प्रति रचनात्मक सहयोग की भावना रखते हुए अपने सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास करने के प्रति सदैव तत्पर रहने को प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रहरी के रूप में पौधारोपण कर पोधों में पानी डालना, पक्षियों के लिए परिंडे बांधकर पानी डालना, साफ सफाई का ध्यान रखते हुए वातावरण व स्वास्थ्य को शुद्धि प्रदान करने में जागरूकता दिखाकर जीवन के हर क्षेत्र की जानकारी रखते हुए सहयोग करना चाहिए। समाज व जीवन की हर गतिविधियों, कार्यों और दायित्वों का इस तरह से कुशलतापूर्वक संचालन करें कि हम समर्पण बोध से सराबोर हो एक सभ्य व सुसंस्कृत नागरिक की पहचान बन सकें।

### ऑनलाइन 25 लाख रूपये की साईबर ठगी

**मालपुरा।** टोडारायसिंह क्षैत्र निवासी शिवजीलाल चौधरी को सायबर ठगो ने ऑनलाईन ठगी का शिकार बना बैंक खाते से निकाले 25 लाख रूपये। पिडित शिवजीलाल चौधरी ने बताया कि गुरूवार की रात उसके मोबाईल पर उसके खाते मे पांच-पांच लाख रूपये के पैसे निकासी के मैसेज मिलते ही उसके होश उड गये। पिडित ने तत्काल बैंक प्रबंधक से सम्पर्क कर मोबाईल पर मिले मैसेज दिखाते हुये उसके साथ सायबर ठगी होने की जानकारी दी। शुक्रवार की सवेरे पिडित बैंक पहुंचा तो वहां उसे संतोषप्रद जवाब नही मिला। जबकि पिडित ने बताया कि उसने किसी भी व्यक्ति को कोई ओटीपी नही दी और ना ही किसी प्रकार की कोई जानकारी किसी व्यक्ति को दूरभाष पर भी नही दी। ऐसे मे उसके साथ सायबर ठगी हुई है। पुलिस ने पिडित की जुबानी सारा घटनाक्रम सुन मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। पुलिस द्वारा बार-बार सायबर ठगो से बचने व आमजन को सावधानी बरतने की हिदायत देने के बावजूद लोग ऑनलाईन ठगी का शिकार हो रहै है। लोगो को जागरूक होने की आवश्यकता है।

### धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर आज से

**निवाई।** आर्यिका विशेषमति माताजी के सानिध्य में नसियां जैन मंदिर सहित शहर के पांच स्थानों पर दिगम्बर जैन महासमिति महिला अंचल एवं ईकाई के तत्वावधान में दस दिवसीय संस्कार शिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। महासमिति ईकाई की प्रकोष्ठ मंत्री संजू जौंला ने बताया कि 18 से 27 मई तक बच्चों के लिए धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष शशी सोगानी ने बताया कि शिविर में नसियां जैन मंदिर पाठशाला, इन्द्रा कॉलोनी जैन पाठशाला, बडा जैन मंदिर पाठशाला, भगतसिंह कालोनी शांतिसागर पाठशाला, एवं चंद्र प्रभु पाठशाला बंपुई वालों की धर्मशाला में बालक बालिकाओं को महासमिति महिला ईकाई के पदाधिकारियों द्वारा धार्मिक शिक्षण दिया जाएगा।

### कृषि कार्य के दौरान किसान की मौत

मालपुरा। (निस) शनिवार को मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र के टोरडी गांव मे श्योजी पुत्र मांगीलाल कहार जो कि अपने खेत पर कृषि कार्य के लिये गया था। दोपहर बाद कृषि कार्य के दौरान अचानक अचेत होकर गिर पडा। मौजूद परिजनो ने श्योजी कहार को अचेतावस्था मे मालपुरा जिला अस्पताल मे उपचार के लिये भर्ति करवाया। चिकित्सक ने स्वास्थ्य परीक्षण कर किसान को मृत घौषित किया। सुचना पर पहुंची मालपुरा थाना पुलिस ने परिजनो की मौजूदगी मे पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनो को सौंपा।

### बाइक चोरी का मामला

**पावटा।** कस्बे पावटा में दुकान के सामने खड़ी एक मोटरसाईकिल चोरी की वारदात का मामला सामने आया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार संदीप कुमार शर्मा ने दर्ज कराया कि पावटा में पुष्पा कॉम्पलेक्स में शर्मा प्रिंटर्स के नाम से उनकी दुकान है। परिवादी का छोटा भाई पवन जो कि सरकारी कर्मचारी है, वह प्रतिदिन अपनी स्पलेंडर बाईक अल सुबह दुकान के सामने खड़ी कर बस से जयपुर चला जाता है। विगत 15 मई गुरूवार को प्रातः करीब 07.30 बजे दुकान के सामने बाईक खड़ी कर जयपुर चला गया था। जिसके बाद करीब 09 बजे परिवादी दुकान खोलने पहुँचा तो उक्त बाईक हिरो होन्डा स्पलेंडर नं. आर जे 32 एस के 4560 मौके से नदारद थी। जिसे अज्ञात चोर चुरा कर ले गये थे। सीसीटीवी फुटेज में चोरों की तस्वीर भी सामने आई है।

# खादानों की लीज अवधि को दुबारा रिन्यू नहीं करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**निवाई।** पंचायत समिति सभागार में शनिवार को वन एवं पर्यावरण विभाग के तत्वावधान में जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत नोहटा में प्रस्तावित सिलिका सेण्ड माईनिंग परियोजना की उत्पादन क्षमता के विस्तार को लेकर पर्यावरण संबंधी चर्चा की गई। जनसुनवाई में ग्राम पंचायत नोहटा एवं करीरिया के ग्रामीणों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सोकरिया एवं वन अधिकारियों को नोहटा में श्री बालाजी मिनरल्स जयपुर की खादानों की लीज अवधि को दुबारा रिन्यू नहीं करने की मांग की और जिला कलेक्टर सोम्या झा के नाम ज्ञापन सौपा।



पंचायत समिति में आयोजित जनसुनवाई में ज्ञापन देते हुए ग्रामीण।

ज्ञापन में बताया कि सिलिका सेन्ड खनन से पर्यावरण प्रदूषण होता है। जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पडेगा। इस दौरान उप प्रधान दयाराम जाट, मां भद्रकाली आश्रम के पिठाधिश्वर संत श्रीराम महाराज, दशरथसिंह नोहटा, सरपंच काली देवी, वन सुरक्षा एवं प्रबंध समिति नोहटा के अध्यक्ष रामराज चौधरी, वन सुरक्षा एवं प्रबंध समिति करीरिया के अध्यक्ष मीना चौधरी, सुरज्ञान जाट, रतिराम जाट, प्रहलाद जाट, हरिओम गुर्जर, नवल सिंह, सांवरमल गुर्जर, कारण जाट, किशन गुर्जर, गिरिराज शर्मा, रामप्रसाद जाट, कजोडमल पांचाल, गणेश जाट, बजरंगलाल तेली, आत्माराम जाट, राजाराम जाट एवं श्रवणलाल जाट सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि गांव नोहटा के पहाड पर स्थित श्री बालाजी मिनरल्स की खादानों की लीज अवधि को दुबारा रिन्यू करने से लोगों का परेशानी का सामना करना पडेगा। साथ ही पहाड में रहने वाले बघेरा, सियार, बन्दर, लोमडी सहित कई प्रकार के जंगली जानवरों को भी जान-माल की हानि होने की सम्भावना है। उक्त पहाड की तलहटी पर बांलाजी, कंकाली माताजी, उठा-पटक बालाजी, जिन्द बाबा, ग्वाल पगडी, हनुमान मन्दिर, तेजाजी मन्दिर, श्रीभजनानन्द गिरीजी, मां भद्रकाली आश्रम व शंकरागिरी महाराज के आश्रम सहित कई देवी-देवताओं के मन्दिर व आश्रम स्थित है। उक्त खादानों से पहाड के चारों और स्थित मन्दिर व आश्रम को भी खतरा है तथा खनन में ब्लास्टिंग करने से मन्दिरों व मकानों में दरारें आ जाती हैं जिससे मन्दिर व मकान गिरने की सम्भवना रहती है। उन्होंने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मानव जीवन की रक्षा हेतु उक्त खदानों को दुबारा रिन्यू नहीं करने की मांग की है। जनसुनवाई कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सोकरिया, वन विभाग के क्षेत्रिय अधिकारी शिवकुमार, अतिरिक्त खनन अधिकारी सोहनलाल सुतार, निमित्त कासलीवाल, राजेश सैनी व शोएब अवस्थी सहित कई अधिकारी व ग्रामीण मौजूद थे।

## कार्यभार संभाला

**पावटा।** राजस्थान सरकार ठाामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग पंचायती राज ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर की अधिसूचना क्रमांक 6921 दिनांक 25 मार्च 2025 के द्वारा पंचायत समिति, पावटा की ठााम पंचायत जोधपुरा का राजस्व ठााम जोधपुरा, कल्याणपुरा एवं किरारोड़ के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र को नगरपालिका पावटा प्रागपुरा, जिला कोटपूतली-बहरोड़ में सम्मिलित किया गया है। इससे पंचायत समिति, पावटा का वार्ड संख्या 15 का सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र उक्त नगरपालिका में सम्मिलित हो गया है। प्रधान पूजा चौधरी, प्रधान पंचायत समिति पावटा, जिला कोटपूतली बहरोड़, पंचायत समिति पावटा के वार्ड संख्या 15 से निर्वाचित हुई थी। राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा-101 (2 (घ) के प्रावधानानुसार पूजा चौधरी को पंचायत समिति सदस्य व प्रधान, पंचायत समिति पावटा के पद से हटा राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 25 (1) के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मीरा देवी सैनी, पंचायत समिति सदस्य वार्ड संख्या 17, पंचायत समिति पावटा, जिला कोटपूतली बहरोड़ को अग्रिम आदेशों तक पंचायत समिति, पावटा के प्रधान पद का कार्यभार दिया गया है। यह आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है। वही शुक्रवार को मीरा देवी सैनी ने पाव टा पंचायत समिति में प्रधान का पद संभालते हुए कार्यभार ग्रहण किया।

# योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ग्रामीणों को किया प्रेरित

**किशनगढ़ बास।** पंचायत समिति किशनगढ़ बास की ठााम पंचायत घासोली में एसडीएम मनीष जाटव की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल एवं विश्राम का आयोजन हुआ। रात्रि चौपाल पर पहुंच कर ग्रामीणों ने एसडीएम के समक्ष पानी बिजली राशन अतिक्रमण आदि को लेकर 28 परिवाद पेश कर समाधान की मांग की गई।



किशनगढ़ बास के गांव घासोली में रात्रि चौपाल लगाकर लोगों की समस्या सुनते एसडीएम मनीष जाटव।

ग्रामीणों की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्रों व गांव के विकास से जुड़ी शिकायत पर एसडीएम जाटव ने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को आमजन की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों पर कार्यवाही कर निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। एसडीएम मनीष जाटव ने बताया कि गांव घासोली में शुक्रवार सायं 6 बजे रात्रि चौपाल एवं विश्राम कार्यक्रम आयोजित कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना, मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारी कार्मिकों से मामले की जानकारी ली व समाधान के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में कुल 28 लोगों के परिवाद ही मिलें। जिसमें मुख्यत पेंशन, राशन, अतिक्रमण, ग्रामीण विकास, जल निकास, बिजली, पानी आदि से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई है।

प्राप्त परिवादों में अधिक से अधिक मामलों का मौके पर ही अधिकारियों से निस्तारण कराने की कोशिश की गई एवं शेष परिवादों में संबंधित विभाग को शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को प्रदेश व केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। ताकि सरकार की मंशानुरूप अंतिम छोर तक व्यक्ति को योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। इसके अलावा गांव का पानी गांव में तथा खेत का पानी खेत में रखने एंव जल संरक्षण के महत्व को बताते हुए ठाामीणों को जागरूक किया गया। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएम सूर्य घर योजना से अधिकाधिक लोगों को जोड़ते हुए सोलर पैनल लगाने हेतु प्रेरित करे। उन्होंने निर्देश दिये कि काश्तकार व पशुपालकों को न केवल योजनाओं की जानकारी देवे बल्कि उन्हें इन योजनाओं से जोडकर उनकी आमदनी में बढ़ोत्तरी कर विकास की मुख्य धारा में आने का अवसर प्रदान करें। इस दौरान तहसीलदार नरेंद्र कुमार भाटिया, सहायक विकास अधिकारी पूरणमल, महिला एवं बाल विकास अधिकारी बीना गुप्ता, सहायक अभियंता जेवीवीएनएल अनीश सिन्हा एवं अन्य समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



भारत खुश और गौरवान्वित है। पीएम ने लिखा कि, बेहतरीन उपलब्धि। दोहा डायमंड लीग 2025 में 90 मीटर का आंकड़ा पार करने और अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत थ्रो हासिल करने के लिए नीरज चोपड़ा को बधाई। **- पीएम मोदी**

भारत के प्रधानमंत्री, डायमंड लीग में 90 मीटर का आंकड़ा पार करने पर बधाई देते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## राहुल द्रविड़



मुंबई क्रिकेट संघ ने वानखेड़े स्टेडियम पर भारतीय वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा के नाम के स्टैंड का उद्घाटन किया। शनिवार को भारत के पूर्व कोच राहुल द्रविड़ और राजस्थान, मुंबई इंडियंस के कई खिलाड़ियों ने रोहित शर्मा को इस उपलब्धि पर बधाई दी। रोहित शर्मा ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया है और एमसीए ने महान क्रिकेटर के सम्मान में उनके नाम पर एक स्टैंड का नाम रखने का फैसला किया। द्रविड़ ने कहा कि ये स्टैंड भारत और मुंबई क्रिकेट में रोहित शर्मा के योगदान का पुरस्कार है।

**क्या आप जानते हैं ?...** आईपीएल इतिहास में, राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के बीच 28 बार भिड़ंत हुई है। राजस्थान रॉयल्स ने 16 जीत के साथ बढ़त हासिल की है, जबकि पंजाब किंग्स ने 12 मैचों में जीत हासिल की है।

## केकेआर-आरसीबी मैच बारिश में धुला

बेंगलुरु, 17 मई। कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच इंडियन प्रीमियर लीग का 58वां मुकाबला शनिवार को भारी बारिश के कारण बगैर एक भी गेंद फेंके रद्द कर दिया गया है। मैदानी अंपायरों ने रात करीब 10.24 बजे आखिरी बार मैदान का निरीक्षण किया और मैच रद्द करने का औपचारिक ऐलान कर दिया। इसके साथ ही कोलकाता नाइट राइडर्स प्लेऑफ़ की दौड़ से बाहर हो गई है जबकि आरसीबी 17 अंकों के साथ प्लेऑफ़ के और क़रीब पहुंच गई है। इस समय अंक तालिका में आरसीबी शीर्ष पर पहुंच गई है।

## रोस्टन चेस वेस्टइंडीज के नये टेस्ट कप्तान नियुक्त

एंटीगुआ, 17 मई। ऑलराउंडर रोस्टन चेस को वेस्टइंडीज टेस्ट टीम का नया कप्तान नियुक्त किया गया है जबकि जोमेल वारिकन को उपकप्तान बनाया गया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह घोषणा की। वेस्टइंडीज के कप्तान की भूमिका के लिए छह उम्मीदवारों जॉन कैंपबेल, टेविन इमलाच, जोशुआ दा सिल्वा, जस्टिन ग्रीव्स, चेस और वारिकन को शॉर्टलिस्ट किया गया। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों का मूल्यांकन उनके टेस्ट अनुभव, नेतृत्व गुण और पूर्व कप्तानी के आधार पर किया गया। फिर उन्हें एक विस्तृत मूल्यांकन प्रक्रिया से गुजरना पड़ा, जिसमें नेतृत्व शैली, व्यवहार और भूमिका के लिए समग्र रूप से फिट होने के लिए साइकोमेट्रिक परीक्षण शामिल था। इसके बाद संरचित साक्षात्कार हुए। चयन प्रक्रिया के समापन पर, रोस्टन चेस को कप्तान नियुक्त किया गया जबकि जोमेल वारिकन को उप कप्तान बनाया गया। शाई होप, जो वर्तमान में वनडे और टी20 में वेस्टइंडीज की अगुआई कर रहे हैं, ने टेस्ट कप्तानी की दौड़ से बाहर होने का विकल्प चुना और छोटे प्रारूपों में अपनी जिम्मेदारियों पर ध्यान केंद्रित करना पसंद किया।

## भारत मालवीद को हराकर सैफ अंडर-19 के खिताबी मुकाबले में

यूपिया (अरुणाचल प्रदेश), 17 मई। मौजूदा चैंपियन भारत ने यहां गोल्डन जुबली स्टेडियम में भारी बारिश के बीच मालदीव को 3-0 से हराकर सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। डैनी मेइतेई लैशराम (14), ओमंग डोडम (21) और प्रशान जाजो (66) के गोलों ने खिताबी मुकाबले में भारत की आसान जीत सुनिश्चित की। भारत का सामना बांग्लादेश अंडर-19 टीम से होगा, जिसने पहले दिन हुए दूसरे सेमीफाइनल में नेपाल को 2-1 से हराया था। शुरुआत से ही भारत का खेल पर पूरी तरह नियंत्रण नजर आया। गेंद पर कब्ज़ा जमाकर और गति को नियंत्रित करते हुए उन्होंने लगातार हमलों के साथ मालदीव को अपने ही हाफ में धकेल दिया। 14वें मिनट में एक बेहतरीन कॉर्नर रूटीन के बाद शुरुआती सफलता मिली। प्रशान जाजो ने बाईं ओर से एक आकर्षक डिलीवरी की, और डैनी मीतेई ने बाएं पैर से वॉली से शानदार तरीके से गेंद को जोड़ा, जो उछलकर नेट के पीछे जा गिरी। यह डैनी का टूर्नामेंट का पाँचवाँ गोल था और उनकी शानदार फिनिशिंग का एक और उदाहरण था।

## रोमानिया में प्रज्ञानंद का खिताब जीतना एक निर्णायक क्षण : स्टालिन

चेन्नई, 17 मई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शतरंज के महारथी जीएम प्रज्ञानंद को रोमानिया में सुपरबेट शतरंज क्लासिक 2025 जीतने पर बधाई दी और इसे भारतीय शतरंज में एक निर्णायक क्षण बताया। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, चेन्नई के हमारे गौरव ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद को रोमानिया में प्रतिष्ठित सुपरबेट शतरंज क्लासिक 2025 जीतने पर बधाई। उनका पहला ग्रैंड शतरंज टूर खिताब। क्लासिकल और ब्लिट्ज राउंड में उनकी प्रतिभा ने असाधारण धैर्य और सामरिक गहराई का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, तमिलनाडु भारतीय शतरंज में इस निर्णायक क्षण का जश्न मनाता है।

# अंकतालिका के शीर्ष में पहुंचना चाहेगा पंजाब







जयपुर, 17 मई। मेजबान राजस्थान रॉयल्स को हरा कर पंजाब किंग्स का लक्ष्य इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचना होगा। रविवार दोपहर को सवाई मानसिंह स्टेडियम में उनका मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा। राजस्थान पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुका है। मैच 15:30 पर शुरू होगा। पंजाब के लिए सीजन का 59वां मैच काफी अहम है। पंजाब ने अपने पिछले पांच मैचों में से चार जीते हैं और श्रेयस अय्यर की कप्तानी में सही समय पर शीर्ष पर पहुंच गया है। राजस्थान के खिलाफ जीत से पंजाब किंग्स शीर्ष पर पहुंच सकता है, जिससे प्लेऑफ की दौड़ और भी कड़ी हो जाएगी।

इसके विपरीत, राजस्थान रॉयल्स पिछले पांच मैचों में से चार में हार के बाद इस मैच में उतरेगी। शुरुआती उम्मीदों पर खरा उतरने वाली यह फ्रेंचाइजी मौकों का फायदा उठाने में विफल रही है और चोटों और असंगति से जूझ रही है। चोट के कारण संजू सैमसन के बाहर होने के कारण, नेतृत्व और स्थिरता मिलना मुश्किल हो गया है। पंजाब की ताकत उनके विस्फोटक बल्लेबाजी क्रम और संतुलित गेंदबाजी आक्रमण में निहित है। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह शानदार फॉर्म में हैं, आर्य ने पिछले मैच में सिर्फ 34 गेंदों पर 70 रन बनाए। मध्य क्रम में, विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंगलिस और कप्तान अय्यर मजबूती और गति प्रदान करते हैं। ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस और अजमतुल्लाह उमरजई, यदि उपलब्ध हों, तो निचले मध्य क्रम को और मजबूत करते हैं।

गेंदबाजी विभाग में, अर्शदीप सिंह पावरप्ले और डेथ ओवरों में तेज गेंदबाज बने हुए हैं, जबकि मार्को जेनसन और ओमरजई सीम विकल्प प्रदान करते हैं। अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल, जिन्होंने इस सीजन में महत्वपूर्ण विकेट लिए हैं, जयपुर की पिच पर एक महत्वपूर्ण खतरा होंगे, जिसने मध्यम टर्न और दो-गति की उछाल दिखाई है। घरेलू टीम के लिए युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ सीजन की शुरुआत में धमाकेदार शतक के साथ खुद को साबित किया, और रियान पराग ने हाल ही में केकेआर से हारने पर 95 रनों की पारी खेलकर अकेले दम पर खेला। हालांकि, फिनिशिंग फायरपावर की कमी और संघर्षरत गेंदबाजी इकाई ने उनके अभियान को नुकसान पहुंचाया है।

जोफ्रा आर्चर की अनुपस्थिति में आरआर की गेंदबाजी में पैठ की कमी है, जो शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। इन-फॉर्म पीबीकेएस लाइनअप को रोकने की जिम्मेदारी फजलहक फारूकी, महेश दीक्षाना और होनहार आकाश मधवाल पर होगी।

सवाई मानसिंह स्टेडियम की पिच इस सीजन में बल्लेबाजी के लिए अनुकूल रही है, जिसमें पहली पारी का औसत स्कोर 195 रहा है। मैच अत्यधिक गर्मी में खेला जाएगा, जिसमें पारा 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है। दोपहर के मैच की शुरुआत में ओस की भूमिका होने की संभावना नहीं है, जिससे शाम के मुकाबलों की तुलना में टॉस का नतीजा कम महत्वपूर्ण होगा। राजस्थान रॉयल्स जहां अपनी प्रतिष्ठा बचाने और अपनी बेंच स्ट्रेंथ को परखने की कोशिश करेगी, वहीं पंजाब किंग्स का ध्यान प्लेऑफ में अपनी स्थिति मजबूत करने और संभवतः तालिका में शीर्ष पर रहने पर रहेगा।

# नीरज चोपड़ा ने पहली बार 90 मीटर की बाधा को तोड़ा



दोहा, 17 मई। भारत के ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार रात दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर की शानदार छलांग लगाकर अपने करियर में पहली बार 90 मीटर की बाधा को पार किया, लेकिन जर्मनी के जूलियन वेबर ने नाटकीय अंदाज में उन्हें जीत से वंचित कर दिया, जिन्होंने अंतिम दौर में 91.06 मीटर की छलांग लगाकर विश्व में अग्रणी स्थान हासिल किया।

टोक्यो 2020 के स्वर्ण पदक विजेता और मौजूदा विश्व रजत पदक विजेता चोपड़ा ने ऐतिहासिक थ्रो के साथ शुरुआत में ही लय बना ली थी जिससे वह 2019 में शिवपाल सिंह द्वारा 90.10 मीटर (हवा की मदद वाली परिस्थितियों में) के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले केवल दूसरे भारतीय बन गए। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने थ्रो के बाद जीत की खुशी में अपने हाथ ऊपर उठाए और एक बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धि का जश्न मनाया। 2022 के यूरोपीय चैंपियन वेबर ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आखिरी के लिए बचाकर रखा, छठे राउंड में एक बड़ा थ्रो फेंककर चोपड़ा के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और सीजन की अपनी पहली डायमंड लीग जीत दर्ज की। ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स 85.34 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। 2025 डायमंड लीग कैलेंडर में तीसरे स्थान पर रही इस मीट में कई विश्व-अग्रणी प्रदर्शन और ट्रैक और फील्ड में ओलंपिक रीमैच देखने को मिले।

### कोच जेलेजनी की भविष्यवाणी को आखिरकार नीरज ने सच साबित किया

दोहा, 17 मई। 'आज 90 मीटर का दिन है', दिग्गज कोच जान ज़ेलेज़नी द्वारा की गई भविष्यवाणी ने शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग में इतिहास रच दिया। ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने 90.23 मीटर की शानदार थ्रो फेंकी, जिससे वह मायावी 90 मीटर की बाधा को पार करने वाले और राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने वाले पहले भारतीय बन गए। यह भारतीय एथलेटिक्स द्वारा लंबे समय से प्रतीक्षित क्षण था, शक्ति, सटीकता और भविष्यवाणी का एक आदर्श संयोजन। नीरज ने मैच के बाद कहा जान आमतौर पर केवल बड़ी प्रतियोगिताओं में ही भाग लेते हैं। मेरे वार्मअप थ्रो के बाद, उन्होंने मुझसे कहा, आज 90 मीटर का दिन है। जब मैंने वह निशान पार कर लिया, तो उन्होंने कहा कि मैं दो से तीन मीटर और फेंक सकता था। मैं खुश हूं, लेकिन आगामी प्रतियोगिताओं में और अधिक प्रयास करने के लिए प्रेरित भी हूं।

## रॉयल फुटबॉल क्लब ने ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबाल क्लब को 3-2 से शिकस्त दी

जयपुर,17 मई। जेरथी फुटबॉल क्लब सीकर ग्राउंड, मानसरोवर जयपुर में मैच खेले गए राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि आज के दिन 4 मैच खेले गए जिसमें सभी टीमों ने उत्कर्ष प्रदर्शन किया।

**प्रथम मैच :-** रॉयल फुटबाल क्लब और फुटबाल क्लब ब्रदर्स यूनाइटेड के बीच खेला गया एक रोमांच भरे मैच में रॉयल फुटबाल क्लब ने मैच 3-2 से जीत हासिल की।जिसमें रॉयल फुटबॉल क्लब को ओर से पहला गोल अमित ने 10 वे मिनट दूसरा गोल अल्ताफ हुसैन ने 29 वे मिनट में और तीसरा गोल अनुज शर्मा ने 86 वे मिनट में किया और दूसरी ओर फुटबॉल क्लब ब्रदर्स यूनाइटेड की ओर से दोनों गोल इंद्रजीत ने किए। पहल गोल 73 वे मिनट में और दूसरा गोल 80 वे मिनट में किया।

**दूसरा मैच :-** जयपुर एलीट फुटबाल क्लब और रीयल फुटबाल क्लब के बीच खेला गया मैच जयपुर एलीट फुटबाल क्लब ने 5-1 से शानदार जीत हासिल की ।

**तीसरा मैच :-** ए एस एल फुटबाल क्लब और जेरथी फुटबाल क्लब के बीच खेला गया मैच जेरथी फुटबाल क्लब ने 2-1 से जीत हासिल की ।

**चौथा मैचः** जयपुर राइजिंग फुटबाल क्लब और राइजिंग राजस्थान फुटबाल क्लब के बीच खेला गया । जिसमें जयपुर राइजिंग फुटबॉल क्लब 5-2 से विजेता रहा । जयपुर राइजिंग फुटबॉल क्लब की ओर से पहला गोल युधिष्ठिर ने 5 वे मिनट में और दूसरा गोल आदित्य ने 25 वे मिनट में और तीसरा गोलअजय ने 35वे मिनट में और चौथा गोल युधिष्ठिर ने 40वे मिनट में और पांचवा गोल हर्ष ने 48वे मिनट में किया और दूसरी ओर राइजिंग राजस्थान फुटबॉल क्लब की ओर दोनों गोल ऋषभ ने 17ओर 26वे मिनट में किए । आगामी फुटबाल लीग के मैच 19 मई को में खेले जाएंगे।

# लेफ्ट आर्म स्पीनर मानव सुधार भारत-ए टीम में चयनित



श्रीगंगानगर, 17 मई। श्रीगंगानगर के निवासी मानव सुथार ने एक मध्यम वर्गीय परिवार में पैदा होकर जिला क्रिकेट संघ, श्रीगंगानगर द्वारा संचालित एकेडमी में 12 वर्ष की आयु में खेलना प्रारम्भ किया। जिला क्रिकेट संघ, श्रीगंगानगर के मुख्य कोच धीरज शर्मा, बीसीसीआई लेवल के सानिध्य में प्रशिक्षण प्रारम्भ किया और अण्डर 14 व 16 के श्रीगंगानगर के कप्तान के रूप में खेलते हुए श्रीगंगानगर को विजयी बनाया व अण्डर - 16, 19 व अण्डर - 23 में राजस्थान की तरफ से खेलते हुए लगातार शानदार प्रदर्शन किया। लगातार 10 वर्षों तक बीसीसीआई के सभी फार्मेट में शानदार प्रदर्शन कर रणनी ट्रॉफी में चयनित हुआ। उसके बाद मानव सुथार रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन की बदौलत दलीप ट्रॉफी में चयनित हुआ। मानव सुथार के प्रदर्शन की बीसीसीआई के सभी पदाधिकारियों ने प्रशंसा की है एवं आज बीसीसीआई सीनियर चयन समिति द्वारा भारत ए की टीम में मानव सुथार का चयन किया गया है। इस चयन पर श्रीगंगानगर खेल प्रेमियों एवं जिला क्रिकेट संघ, श्रीगंगानगर के पदाधिकारियों में खुशी की लहर है। इस पर जिला जिला क्रिकेट संघ, श्रीगंगानगर के अध्यक्ष मुकेश शाह, कोषाध्यक्ष जयदीप बिहाणी, विधायक, सचिव विनोद सहारण व समस्त कार्यकारिणी द्वारा खुशी जाहिर की एवं मानव सुथार के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर उन्हें बधाई दी।

# प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिये उतरेगी दिल्ली कैपिटल्स

नई दिल्ली, 17 मई। अपने पहले छह मैचों में से पांच में जीत के साथ इस सीज़न की शानदार शुरुआत करने वाली दिल्ली कैपिटल्स को प्लेऑफ़ की अपनी उम्मीदों को बनाए रखने के लिए रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले हाई-स्टेक मुकाबले में गुजरात टाइटन्स को हर हाल में हराना होगा।

पिछले 11 मैचों में 13 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर काबिज दिल्ली अभी भी अंकों के लिहाज से प्लेऑफ़ के लिए दावेदार है लेकिन अन्य दावेदारों के पीछे होने और केवल तीन मैच बचे होने के कारण एक और चूक उन्हें भारी पड़ सकती है। दूसरी ओर, गुजरात टाइटन्स इस सीज़न में 11 मैचों में 16 अंकों के साथ सबसे सफल टीम रही है और शीर्ष दो में जगह बनाने के करीब है।

मेजबान टीम को बड़ा झटका तब लगा जब स्टार तेज गेंदबाज़ मिशेल स्टार्क टूर्नामेंट के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए। उनकी अनुपस्थिति ने तेज गेंदबाजी आक्रमण को कमजोर कर दिया है, जिससे दुष्मंथा चमीरा, मुकेश कुमार और वापसी करने वाले टी नटराजन पर अतिरिक्त दबाव पड़ा है। 12 विकेट और 6.74 की इकॉनमी के साथ कुलदीप यादव मध्य ओवरों में उनके सबसे भरोसेमंद विकल्प बने हुए हैं। केएल राहुल ने दिल्ली के लिए बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन किया है, उन्होंने 142.16 की स्ट्राइक रेट से नौ पारियों में 381 रन बनाए हैं।

## वुशू प्रतियोगिता में जयपुर टीम का दबदबा रहा

जयपुर/कुचामन, 17 मई। राजस्थान वुशू संघ व डीडवाना-कुचामन वुशू संघ के तत्वावधान में दिनांक 16 से 18 मई 2025 तक कुचामन पी.जी कॉलेज, कुचामन सिटी में आयोजित, 19वी सीनियर राज्य स्तरीय (पुरुष/महिला) वुशू प्रतियोगिता के दुसरे दिन के मुकाबले में जयपुर टीम का दबदबा रहा।

आज के समारोह के मुख्य अतिथि विजय सिंह चौधरी, राज्य मंत्री, सैनिक कल्याण विभाग व राजस्व उपनिवेशन, विभाग राजस्थान सरकार तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता ओम प्रकाश काबरा, अध्यक्ष कुचामन विकास समिति ने की तथा विशिष्ट अतिथि राजेश गुर्जर, नावा प्रधान जन प्रतिनिधि, श्रवण सिंह, समाज सेवी एवं शेखर कड़वा रहे। समारोह के मुख्य अतिथि विजय सिंह चौधरी ने पदक विजेता खिलाडियों को पदक पहना कर सम्मानित किया। हीरानन्द कटारिया, अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि प्रतियोगिता के तीसरे दिन पुरुष व महिला वर्ग के फाइनल के मुकाबले खेले जाएंगे।

## जयपुर ढूंढाड़ और उदयपुर मेवाड़ के बीच मुकाबला

जयपुर, 17 मई। जयपुर के रेलवे स्टेडियम में तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता राजपूताना क्रिकेट लीग का भव्य शुभारंभ किया गया। यह लीग दुधिया रोशनी में देर रात खेली जा रही है। इसका आयोजन 18 मई तक होगा, जिसमें जयपुर ढूंढाड़ और उदयपुर मेवाड़ नामक दो टीमें भाग ले रही हैं। इस प्रतिष्ठित लीग का उद्घाटन राजस्थान पर्यटन विभाग के उप निदेशक, श्री उपेंद्र सिंह शेखावत द्वारा किया गया। इस अवसर पर पर्यटन, संस्कृति व खेल जगत की कई प्रतिष्ठित हस्तियों तथा शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने भी अपने परिवार सहित उपस्थिति दर्ज की। इस लीग का उद्देश्य न केवल युवा खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना है, बल्कि राजस्थान की सांस्कृतिक गरिमा और पर्यटन विकास को भी समर्पित है।

पहले दिन के मुकाबले में टीम उदयपुर मेवाड़ ने 199 रन (ऑल आउट) बनाए। वहीं, जयपुर ढूंढाड़ टीम ने 159 रन पर 6 विकेट (मैच जारी) हासिल किए। मैन ऑफ द मैच का खिताब संयुक्त रूप से मनीष जैन और गोविंद सिंह ने जीता। जयपुर ढूंढाड़ टीम से खेलने वाले खिलाड़ियों में युगदीप सिंह (कप्तान), राजवीर सिंह, युधिष्ठिर सिंह, गोविंद सिंह, काकू, राज सिंह, कुलदीप सिंह, महिपाल सिंह, जीवन, दुष्यंत सिंह (विकेटकीपर), धीरेंद्र सिंह शामिल हैं। वहीं, स्टैंडबाय खिलाड़ीः वीरेंद्र सिंह (विकेटकीपर), अनूप सिंह (विकेटकीपर), धनंजय सिंह, प्रतीक हैं। इसी प्रकार, दूसरी टीम उदयपुर मेवाड़ में यदुराज सिंह कृष्णावत, प्रतीक परिहार, अंशुल बाबेल, हर्षित धाभाई, उदित धाभाई, सिद्धांत परिहार, दक्षराज जोधा, अनिरुद्ध सिंह सोलंकी, सिधराज सिंह सोलंकी, मनीष जैन, प्राक्रम सिंह सोलंकी शामिल हैं। वहीं, समरादित्य सिंह स्टैंडबाय खिलाड़ी हैं।

## जयपुर-उदयपुर की तीन मैचों की सीरीज आज से

जयपुर, 17 मई। जयपुर जिला क्रिकेट संघ ने उदयपुर जिला क्रिकेट संघ की सीनियर टीम को 3 एकदिवसीय मैचों की सीरीज खेलने के लिए आमंत्रित किया है। उदयपुर की टीम जयपुर सीनियर की ए एवं बी टीम के साथ 18, 19 व 21 मई को के एल सैनी स्टेडियम पर मैच खेलेगी।

जयपुर ए टीम इस प्रकार है। मानेंद्र सिंह (कप्तान), रोहन राजभर, करण लांबा, जयंत ताम्बी, राहुल चौधरी, मोहम्मद खूबेब, अनिल सैनी, आदित्य झाला, सार्थक त्यागी, आर्यमन कटारिया, जतिन सैनी, आर्यन जैन, कैफ गुडएज, हिमांशु राणा, अभिषेक यादव, प्रखर शर्मा। जयपुर बी टीम- अभिजीत तोमर, राज शर्मा, आयुष आमेरिया, तोषित भाटिया, अभय शर्मा, भावित कुमावत, राहुल खण्डेलवाल, यथार्थ भारद्वाज, शुभम सिंह पटवाल, विवेक सैनी, मिहित अग्रवाल, चिराग शर्मा, पर्व झालानी, निखिल कोहली, कुशाग्र ओझा, मेहुल पारीक।

## मुकीम के 91 रनों की नाबाद पारी से शास्त्री एकेडमी जीती

जयपुर, 17 मई। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज आरावली क्रिकेट ग्राउण्ड, हाथोज, जयपुर पर खेले गये पूल-एफ के मैच में शास्त्री एकेडमी के मुकीम 91 रन नाबाद (49 गेंद 10 चोके, 2 छक्के) की शानदार पारी की बदौलत इवेन्ट क्रिकेट एकेडमी को 118 रन से हराकर 2 अंक अर्जित किये।

टॉस जीत कर शास्त्री एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये जशन रामाना 23 रन, मनताज सिंह 10 रन सहित 4 विकेट 58 रन पर ही गिर गये। उसके बाद मध्य क्रम में मुकीम 91 रन नाबाद (49 गेंद 10 चोके, 2 छक्के), सोनू शर्मा 36 रन ने मिलकर पांचवे विकेट पर 105 रन की साझेदारी निभाकर अपनी टीम को सुरक्षित स्थिति की ओर ले गये। छठे विकेट पर हर्ष सैनी 15 रन नाबाद के साथ मिलकर 41 रन की बेशकीमती साझेदारी निभाकर अपनी टीम को निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 204 रन पहुंचा दिया। गेंदबाजी में इवेंट एकेडमी की ओर से अरमान यादव 23 रन पर 3 विकेट तथा विराज यादव व दीपांशु प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। जवाबी पारी में इवेंट एकेडमी की ओर से दीपांशु 14 रन, कपेश साहू 14 रन, कन्हैया शर्मा 13 रन, अक्षय हरजानी 13 रन की शास्त्री एकेडमी के गेंदबाजों मोहित भगतानी 4 ओवर 1 मेडल 6 रन 2 विकेट, अलतमश शेख 19 रन पर 2 विकेट तथा हार्दिक चोपड़ा, मनताज व हर्ष सैनी प्रत्येक 1-1 विकेट की कसी हुई गेंदबाजी के समक्ष खुलकर नहीं खेल सके और निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 86 रन ही बना सके। इस मैच का मैन ऑफ दा मैच मुकीम 91 रन नाबाद शास्त्री क्रिकेट एकेडमी रहे।

# कोर्ट ने जिन क्लबों की मान्यता रद्द की, उन्हीं 9 क्लबों से चुनाव करवाता आ रहा है पाली डीसीए : रमेश चौधरी

## हर चुनाव में घटते गए क्लब, 2017 में 16 क्लब, 2021 में 13 क्लब और साल 2025 के चुनाव में 12 क्लबों से चुनाव करवाए



जयपुर, 17 मई। पाली जिला क्रिकेट संघ पर कार्रवाई के बाद छाए हुए हैं। एक तरफ उप रजिस्ट्रार द्वारा जांच की जा रही है, तो दूसरी तरफ आरसीए ने भी पिछले सालों का पूरा रिकॉर्ड मांगा हैं, लेकिन अभी तक रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया है। जिसको लेकर अब एडहॉक कमेटी के संयोजक जयदीप बिहाणी ने सख्ती दिखाते हुए डीसीए को लेटर जारी किया है। जिसमें 16 मई 2025, शाम 5 बजे तक डीसीए को रिकॉर्ड उपलब्ध करवाने का समय दिया है, नहीं करवाने पर अनुशासनात्म कार्रवाई के लिए कहा है। साथ ही पाली डीसीए द्वारा खुद की एकेडमी बताने पर भी उसके दस्तावेज आरसीए ने मांगे हैं। साथ ही उप रजिस्ट्रार को पाली डीसीए की वित्तिय अनिनमित्ताओं को लेकर भी शिकायत की है।





जिसके बाद अब पाली डीसीए में फर्जीवाड़ा को लेकर जल्द कार्रवाई भी मानी जा रही है।खास बात यह है की साल 2017 से लेकर वर्तमान में 2025 के कराए गए डीसीए चुनावों में जिन क्लबों को कोर्ट द्वारा अमान्य कर दिए गए क्लबों द्वारा चुनाव करवाए जा रहे हैं। इसी साल मार्च-2025 के डीसीए चुनाव में कुल 12 क्लबों से चुनाव करवाए गए, जिसमें भी 7 क्लब बिना मान्यता वाले ही थे जिन्हों कोर्ट ने ही अवैध कर दिया गया । उसमें केवल 5 क्लब नेशनल क्लब-बी, न्यू ड्रेगन क्लब, लोट्स क्लब, नाडी क्रिकेट क्लब और विक्टोरीया क्लब ही मान्यता प्राप्त थे, बाकि7 जिसमें नेशनल ग्रीन क्लब,काउंटी क्रिकेट क्लब,नाडी क्लब बी, न्यू डर्गन ब्लू बी, एजुकेशन वाइट, लोट्स क्लब बी और विक्टोरिया क्लब बीनेशनल ग्रीन क्लब,काउंटी क्रिकेट क्लबक्लब,नाडीब बी, न्यू डर्गन ब्लू बी, एजुकेशन वाइट, लोट्स क्लब बी और विक्टोरिया क्लब बी को मान्यता भी नहीं हैं। साथ ही पाली डीसीए सचिव धर्मवीर सिंह भी हर चुनाव में मनमर्जी से अपने विरोधी क्लबों को हटाकर कम करते गए हैं

### मनमर्जी से क्लब जोड़ने, हटाने की बैठक को कोर्ट ने माना था शून्य

पाली क्रिकेट जिला संघ के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र चौधरी ने आरोप लगाते हुए कहा कि साल 2017 में डीसीए के चुनाव में 16 क्लब थे, जिसमें 9 को मान्यता नहीं थी, उसी तरह 2021 के चुनाव में 13 क्लब से चुनाव करवाए, जिसमें 6 क्लब को मान्यता भी नहीं थी। यानी जो सचिव धर्मवीर सिंह के खिलाफ गलत कार्यों के प्रति अवाज उठाई इसी क्लब को बाहर का रास्ता दिखाया। साल 2013 में सचिव धर्मवीर सिंह शेखावत ने समानंतर डीसीए बनाकर चुनाव करवाकर खुद सचिव बन गए। साथ ही जहां पाली जिला क्रिकेट संघ में 13 पदों के चुनाव का संविधान हैं, लेकिन अपनी मनर्जी से 14 पदों परचुनाव करवा लिया। दरअसल साल 2011 में डीसीए के तत्कालिक सचिव मगदत्त पुष्करणा ने एककार्यकारिणी की बैठक बुलाकर अपने स्तर पर ही 9 क्लब बना दिए, उसके अलावा जो पहले से मान्यता प्राप्त 11 क्लब थे, उसमें से 4 क्लबों को भी हटा दिया। इस मामले को लेकर दूसरा पक्ष कोर्ट गए हैं, जहां कोर्ट ने 7 फरवरी 2013 को क्लबों को जोड़ने व हटाने वाली बैठक को शून्य घोषित कर दिया। जिसकी वजह से यह पूरी प्रक्रिया ही अवैध हो गई। लेकिन फिर भी पाली डीसीए ने कोर्ट की इस निर्णय को नहीं मानते हुए सभी क्लबों से ही चुनाव करवाए जा रहा है। खास बात यह है की साल 2020 से लेकर आज तक पाली डीसीए को पूरा बजट मिला है, जबकि बाकि जिलों को 8-8 सालों से बकाया है।

### राजेन्द्र के लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद

### एजीएम को पंजीकरण व निलंबन करने का पावर : धर्मवीर सिंह



पाली क्रिकेट जिला संघ के सचिव धर्मवीर सिंह ने उनके ऊपर लगाए गए सभी आरोपो को खारिज करते हुए कहा कि पाली जिला रजिस्टर्ड ही 2008 में हुआ था, मैं धर्मवीर सिंह 2013-14 में पाली जिला क्रिकेट संघ का सचिव बना तो मैं 2005 से 2013 का रिकॉर्ड कहाँ से लाऊ । मुझे 2019 से 15 मई2025 तक का25 लाख रु आरसीए की ओर से खेल सुचारु रूप से चलाने के लिए दिया गया है। मैं सिर्फ उसका हिसाब देने को तैयार हूँ, मुझसे सिर्फ उसी का तो हिसाब मांगा जाएगा। आरसीए द्वारा मुझे दो एफिएशन दिए गए, वो क्यों दिए गए? अगर पाली जिला क्रिकेट संघ को एजीएम में किसी भी क्लबों में अनियमितता पाई जाती है तो संविधान विरुद्ध हो तो एजीएम को पवार है कि उन क्लबों को निलंबन कर सके। अगर बिना एजीएम के किसी भी क्लबों को जोड़ा या हटाया जाता है तो वो संविधान के विरुद्ध माना जाएगा। जिन क्लबों को हटाया गया उन क्लबों में से किसी भी क्लब ने चेलेंज क्यों नहीं किया आज तक?

# प्र.मंत्री की देशनोक में सभा की तैयारियों का जायज़ा लिया मुख्यमंत्री ने

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने बीकानेर संभाग के भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं को सभा की सफलता का दायित्व सौंपा

बीकानेर, 17 मई (कास)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 22 मई की प्रस्तावित बीकानेर यात्रा के क्रम में, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को पलाना में कार्यक्रम स्थल पर प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लेते हुए दिशा-निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने कार्यक्रम से जुड़ी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की और गर्मी के मौसम के मद्देनजर सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर आमजन के प्रवेश, निकास, बैठक, पेयजल सहित, सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही, मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर भूमि पूजन भी किया। पलाना में फूड पार्क के सामने सभा आयोजित होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 22 मई को बीकानेर आगमन से पूर्व भारतीय जनता पार्टी संभाग स्तरीय तैयारी बैठक आज रिद्धि सिद्धि भवन में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उपस्थित रहे और बीकानेर संभाग के भाजपा सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के बाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ये पहला कार्यक्रम बीकानेर के देशनोक में होने जा रहा है। ये मां करणी का आशीर्वाद है कि करणी मां ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बुलाया है और प्रधानमंत्री बीकानेर में जनसभा को संबोधित करेंगे। भारत के 103 अमृत योजना रेलवे स्टेशनों के लोग वर्चुअली इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि बीकानेर विधानसभा क्षेत्र में सैनिकों की बहुत बड़ी संख्या है। सेना को सम्मान देने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। हमारी देश की सेना ने युद्ध में आतंकियों को मारने का काम किया है। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीकानेर करणी माता का स्थान चुना, ये हमारे लिए गौरव का पल है। अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना में साफ सुथरे रेलवे स्टेशन बने हैं। अमृत योजना में 1309 रेलवे स्टेशनों का चयन हुआ है। इसमें 24 हजार 470 करोड़ की लागत आएगी। आज तक किसी सरकार ने रेलवे को इतना बजट नहीं दिया है। पहले फेज में 103 स्टेशनों का लोकार्पण होगा। हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि इसके लिए बीकानेर देशनोक को चुना गया है।

■ प्रधानमंत्री मोदी अमृत योजना के पहले फेज़ के 103 रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण देशनोक रेलवे स्टेशन से करेंगे। अमृत योजना के लिये 1309 स्टेशनों का चयन हुआ है तथा 24 हजार 420 करोड़ रूपए का बजट प्रस्तावित है।


बैठक में चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, किसान आयोग अध्यक्ष सी आर चौधरी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री निहालचंद मेघवाल, चूरू लोकसभा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझड़िया, गंगानगर लोकसभा प्रत्याशी प्रियंका बलाना, विधायक सिद्धि कुमारी तथा बीकानेर संभाग के कई नेता व पदाधिकारी मौजूद थे।

## 'पाकिस्तान को ऑपरेशन सिंदूर की सूचना किसने दी'

नयी दिल्ली, 17 अप्रैल। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार को बताना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत में पाकिस्तान को सूचना देने का अपराध किसने किया और इसके कारण हमने कितने विमान खोये हैं।

■ लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने यह भी पूछा कि सरकार बताए कि इस कारण से हमने कितने विमान खोए।

गांधी ने कहा कि सबसे बड़ा अपराध है- युद्ध की शुरुआत में पाकिस्तान को सूचना दिया जाना, यह काम किसने किया और इस सूचना को बांटने के लिए कौन अधिकृत था। उन्होंने कहा ,हमारे हमले की शुरुआत में पाकिस्तान को सूचित करना एक अपराध था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भारत सरकार ने ऐसा किया।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को देशनोक स्थित विश्व प्रसिद्ध करणी माता मंदिर के दर्शन किए तथा देश-प्रदेश में खुशहाली और शांति की कामना की। इस दौरान केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर तथा कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी आदि मौजूद रहे।*

## कांग्रेस पार्टी की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

और चूंकि मनीष तिवारी चाटुकारिता नहीं करते तो क्या इसका मतलब है कि एक सक्षम व्यक्ति को नज़रअंदाज़ करके राजा बरार का नाम आगे बढ़ाया जाए?

जयराम रमेश, जो अपना पद बचाने के लिए के. सी. वेणुगोपाल के साथ गठजोड़ कर बैठे हैं, पार्टी में सबसे टॉक्सिक और हानिकारक नेता बन चुके हैं। वे मीडिया को गलत जानकारी दे रहे हैं और ऐसा प्रतीत हो रहा है, मानो यह उनका कोई निजी एजेंडा हो।

क्या उन्हें शशि थरूर जैसे लोगों से खतरा महसूस हो रहा है?

कांग्रेस और राहुल गांधी ने खुद को उलझनों में डाल लिया है, क्योंकि उन्होंने अपने चारों ओर ऐसे गैर-राजनीतिक लोगों को एकत्रित रखा है और वे उन्हीं की सुनते हैं।

पर अब समय आ गया है कि वे खुद राजनीतिक नेतृत्व करें, बजाय इसके कि अयोग्य चाटुकारों के सुझावों पर चलें।

## यू ट्यूबर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ज्योति तीन बार पाकिस्तान की यात्रा कर चुकी है, जिसके कारण भारत की सुरक्षा एजेंसियों की उस पर नज़र थी।

ज्योति सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है। फेसबुक और यूट्ययूब पर उसके तीन लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। पिछले दो-तीन वर्षों से वह 'ट्रैवल विद जो' नाम से यूट्ययूब चैनल चलाती है, जिसमें देश-विदेश की यात्राओं के वीडियो बनाती है। पहले वह गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में काम करती थी, लेकिन कोविड के दौरान उसे नौकरी से हटा दिया गया। इसके बाद वह ब्लॉगर बन गई। ज्योति के वीडियो में पाकिस्तान से जुड़े वीडियो भी हैं। इसके अलावा, ज्योति ने हाल में ही हुए क्रिकेट वर्ल्ड कप के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए मैचों पर दर्शकों की प्रतिक्रिया वाले वीडियो भी बनाकर अपलोड किए थे। इसमें पाकिस्तान से आए हुए लोगों से बातचीत की वीडियो भी है। इसके अलावा ज्योति ने कश्मीर टूर पर भी वीडियो बनाए हुए हैं, जिसमें सेना के लोगों को भी फिल्माया गया है।

## न्यायाधीश बेला त्रिवेदी की सुप्रीम...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में वरिष्ठ अधिवक्ताओं से उनके तीखे टकराव हुए, जो कि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए असामान्य माना जाता है। आलोचकों का कहना है कि उनके कई फैसलों में न केवल न्यायिक संवेदनशीलता की कमी दिखाई दी, बल्कि वे राज्य की कथित रूप से मनगढ़ंत कहानियों के पक्ष में खड़ी दिखीं, खासकर ऐसे मामलों में, जहाँ निर्दोषों के फँसाए जाने और मूलभूत अधिकारों के उल्लंघन के आरोप लगे थे।

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के कई सदस्यों ने आरोप लगाया कि न्यायमूर्ति त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली पीठों ने संवैधानिक मूल्यों को कमजोर किया और मानवाधिकार उल्लंघनों पर आँखें मूंद लीं। गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी के साथ उनके पूर्व कार्य संबंध ने इन आशंकाओं को और हवा दी। यद्यपि भारत के न्यायिक इतिहास में इस प्रकार के संबंध असामान्य नहीं हैं, लेकिन न्यायमूर्ति त्रिवेदी के वरिष्ठ अधिवक्ताओं से बार-बार टकराव और संवेदनशील मामलों में उनके न्यायिक रुख ने व्यापक आलोचना को जन्म दिया।

एससीबीए द्वारा उन्हें औपचारिक विदाई न देने का निर्णय एक प्रतीकात्मक, लेकिन प्रभावशाली विरोध के रूप में देखा जा रहा है, वे मानते है कि जस्टिस त्रिवेदी ने कई बार निष्पक्षता व स्वतंत्रता से भी समझौता किया है। यद्यपि ऐसा कदम दुर्लभ हैं, लेकिन इसने न्यायिक जवाबदेही और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा में बार की भूमिका को लेकर नई बहस को जन्म दिया है।

न्यायमूर्ति त्रिवेदी की विरासत विरोधाभासों से भरी प्रतीत हुई है। जहाँ पीठ की ओर से उन्हें अनुशासन और समर्पण के लिए सराहा गया, वहीं अधिवक्ताओं की खामोशी ने एक अलग तस्वीर पेश की-असंतोष और मोहभंग की। इतिहास उन्हें एक सैद्धांतिक न्यायाधीश के रूप में याद करेगा या एक ऐसी न्यायिक अधिकारी के रूप में, जिसने अपने संवैधानिक कर्तव्यों को पूरा नहीं किया-यह शायद आने वाली पीढ़ियों की व्याख्या पर निर्भर करेगा।

# दिल्ली में भारी आंधी और बारिश

## आंधी बारिश के बाद दिन व रात के तापमान में कमी आई

नयी दिल्ली, 17 मई। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को तेज आंधी के कारण जहां न्यू अशोक नगर में नमो भारत मेट्रो स्टेशन की छत उड़ गयी, वहीं नवी करीम इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत की दीवार गिर गई। इसमें दबने से 4 मजदूरों की मौत हो गई। मौसम विभाग के अनुसार दोपहर 3 बजे तक लगभग 1 मिमी बारिश दर्ज की गई। राजधानी में शनिवार को झुलसाने वाली गर्मी के बीच अपराह्न दो बजे के बाद मौसम ने अचानक करवट ली और तेज आंधी के साथ ही अलग-अलग हिस्सों में बारिश भी हुई। तेज आंधी के दौरान न्यू अशोक नगर में नमो भारत मेट्रो स्टेशन की छत उड़ गयी। स्टेशन की छत तीन ओर से नीचे गिर गयी। इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। सुरक्षा के मद्देनजर ट्रेन का परिचालन कुछ समय के लिए बंद किया गया। राजधानी के कुछ इलाकों बारिश के साथ ओले पड़ने की भी खबर है। मौसम विभाग ने जहां अधिकतम तापमान 41 से 43 डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया था, वहीं न्यूनतम तापामन 24 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान व्यक्त किया गया था।

■ आंधी में न्यू अशोक नगर में मैट्रो स्टेशन की छत उड़ गई और नवी करीम इलाके में निर्माणाधीन इमारत की दीवार गिरने से 4 मजदूरों की मौत हो गई।

राजस्थान में भी तेज गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार, 3-4 दिन और ऐसी ही गर्मी रहेगी। जोधपुर-बीकानेर संभाग में धूलभरी आंधी भी चल सकती है। इधर, उत्तर प्रदेश के नोएडा में तेज हवाओं के कारण पेड़ उखड़ गए। दिल्ली के महारानी बाग, मयूर विहार, गाजियाबाद और नोएडा में बारिश के कारण गर्मी से राहत मिली।

## ट्रंप ने सातवीं बार फिर दावा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वार्ता में व्यापार का जिक्र तक नहीं आया था।

जायसवाल ने कहा, "लम्बे समय से हमारी यह राष्ट्रीय स्थिति रही है कि भारतीय केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से सम्बंधित किसी भी मुद्दे पर विचार -विमर्श भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय रुप में ही होगा। यह घोषित नीति बदली नहीं है। जैसा कि आप जानते हैं कि लम्बित मामला तो पाकिस्तान द्वारा अवैध रुप से कब्जाये गये भारतीय क्षेत्र को खाली कराने का है।" उन्होंने इन प्रश्नों के जवाब नहीं दिये कि ट्रंप के मध्यस्थता एवं व्यापार सम्बंधी धमकी के दावों को लेकर, क्या मंत्रालय ने वॉशिंगठन के साथ नई दिल्ली का विरोध विधिवत रुप से दर्ज करा दिया है? पाकिस्तान ने कहा है कि दक्षिण एशिया के दो न्यूक्लियर हथियार सम्पन्न प्रतिद्वंद्वियों के बीच दशकों बाद हुई इस भीषण लड़ाई, जो पिछले सप्ताह हुई थी, को शांत करने में अमेरिका के अलावा, ब्रिटेन एवं अन्य देशों की प्रमुख भूमिका रही। युद्धविराम कराने के तेजी से किये गये कूटनीतिक प्रयास 10 मई को सफल हुये, लेकिन कूटनीतिज्ञों और विश्लेषकों का कहना है कि युद्धविराम कमजोर स्थिति में है। युद्धविराम हो जाने के बाद ट्रंप ने कहा था कि दोनों देशों के बीच वार्ताएं किसी तीसरे देश में होनी चाहिये, लेकिन वार्ताओं के लिये किन्ही तिथियों या स्थान की घोषणा नहीं की गई है।

## हाई कोर्ट ने पेपर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

और वह गत 9 जनवरी से जेल में बंद है। इसलिए उसे जमानत पर रिहा किया जाए। सरकारी वकील विवेक शर्मा ने इसका विरोध करते हुए कहा कि तुलछाराम ने अपने अन्य सहयोगियों के जरिए पेपर लीक किया और मंजू भामू को पांच लाख रुपए में पेपर दिया तथा कई अन्य अभ्यर्थियों को भी नकल कराई। मंजू ने पेपर खरीद कर आरोपी के सहयोग से ब्ल्यूटूथ के जरिए नकल कर परीक्षा पास की। ऐसे में दोनों आरोपियों की जमानत याचिकाओं को खारिज किया जाए।

## आप के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

राणा, देवेन्द्र कुमार और अन्य शामिल हैं।

उन्होंने कहा, जनता से किये गये वादे को पूरा न कर पाने के कारण हम सभी पार्षद पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं।






राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908